अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 76,905.51
निफ्टी 23,350.40
सोना 91,670
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 23 मार्च 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 356 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 22वां रोज़ा

### पाकीजगी और परहेज करने की सीख देता है रोज़ा

हर मजहब की इबादत का अपना ढंग होता है। इसके अलावा हर मजहब में ऐसी कोई न कोई रात या कुछ खास बातें इबादत के लिए मख्सूस होती हैं, जिनकी अपनी अहमियत होती है। इस्लाम मजहब की इबादत की नींव ला इलाहा इल्ललाह पर मुश्तमिल है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं। ये यकीन और तस्दीक यानी अल्लाह और उसके रसूल को कबूल करना जरूरी है। इसको यों कह सकते हैं कि अल्लाह पर ईमान लाना और रसूलल्लाह के अहकामात मानना ही इस्लाम मजहब की बुनियाद है। माहे रमज़ान को मजहबे-इस्लाम में खास मुकाम हासिल है। पाकीज़गी और परहेजगारी की पाबंदी के साथ रखा गया रोज़ा रोज़ेदार को इबादत की अलग ही लज़्ज़त देता है। दरअसल दोज़ख की आग से निजात का यह अशरा इक्कीसवीं रात से ही शुरू हो जाता है।




### कांग्रेस अधिवेशन को समितियां गठित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात के अहमदाबाद में आठ तथा नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन के लिए स्वागत समिति, आवास समिति, मंच व्यवस्था देखभाल सहित विभिन्न समितियों का गठन किया है, जिसमें कई प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यहां बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस समितियों को मंजूरी है और समितियों के सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा स्वागत समिति का अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख शक्ति सिंह गोहिल को बनाया गया है, जबकि संयोजक का दायित्व अमित चावड़ा को सौंपा गया है। समिति में ऊषा नायडू, सुभाषिनी यादव, भारत सोलंकी सहित 49 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। संयुक्त समिति का अध्यक्ष मुकुल वासनिक को बनाया गया है। समिति में कुल नौ सदस्य शामिल हैं।


### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न अभियानों में आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्वी जिले के एंड्रो थाना क्षेत्र के उचोल माखा लेकाई से आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वह आम जनता से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। एक अन्य अभियान में, सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्वी जिले के पोरोमपट थाना क्षेत्र के पास खुरई चिंगंगबम लेकाई स्थित कम्युनिटी हॉल के पास से पीआरईपीएके के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। वह भी आम जनता से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। एक अलग घटना में, मणिपुर पुलिस ने इम्फाल पश्चिम जिले में तीन सक्रिय कैडरों को उनके आवासों से गिरफ्तार किया।

# आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज







## ओपनिंग सेरेमनी में शाहरुख, कोहली और रिंकू ने किया डांस

**कोलकाता, वार्ता**

**आईपीएल के** 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज हुआ। यहां कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में शनिवार को आयोजित ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, विराट कोहली और रिंकू सिंह ने एक साथ डांस किया।

कोहली ने झूमे जो पठान और रिंकू सिंह ने मैं लुट गया, गाने पर शाहरुख के साथ स्टेप किए। सेरेमनी को बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान ने होस्ट किया।

**■ दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग पर परफॉर्म किया, औजला ने हुसन तेरा तौबा-तौबा गाया**

उन्होंने पठान फिल्म के डायलॉग पार्टी पठान के घर में रखोगे, तो मेहमान नवाजी के लिए पठान तो आएगा और साथ में पटाखे भी लाएगा से शुरुआत की। पहली प्रस्तुति श्रेया घोषाल ने दी। उन्होंने भूल भुलैया फिल्म के गाने मेरे ढोलना सुन पहला गाना गाया। उसके बाद घूमर-घूमर और कर हर मैदान फतह जैसे गाने गए। फिर बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग में डांस किया। पंजाबी सिंगर करण औजला ने महौल पूरा बेवी-बेवी, हुसन तेरा तौबा-तौबा गाया। औजला की प्रस्तुति में दिशा पाटनी ने भी परफार्म किया।श्रेया घोषाल ने ओम शांति ओम फिल्म का देखो ये शाम दिवानी, नगाड़े संग ढोल बाजे और मां तुझे सलाम, वंदे मातरम् जैसे गाने गए। फिर पुष्पा-2 का गाना गाया। सबसे पहले पिछले 17 चैंपियन टीमों के नाम के आए।


### परिसीमन के खिलाफ विपक्षी दल हुए एकजुट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर 25 सालों की रोक लगाने की मांग की गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की अध्यक्षता में संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक चेन्नई में संपन्न हुई। इस बैठक के बाद एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से मांग की गई। बता दें कि निर्वाचन क्षेत्र पुनर्गठन पर चर्चा के लिए संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक शनिवार सुबह 10 बजे गिंडी के एक होटल में शुरू हुई।

## जज के बंगले से मिले कैश का मामला

# सीजेआई का सख्त आदेश : जस्टिस वर्मा को न सौंपें कोई कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने और कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में सीजेआई संजीव खन्ना को एक रिपोर्ट सौंपी**

**■ 97.85 करोड़ के घोटाले में भी आया था जस्टिस वर्मा का नाम**

**■ जस्टिस वर्मा के खिलाफ CBI ने 2018 में भी मामला दर्ज किया था, उस दौरान उनका नाम चीनी मिल बैंक धोखाधड़ी में आया था सामने**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने और कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में सीजेआई संजीव खन्ना को एक रिपोर्ट सौंप दी है। यह पहला मौका नहीं है, जब जस्टिस वर्मा आरोपों को लेकर चर्चा में आए हों। महज पांच साल पहले देश की केंद्रीय एजेंसी द्वारा दर्ज एफआईआर में उनका नाम शामिल किया गया था।

सीजेआई ने दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से जस्टिस वर्मा को कोई भी काम न सौंपने को कहा कि शनिवार शाम सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से जस्टिस वर्मा को कोई भी काम न सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी एक बयान में यह भी कहा गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की तरफ से दी गई रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब समेत सभी डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।जस्टिस वर्मा के खिलाफ देश की केंद्रीय एजेंसी सीबीआई ने 2018 में भी एक मामला दर्ज किया था। उस दौरान उनका नाम चीनी मिल बैंक धोखाधड़ी में सामने आया था, सीबीआई ने 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसमें सिंभावली शुगर मिल्स, उसके निदेशकों और अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें यशवंत वर्मा का नाम 10वें स्थान पर शामिल था। वह उस समय कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे। यह मामला ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) की शिकायत से शुरू हुआ, -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने मणिपुर में राहत शिविरों का किया दौरा

**इम्फाल।** उच्चतम न्यायालय के पांच सदस्यीय न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मणिपुर में विभिन्न राहत शिविरों का दौरा किया, जहां विस्थापित लोग ठहरे हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर भी कानूनी और मानवीय सहायता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे, जिनमें से कुछ वर्चुअल होंगे।



मणिपुर उच्च न्यायालय का 12वां स्थापना दिवस समारोह भी रविवार को आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण 'एनएलएसए' के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति गवई ने सावोमबंग, इम्फाल पूर्व में कानूनी और चिकित्सा शिविरों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके अलावा, इम्फाल पश्चिम और उखरुल जिलों में नए विधिक सहायता केंद्र भी खोले गए। लगभग 25 डाक्टरों की एक टीम चिकित्सा शिविर भी लगाएगी। न्यायाधीशों ने मुख्य सचिव पीके सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह के साथ चुराचांदपुर का दौरा किया और डीसी कार्यालय में बैठक की। न्यायाधीशों ने विस्थापित व्यक्तियों के साथ बातचीत की और आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) को राहत सामग्री वितरित की गई।

# भाजपा नेता ने परिवार को गोलियों से भूना, तीन बच्चों की मौत

## पत्नी की हालत नाजुक, आरोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ मानसिक रूप से बीमार चल रहा था आरोपी**

**■ आरोपी योगेश रोहिला सहारनपुर भाजपा जिला कार्यकारिणी का है सदस्य**

**सहारनपुर।** उप्र के सहारनपुर में एक भाजपा नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। इस घटना में दो बच्चों देवांश (6वर्ष) और बेटी श्रद्धा (11वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे बच्चे शिवांश (चार वर्ष) की मौत अस्पताल में हुई है। वहीं भाजपा नेता की पत्नी नेहा (31)गंभीर रूप से घायल है। उन्हें बड़े अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों द्वारा मृत घोषित करने के बाद पुलिस ने तीनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। वहीं पुलिस की निगरानी में भाजपा नेता की पत्नी का इलाज कराया जा रहा है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भाजपा नेता की पहचान सहारनपुर जिला कार्यकारिणी के सदस्य योगेश रोहिला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह काफी समय से मानसिक तौर पर बीमार चल रहे थे। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इस वारदात की कोई ठोस वजह नहीं बताई गई है। पुलिस के मुताबिक सहारनपुर के गंगोह इलाके के सांगाथेड़ा गांव में रहने वाले भाजपा नेता द्वारा इस वारदात की सूचना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एसपी ग्रामीण फॉरेंसिक टीम व थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद खुद योगेश रोहिला ने ही पास-पड़ोस को घटना की जानकारी दी। बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी और तीनों बच्चों को गोली मार दी है। यह सुनकर पड़ोसी भी हैरान रह गए और मौके पर जाकर हालात देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भाजपा नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अभी तक इतनी बड़ी वारदात की कोई ठोस कारण सामने नहीं आई है।

### बहू ने की ससुर की बल्ले से पीट-पीटकर हत्या

**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सेवानिवृत्त लिपिक पाती सिंह (63) डी ब्लॉक गली नंबर सात गोविंदपुरम निवासी शुक्रवार की रात जैसे ही स्कूटी लेकर मकान में घुसे, तो उनकी बहू आरती ने क्रिकेट बल्ला उनके सिर में दे मारा। बल्ला लगने से वह लहूलुहान हो गए और गेट खोलकर बाहर की ओर भागने लगे। बहू ने ससुर की शर्ट पकड़ी और कमरे में खींचकर ले गई और बाहर आकर क्रिकेट बल्ला उठाकर ले गई। कमरे का दरवाजा बंद करके ससुर के सिर और मुंह पर पांच वार कर हत्या कर दी। उसके बाद कमरे से बाहर फर्श, दीवार और बल्ले पर लगा खून साफ किया और नहाकर बच्चों के लिए खाना बनाया और साथ खाया। पुलिस ने हत्यारोपी बहू आरती (25) पत्नी स्व. जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद कर लिया है।

# नागपुर हिंसा में घायल एक युवक की मौत

## 40 साल का इरफान अंसारी इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में था भर्ती

**मुंबई, वार्ता**

**औरंगजेब की** कब्र हटाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शन के बाद 17 मार्च को नागपुर में हिंसा हुई थी। नागपुर हिंसा में घायल 40 साल के इरफान अंसारी की शनिवार दोपहर 1:20 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 17 मार्च से इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे। वेल्डर अंसारी सोमवार रात करीब 11 बजे नागपुर रेलवे स्टेशन से इटारसी के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए घर से निकले थे। हिंसा से प्रभावित इलाकों में से एक नागपुर रेलवे स्टेशन भी है।

घटना के पांचवें दिन शनिवार को सीएम देवेंद्र फडनवीस ने नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी, तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा। पीड़ितों को जल्द ही नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन्होंने पुलिस पर हमला किया, उनके खिलाफ कठोर से कठोर धाराएं लगाई जाएंगी। उन्होंने विपक्ष के आरोप पर कहा कि हिंसा इंटेलिजेंस फेल्योर या राजनीतिक साजिश नहीं थी। लेडी कॉन्स्टेबल के साथ छेड़छाड़ की खबर सच नहीं है। उन पर पत्थर जरूर फेंके गए थे। फडनवीस ने बताया कि यह कहना जल्दबाजी होगा कि हिंसा में कोई विदेशी या बांग्लादेशी एंगल था। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल नागपुर दौरे पर आया था, उसमें एक सदस्य अकोला हिंसा में आरोपी है। उन्होंने बताया कि हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर दौरा प्रभावित नहीं होगा।

**■ सीएम फडनवीस बोले- नुकसान की भरपाई दंगाइयों से होगी, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाएंगे**

### विनोद कुमार शुक्ला को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** हिन्दी के प्रसिद्ध कवि एवं प्रख्यात कथाकार विनोद कुमार शुक्ला को 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की शनिवार को घोषणा की गई। चर्चित उपन्यास 'नौकर की कमीज' और काव्यसंग्रह 'वह आदमी चला गया गरम कोट पहनकर विचार की तरह' के लेखक 88 वर्षीय श्री शुक्ला को यह पुरस्कार उनके आजीवन लेखन के लिए दिया जा रहा है । ज्ञानपीठ चयन समिति की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि श्री शुक्ला को इस पुरस्कार के अंतर्गत 11 लाख रुपये की नकद राशि, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र तथा वाग्देवी की प्रतिमा प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ के रायपुर में कृषि कॉलेज से सेवानिवृत्त श्री शुक्ला को उनके दूसरे उपन्यास 'दीवार में खिड़की रहा करती थी' के लिए 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह साहित्य अकादमी के शोधकर्ता भी हैं। श्री शुक्ला ने सातवें दशक में अपना लेखन शुरू किया था और अपने पहले कविता संग्रह 'वह आदमी चला गया गरम कोट पहनकर विचार की तरह' से हिंदी में चर्चित हुए थे।

# सैन्य सहयोग का दायरा बढ़ाएंगे भारत और इटली

**■ भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह की रोम में हुई 13वीं बैठक में गहन विचार-विमर्श किया**

**नई दिल्ली।** भारत और इटली ने सैन्य सहयोग का दायरा बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए गहन विचार विमर्श किया है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह की रोम में शुक्रवार को 13वीं बैठक संपन्न हुई। दो दिन की इस बैठक की सह-अध्यक्षता एकीकृत रक्षा स्टाफ (मुख्यालय आईडीएस) के उप सहायक एकीकृत रक्षा स्टाफ आईडीसी (ए) और इटली के रक्षा जनरल स्टाफ के सामरिक और सैन्य सहयोग प्रभाग के उप प्रमुख ने की। दोनों पक्षों के बीच यह चर्चा द्विपक्षीय सैन्य केंद्रित सहयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। बैठक में रक्षा संबंधों की समीक्षा के साथ-साथ प्रगति का आकलन किया गया ।

## सरकार के तीन साल पूरे होने पर सीएम धामी का ऐलान

# भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर जारी रहेगा प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर हुंकार भरते हुए अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर प्रहार जारी रखने का ऐलान किया है।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान अनेक चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उनका जनता के बीच खड़े होकर सामना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन के अनुसार ही उत्तराखंड प्रगति कर रहा है। निश्चित तौर पर यह दशक उत्तराखंड का होगा। तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने शनिवार को सीएम आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया और भविष्य के लिए अपनी प्राथमिकताओं को भी साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि भाजपा की सरकार वापसी नहीं कर पाएगी, क्योंकि इस तरह की परिपाटी नहीं रही है, मगर जनता -शेष पृष्ठ दो पर



### भाजपा के आठ साल का कार्यकाल निराशाजनक: कांग्रेस यूसीसी से सनातन संस्कृति पर हमला किया जा रहा: हरीश

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के तीन साल पूरे होने पर मनाए जा रहे जश्न पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। शनिवार को राजीव भवन देहरादून में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार के आठ साल के कार्यकाल को निराशाजनक बताया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में पलायन बढ़ गया है, यूसीसी से सनातन संस्कृति पर हमला किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार बजट खर्च करने में विफल रही है। समाज कल्याण विभाग का मात्र 8 फीसदी बजट ही खर्च हो सका है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि रामराज्य में खुली लूट हो रही है, एक प्रदेश में दो-दो कानून बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मूल निवास और भू-कानून को लेकर सरकार की नीति सही नहीं है।



# पश्चिमी यूपी में अचानक बदला मौसम

## बादल छाने के साथ ही गरज-चमक के बीच हल्की बारिश भी हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत और बुलंदशहर समेत कई जिलों में हल्की बारिश और तेज हवाओं का चला दौर**

**लखनऊ।** यूपी में राजधानी लखनऊ समेत आसपास के जिलों में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादल छाने के साथ ही गरज-चमक के बीच हल्की बारिश भी हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

तेज हवाओं ने उमस से परेशान लोगों को ठंडी फिजाओं का अहसास कराया। हालांकि, मौसम विज्ञानियों के मुताबिक यह राहत अल्पकालिक है। रविवार से पूरे प्रदेश में मौसम सामान्य हो जाएगा और तापमान में लगातार वृद्धि शुरू हो जाएगी। शनिवार को लखनऊ समेत पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत और बुलंदशहर समेत कई जिलों में हल्की बारिश और तेज हवाओं का दौर चला। लखनऊ में भी सुबह से ही बादल छाए रहे और दोपहर होते-होते हल्की बारिश हुई है। 20-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं पछुआ हवाओं ने दिन का तापमान करीब 3 डिग्री तक गिरा दिया, जिससे लोगों को राहत महसूस हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिण-पश्चिमी हवाओं की वजह से हुआ है। हालांकि, यह बदलाव ज्यादा समय तक टिकेगा नहीं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार रविवार से प्रदेश में मौसम दोबारा सामान्य हो जाएगा और अगले 2-3 दिनों में तापमान में क्रमिक वृद्धि होने लगेगी। अधिकतम तापमान अगले सप्ताह के अंत तक 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। बताया कि ष्पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम में अस्थाई परिवर्तन हुआ। अब हवाएं उत्तर-पश्चिमी दिशा से चलने लगेंगी, जिससे मौसम साफ हो जाएगा और तापमान में वृद्धि होगी। अगले सप्ताह गर्मी अपने तेवर दिखा सकती है।

शनिवार को मौसम में हुए इस परिवर्तन ने किसानों और आमजन को थोड़ी राहत जरूर दी है, लेकिन अगले कुछ दिनों में गर्मी की वापसी तय मानी जा रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस समय हवाओं का रुख बदलने और तेज धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले सप्ताह के अंत तक प्रदेश के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# यूपी 13 फीसदी वस्त्र उत्पादन के साथ देश में तीसरे स्थान पर: योगी

लखनऊ, वार्ता

राजधानी लखनऊ में शनिवार को पीएम मित्र पार्क इन्वेस्टर्स मीट में सीएम योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान समेत कई व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में उद्यमियों और मंत्री ने अपनी-अपनी बातें रखीं। यूपी में इन्वेस्ट करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करने का मिशन बनाया है। सीएम रहने उन्होंने गुजरात को टेक्सटाइल हब बनाया। अब इस विजन को देश में सात पार्क स्थापित करके बढ़ाया। यूपी देश का एकमात्र राज्य है जहां पार्क राजधानी में स्थित है। आसपास के राज्यों की आबादी भी यूपी पर निर्भर है। तीन बेसिक जरूरतों में वस्त्र भी है। यहां एक ही स्थान पर डिजाइन, सिलाई और कटाई का काम होता है। प्रदेश में आठ वर्ष में सकारात्मक माहौल तैयार किया। 33 सेक्टोरल पॉलिसी वाला यूपी देश का पहला राज्य है। निवेश मित्र के माध्यम से 500 से



ज्यादा क्लीयरेंस दिए गए। एमओयू की मॉनिटरिंग के लिए निवेश सारथी है। मैं खुद मॉनिटरिंग करता हूं कि एमओयू के बाद क्या समस्या आ रही है? उसे दूर करने पर मंथन करता हूं। सीएम ने कहा कि इंसेंटिव वितरण प्रक्रिया डीबीटी के माध्यम से करते हैं। निवेशक को मंच पर बुलाकर सम्मानित करते हैं। ताकि, ये पता चले हम धरातल पर काम कर रहे हैं। जो कहा वो करके दिखाया। यूपी टेक्सटाइल के बेहतरीन हब के रूप में स्थापित हो सकता है। इसमें आश्चर्य की बात नहीं है। प्राचीन नगरी काशी और अयोध्या केवल आध्यात्मिक चिंतन का आधार नहीं थी। बल्कि, समृद्धि को भी नई ऊंचाई दी। वहां टेक्सटाइल की संभावनाएं अनंत काल से थी। वाराणसी में साड़ी, सिल्क क्लस्टर, कार्पेट के लिए वाराणसी, भदोही और मिर्जापुर का नाम आता है। अयोध्या के पास अम्बेडकरनगर वस्त्र का गढ़ बना। गोरखपुर के पास संत कबीरनगर, आजमगढ़, मऊ, लखनऊ में टेक्सटाइल का गढ़ है। पश्चिम में मेरठ और पिलखुआ भी हैं।

## यूपी के 94 प्रतिशत लोग देते हैं रिश्वत

**नई दिल्ली।** जीडीबी सर्वेक्षण को डेटा एनालिटिक्स फर्म हाऊ इंडिया लाइव के सहयोग से किया गया है। इसमें 21 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में 9188 लोगों से 30 अहम सवाल पूछे गए, जिनमें नागरिक नियमों के पालन, सुरक्षा की भावना, लिंग आधारित भूमिकाएं और जाति या धार्मिक भेदभाव से जुड़े सवाल शामिल थे। आपको बता दें कि नागरिक व्यवहार के मामले में यूपी 22 में से 18वें स्थान पर आता है। सर्वेक्षण में नागरिक व्यवहार, भ्रष्टाचार, बिजली चोरी और सफाई जैसे पहलुओं पर राज्यों की रैंकिंग की गई। इस सर्वेक्षण में केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सबसे आगे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात सबसे पीछे हैं। बिजली मीटर से छेड़छाड़ करना, बिना टिकट यात्रा करना या किसी सरकारी अधिकारी को काम करवाने के लिए रिश्वत देना सही है? इंडिया टुडे ग्रास डोमेस्टिक बिहेवियर सर्वे के पहले संस्करण में यही दिलचस्प नतीजे सामने आए हैं, जहां राज्यों की आर्थिक प्रगति को मापने के लिए कई इंडेक्स मौजूद हैं, वहीं जीडीबी सर्वेक्षण ने पहली बार यह मापा है कि कौन से राज्य सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक नियमों के पालन में कहां खड़े हैं। इस सर्वे के तहत नागरिक व्यवहार, सार्वजनिक सुरक्षा, लैंगिक दृष्टिकोण और विविधता/भेदभाव जैसे चार महत्वपूर्ण पहलुओं पर राज्यों को रैंक किया गया। सर्वे में गंदगी फैलाने, रिश्वतखोरी, बिजली मीटर से छेड़छाड़, दुर्घटनाओं पर प्रतिक्रिया और बिना टिकट यात्रा से जुड़े सवाल शामिल थे। जीडीबी सर्वेक्षण में 85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बिना टिकट यात्रा को गलत बताया। हालांकि, इसमें क्षेत्रीय अंतर दिखा। दिल्ली के 99 प्रतिशत लोगों ने इसे गलत माना, जबकि पंजाब में सिर्फ 46 प्रतिशत लोगों को इससे कोई समस्या नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दोहरे हत्याकांड के दो अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक फरार

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए द्वारा हत्याकांड में शामिल दो अपराधियों को बीती रात पुलिस ने हल्के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 23 मार्च को जनपद में विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में थाना खानपुर पुलिस मय टीम क्षेत्र मे भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि डबल मर्डर मे शामिल आरोपी रामपुर क्रासिंग की तरफ से आ रहं हैं। प्राप्त सूचना पर थाना खानपुर पुलिस द्वारा रामपुर क्रालसग पर मय टीम चेकिंग की जा रही थी। तभी अनौनी की तरफ से मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति बैठे हुए चले आ रहे थे। जब उन्हें रोकने का इशारा किया गया तो बदमाशों द्वारा मोटरसाइकिल पुलिस घेर्स के ऊपर चढ़ाने का प्रयास करते हुए सैदपुर की तरफ भागने लगे।

### इटावा में ट्रक चालक की गोलीमार कर हत्या

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के जसवंतनगर इलाके के नगला रामफल में एक ट्रक चालक की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई है। जसवंतनगर के पुलिस उपाधीक्षक नागेंद्र चौबे ने शनिवार को यह जानकारी दी। चौबे ने बताया कि बीती रात जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला रामफल सराय भूपत रोड पर खड़े एक ट्रक के अंदर ट्रक चालक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिवार को इसकी सूचना दे दी गई थी। हत्या में कौन लोग शामिल है उसके लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है। जल्दी मामले का खुलासा किया जाएगा। घटना स्थल से खोखा कारतूस भी पुलिस को बरामद हुआ है। क्षेत्रीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक ट्रक चालक की पहचान मुन्नालाल पुत्र शिशुपाल सिंह निवासी सलेमपुर थाना कुर्रा करहल मैनपुरी के रूप में हुई। मृतक गिट्टी लाद कर शिको. हाबाद जा रहा था।

## भ्रष्टाचारी आईएएस अभिषेक की अकूत संपत्ति का पता चला

# ब्रह्मोस फैक्ट्री के नाम पर 20 करोड़ का घोटाला

वीरेश तरार

**लखनऊ ।** प्रदेश के निलम्बित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश के विरुद्ध जारी जांच में उसके पास बेहिसाब सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। उसके पास विभिन्न स्थानों पर सात सौ बीघा जमीन लखनऊ शहर में कई बंगले ,गाड़ियां व अन्य सम्पत्ति का खुलासा लगातार हो रहा है। विभाग उसे निलम्बित करके उसके विरुद्ध जाच करायी जा रही है।

अभिषेक पर सोलर इंडस्ट्री प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए बिजनेसमैन से 5 फीसदी कमीशन मांगने का आरोप है। कमीशन न मिलने पर प्रोजेक्ट की फाइल रोक दी। अभिषेक ने निकांत जैन के जरिए बिजनेसमैन से कमीशन की डिमांड की थी। बिजनेसमैन विश्वजीत दत्ता ने इसकी शिकायत सीएम योगी से की। सीएम ने मामले की एसटीएफ से जांच कराई थी। इसके बाद एक्शन लिया। सूत्रों के मुताबिक, आईएएस अभिषेक जहां भी तैनात रहे, वहां पर उन्होंने प्रॉपर्टी बनाई। लखीमपुर और बरेली में 700 बीघा जमीन खरीदी।



**बिजनेसमैन विश्वजीत दत्ता ने इसकी शिकायत सीएम योगी से की सीएम ने मामले की एसटीएफ से जांच कराई थी, इसके बाद एक्शन लिया**

**भ्रष्टाचार को लेकर सनसनीखेज खुलासे, सात सौ बीघा जमीन, लखनऊ में ही कई बंगले**

लखनऊ में कई बंगले बनवाए। उन पर ब्रह्मोस मिसाइल फैक्ट्री के नाम पर 20 करोड़ के घोटाले का आरोप भी लगा है। अभिषेक औद्योगिक विकास विभाग के सचिव और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ थे। एक्शन के बाद से अंडरग्राउंड हो गए हैं। उनके करीबी बाबू निकांत जैन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अभिषेक प्रकाश 31 अक्टूबर 2019 से 7 जून 2022 तक लखनऊ के जिलाधिकारी रहे। इसके अलावा, 23 अक्टूबर 2020 से 25 जुलाई 2021 तक उन्होंने एलडीए के वीसी की जिम्मेदारी भी संभाली।

### भूमिका पाई गई संदिध

डिफेंस कॉरिडोर जमीन घोटाले में नियमों को ताक पर रखकर खेल लखनऊ के भटगांव में डिफेंस कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत जमीन के मामले में भी तत्कालीन डीएम अभिषेक प्रकाश की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। भू-अधिग्रहण समिति के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने तहसील प्रशासन के साथ मिलकर जमीनों की दरें मनमाने तरीके से तय की। 1984 में एससी वर्ग के लिए आवंटित जमीन को गलत तरीके से विक्रय योग्य बनाया। भूमि खरीद-फरोख्त में दलालों और अधिकारियों की मिलीभगत से 20 करोड़ का मुआवजा उठाया गया। शासन को दी गई जांच रिपोर्ट में तत्कालीन डीएम को जिम्मेदार ठहराया गया है। एलडीए वीसी रहते हुए धांधली लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहते हुए अभिषेक प्रकाश पर कई बिल्डरों को फायदा पहुंचाने और मनमाने तरीके से सीलिंग व लाइसेंस जारी करने के आरोप लगे। सूत्रों के मुताबिक, वीसी रहते उन्होंने कई अवैध निर्माण गिरवाए, लेकिन अपने करीबी बिल्डरों को लाभ पहुंचाया। आशियाना समेत कई इलाकों में मनपसंद बिल्डर्स को लाइसेंस जारी किए। एलडीए अधिकारियों से मिलीभगत कर बिल्डरों की फाइलें लटकाने के भी आरोप हैं।

### इस तरह किया भ्रष्टाचार

अभिषेक प्रकाश अलीगढ़, लखीमपुर खीरी और हमीरपुर में डीएम रहे चुके हैं। उनके खिलाफ अलीगढ़ में जमीन खरीद-बिक्री में धांधली की शिकायतें थीं। लखीमपुर में सरकारी टेंडरों में हेरफेर और हमीरपुर में खनन माफियाओं से साठगांठ के आरोप लगे थे। लखनऊ में डीएम रहते हुए कई बेशकीमती संपत्तियां जुटाईं। अंसल में एक घर, आशियाना में कोठी और एक सोसाइटी में विला होने की बात सामने आई है। बिचौलिए निकांत जैन और लकी जाफरी से करीबी संबंध थे, जो आईएएस अधिकारियों के लिए लाइजनिंग करता था। निकांत और जाफरी ने कई बार महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की फाइलों को क्लियर कराने के लिए कमीशन डील कराई। दो जिलों में डीएम रहते 700 बीघा जमीन खरीदने के आरोप अभिषेक प्रकाश पर लखीमपुर खीरी और बरेली में 700 बीघा जमीन अपने परिवार के नाम खरीदने के भी आरोप हैं। यह जमीन आईएएस अभिज़ेक ने अपने परिजन (माता, पिता व भाई के अलावा कुछ फर्जी कंपनियां बनाकर) के नाम खरीदी हैं। इसी तरह बरेली में 400 बीघा जमीन खरीदने का भी आरोप है। दोनों जगहों पर स्टांप ड्यूटी में चोरी के भी आरोप हैं। डीओपीटी ने यूपी सरकार को इस पूरे मामले की जांच के लिए लिखा था।

# मोदी का मेक इन इंडिया केवल प्रचार का माध्यम: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' को महज प्रचार का एक बेहतर माध्यम बताते हुए कहा है कि एक दशक पहले सत्ता में आने के लिए श्री मोदी ने जो लुभावने वादे किए थे उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ है।

श्री खरगे ने कहा कि मोदी सरकार का 'मेक इन इंडिया' डिलीवरी देने के बजाय प्रचार को महत्व देने का एक बेहतरीन उदाहरण है। वर्ष 2014 के अपने घोषणापत्र में भाजपा ने भारत को 'वैश्विक विनिर्माण केंद्र' बनाने के लिए 10 वादे किए थे, जिनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार और जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी में भारी गिरावट के साथ स्थिति और भी खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र-पीएसयू बेचे जा रहे हैं। एमएसएमई पीड़ित हैं। नौकरशाही की बाधाएं दिन-प्रतिदिन की दिनचर्या बन गई हैं। भारतीय उद्यमी भारत को प्राथमिकता देने के बजाय विदेश जा रहे हैं और वहां कंपनियां स्थापित कर रहे हैं। निर्यात में गिरावट जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से



**पीएम ने जो वादे किए थे, एक भी पूरा नहीं**

सवाल पूछा और कहा, ह्क्या मोदी सरकार ने 1.97 लाख करोड़ रुपये की बहुप्रचारित पीएलआई योजना के चरण एक को बंद कर दिया है, जबकि 14 में से 12 पहचाने गए क्षेत्र विफल हो गए हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत के कुल निर्यात में वस्तुओं की हिस्सेदारी कम से कम 50 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर क्यों आ गई है और एक तथ्य यह है कि कांग्रेस-यूपीए के कार्यकाल में भारतीय इतिहास में यह सबसे तेजी से बढ़ा है। शायद, मोदी जी को अब एहसास हो गया होगा कि असली आत्मनिर्भर भारत कांग्रेस के कार्यकाल में ही था।

# मुस्लिम भाइयों को आंख दिखाने वाले को छोड़ेंगे नहीं: अजित पवार

मुंबई, वार्ता

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा है कि अगर कोई मुस्लिम समुदाय को आंख दिखाएगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उसे छोड़ेंगे नहीं, फिर चाहे कोई भी हो। अजित पवार ने अपनी पार्टी एनसीपी की तरफ से रोजा इफ्तार का आयोजन किया था। इस दौरान उन्होंने मुस्लिमों को भरोसा दिलाया कि जो भी दो समूहों के बीच संघर्ष भड़काकर कानून व्यवस्था को बाधित करेगा और कानून को अपने हाथ में लेने की को. शिश करेगा, उसे किसी भी हालत में बख्शा या माफ नहीं किया जाएगा।

अजित पवार ने ये भी कहा कि रमजान सिर्फ एक धर्म तक सीमित नहीं है। यह हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। जरूरतमंदों की पीड़ा को समझने की प्रेरणा देता है। बता दें कि एनसीपी अजित पवार गुट की तरफ से मुंबई के इस्लाम जिम खाना में मुसलमानों के पाक माह रमजान पर इफ्तारी का आयोजन हुआ। इस मौके पर अजित



**रमजान सिर्फ एक धर्म तक सीमित नहीं: एनसीपी**

पवार, प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे , छगन भुजबल, सना मलिक, नवाब मलिक सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।अजित पवार का ये बयान उस समयआया है, जब महाराष्ट्र में माहौल गरमाया हुआ है। नागपुर शहर में हुई हिंसा मामले में शुक्रवार को 14 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। अब तक इस मामले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या 105 हो गई है। मामले में 10 किशोर भी हिरासत में लिए गए हैं, 3 नई एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।

# अमृतसर में हिमाचल की बसों में तोड़फोड़, लिखे खालिस्तानी नारे

अमृतसर, वार्ता

पंजाब के अमृतसर में शनिवार की सुबह उपद्रवी तत्वों ने अमृतसर बस अड्डे पर हिमाचल प्रदेश की तीन बसों के शीशे तोड़ दिए और उन पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लिखे। रामबाग थाने के प्रभारी पुलिस निरीक्षक बलजिंदर सिंह ने बताया कि घटना के बारे में पता चलते ही पुलिस बल बस अड्डा पर पहुंची। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान करने के लिए बस अड्डा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

हिमाचल प्रदेश के सुजानपुर से आई बस के चालक रमेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की आधी रात को वह हिमाचल डिपो की बस लेकर अमृतसर बस अड्डे पर पहुंचे। सवारियों को उतारने के बाद उन्होंने बस को सुरक्षित स्थान पर बस अड्डे के अंदर ही पार्क कर दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद हिमाचल प्रदेश के ही एक अन्य बस चालक ने उन्हें फोन पर बताया कि हिमाचल प्रदेश की तीन बसों के शीशे तोड़ दिए गए हैं और उन पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखे हुए हैं। इसके बाद जब वह अपनी बस के पास




**कुछ दिन पहले भिंडरा वाला के पोस्टर लगाकर बाइकों से पहुंचे थे पंजाब के युवा**

पहुंचे तो उनकी बस के शीशे भी टूटे मिले। बस की चारों तरफ खाली स्थान जिंदाबाद के नारे लिखे हुए थे।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले हिमाचल प्रदेश पहुंचे कुछ लोगों ने अपनी मोटरसाइकिल और वाहनों पर भिंडरांवाले के पोस्टर लगाए हुए थे। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद से पंजाब में बसों की तोड़फोड़ करने घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे पहले 18 मार्च को राज्य में मोहाली के कस्बा खरड़ के फ्लाईओवर पर भी हिमाचल प्रदेश की यात्रियों से भरी बस पर भिंडरावाले के दो समर्थकों ने हमला कर बस के शीशे तोड़ दिए थे। पुलिस ने इस हमले शामिल दोनों हमलावरों को काबू कर लिया था, जिनकी पहचान गगनदीप सिंह निवासी फाजिल्का और हरदीप सिंह निवासी रोपड़ हाल वासी बल्लोमाजरा के रूप में हुई है। दोनों हमलावर ऑल्टो कार में सवार होकर आए थे। पुलिस ने उनके कब्जे से उस ऑल्टो कार को भी बरामद कर ली है।

### अनंतनाग में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने हाल ही में हुई एक हत्या को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इससे कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देने की कोशिश करने के आरोप में श्रीनगर में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया था। अनंतनाग थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने कहा कि अनंतनाग पुलिस ने कोकरनाग में हाल ही में हुई एक दुखद घटना को सांप्रदायिक रंग देने की को. शिश करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अनंतनाग थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस ने कहा कि आधारहीन बयान फैलाने और सांप्रदायिक विद्वेष को भड़काने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सीजेआई का...**

जिसमें चीनी मिल पर फर्जी कर्ज योजना के जरिये बैंक को धोखा देने का आरोप लगाया गया था। बैंक ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपये के कर्ज का दुरुपयोग किया और धनराशि का उपयोग अन्य मकसद के लए किया। मई, 2015 तक इस घोटाले को संभावित धोखाधड़ी मानते हुए आरबीआई को रिपोर्ट कर दिया गया था। हालांकि जांच धीमी होती चली गई और कोई ठोस कदम केंद्रीय एजेंसी द्वारा नहीं उठाया गया। दिसम्बर, 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को रुकी हुई जांच फिर से शुरू करने का आदेश दिया। हालांकि इससे पहले कि बात आगे बढ़ पाती, सुप्रीम कोर्ट ने मार्च, 2024 में निर्देश को पलट दिया। इससे सीबीआई की शुरुआती जांच (पीई) को तत्काल बंद कर दिया गया। इससे सिंभावली शुगर्स और उसके निदेशकों से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं की किसी भी जांच को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया गया। सात साल पुराने मामले के तथ्यों के मुताबिक बैंक की शिकायत के अनुसार, जनवरी से मार्च 2012 के बीच, ओबीसी की हापुड़ शाखा ने 5,762 किसानों को खाद और बीज खरीदने में मदद करने के लिए 148.59 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे। समझौते के तहत, किसानों के व्यक्तिगत खातों में वितरित किए जाने से पहले धनराशि को एस्क्रो खाते में स्थानांतरित किया जाना था। सिंभावली शुगर मिल्स ने कर्ज चुकाने और किसानों द्वारा किसी भी चूक या पहचान धोखाधड़ी को कवर करने की गारंटी दी थी। हालिया मामले में रिपोर्ट मिलने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम उसकी पड़ताल करेगा और फिर इस मामले में आगे कदम बढ़ा सकता है।

दरअसल, 14 मार्च को होली की रात करीब 11:35 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद दमकल कर्मी आग बुझाने पहुंचे थे। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान वहां कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी। सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आंतरिक जांच शुरू की है और उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भी है, जो दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की ओर से ही दिया गया है। सर्वोच्च अदालत के मुता. बिक सूचना प्राप्त होने पर न्यायमूर्ति उपाध्याय ने साक्ष्य और सूचना एकत्रित करने के लिए आंतरिक जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। न्यायमूर्ति उपाध्याय ने 20 मार्च को कॉलेजियम की बैठक से पहले ही जांच शुरू कर दी थी। साथ ही आधिकारिक बयान में साफ किया गया कि न्यायमूर्ति वर्मा के तबादले के प्रस्ताव की पड़ताल 20 मार्च को प्रधान न्यायाधीश और चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने की थी और उसके बाद न्यायमूर्ति वर्मा के अलावा संबंधित हाईकोर्ट (दिल्ली-इलाहाबाद) के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र भेजे गए थे। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि प्राप्त प्रतिक्रियाओं की पड़ताल की जाएगी और उसके बाद कॉलेजियम एक प्रस्ताव पारित करेगा। अब जबकि हाईकोर्ट रिपोर्ट सीजेआई को सौंप चुका है, तो यह माना जा रहा है कि सोमवार के दिन इस पर सर्वोच्च अदालत का कॉलेजियम विचार कर प्रस्ताव जारी कर सकता है। देखना ये है कि सर्वोच्च अदालत 2018 के मामले की तरह इस बार न्यायमूर्ति वर्मा के पक्ष में रहता है या फिर उनके खिलाफ प्रस्ताव पारित करता है

**भ्रष्टाचार, अतिक्रमण...**

ने भाजपा को आशीर्वाद देकर फिर से राज सौंप दिया। रैणी, सिल्क्यारा, केदार घाटी से लेकर हालिया माणा की आपदा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संकट के समय पीछे रहकर काम नहीं किया जाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 में जिस विकसित भारत का संकल्प लिया है, उसमें अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्तराखंड पूरी सामर्थ्य से काम कर रहा है। यूसीसी, भू-कानून, नकल विरोधी जैसे कानूनों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महत्वपूर्ण मसलों को ठंडे बस्ते में डालने में यकीन नहीं करती। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए 30 फीसदी आरक्षण समेत लखपति दीदी जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन से मातृ शक्ति के कल्याण के लिए ठोस कदम आगे बढ़ाए गए हैं। आंदोलनकारियों के लिए दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रवासी उत्तराखंडियों के सम्मेलन के माध्यम से प्रवासियों को राज्य के साथ जोड़ा गया।। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में राज्य का पूरे देश में 13 वां स्थान पर आना सुखद संकेत है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो या जी-20 बैठकों का आयोजन उत्तराखंड को इन आयोजनों से दूरगामी लाभ मिला है। सतत विकास लक्ष्यों के इंडेक्स में देश में पहला स्थान महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा है। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष में राज्य का सालाना बजट एक लाख करोड़ को पार कर जाना बताता है कि चुनौतियों के बावजूद हम सही राह पर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2027 में कुंभ और इसके बाद नंदा राजजात का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार इसके लिए तैयारी कर रही है। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से जुड़ी सफलता की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने चारधाम यात्रा, शीतकालीन यात्रा समेत राज्य के कई स्थानों पर पहुंचकर पर्यटन विकास में अभूतपूर्व योगदान किया। इस अवसर पर विधायक खजान दास, महंत दिलीप रावत, राजकुमार पोरी और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

### पोक्सो व त्वरित न्यायालयों में तीन लाख से अधिक मामलों में निपटारा

**नई दिल्ली।** बच्चों को यौन शोषण और यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए देश में 404 पोक्सो अदालतों सहित 754 त्वरित अदालतें कर रही हैं, जिन्होंने तीन लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। न्याय विभाग दुष्कर्म और पोक्सो से संबंधित मामलों की त्वरित सुनवाई और निपटान के लिए विशेष पोक्सो अदालतों सहित त्वरित विशेष न्यायालयों (एफटीएससी) की स्थापना की योजना लागू कर रहा है। उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जनवरी 2025 तक, 30 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में 404 विशेष पोक्सो अदालतों सहित 754 त्वरित न्यायालय कार्यरत हैं, जिन्होंने 3,06,000 से अधिक मामलों का निपटारा किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दिल्ली बना नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाला 28वां राज्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय (और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के साथ नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के क्रियान्वयन हेतु त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। इस समझौते के साथ, दिल्ली छमट। परियोजना को लागू करने के लिए मंत्रालय के साथ डवन- पर हस्ताक्षर करने वाला २८वां राज्य बन गया है, जो विधायी कार्यप्रणाली में एक नए युग की शुरुआत को दर्शाता है। इस समझौते पर डॉ. सत्य प्रकाश, अपर सचिव, डवच। एवं मिशन लीडर, रंजीत सिंह, सचिव, दिल्ली विधानसभा और रितेश सिंह, प्रधान सचिव



(कानून) ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उमंग नरूला, सचिव भी उपस्थित रहे। यह समझौता दिल्ली विधानसभा की पेपरलेस और अधिक पारदर्शी विधायी प्रणाली की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो "एक राष्ट्र, एक एप्लिकेशन" की प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप है।छमट। प्लेटफॉर्म, संसदीय कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है, जो विधायी कार्यों को डिजिटलीकरण, वास्तविक समय में दस्तावेजों की उपलब्धता और सदस्यों व सचिवालय के बीच सुगम समन्वय स्थापित करके अधिक कुशल, सुलभ और सतत बनाने का लक्ष्य रखता है।

इस प्रणाली को अपनाने से दिल्ली विधानसभा कागज की खपत में भारी कमी, कार्यप्रवाह को सरल बनाने और विधायक सदस्यों को डिजिटल संसाधनों से सशक्त करने में सक्षम होगी।इस अवसर पर सचिव, डवच। उमंग नरूला ने दिल्ली विधानसभा की इस पहल की सराहना की और छमट। के सुचारू कार्यान्वयन, प्रशिक्षण और सभी संबंधित पक्षों की सफल ऑनबोर्डिंग में मंत्रालय के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।यह ऐतिहासिक कदम देशभर में विधायी संस्थानों के डिजिटल रूपांतरण की गति को और सशक्त करेगा।

# आधुनिक सुविधाओं व तकनीक से लैस होंगे बस अड्डे, कश्मीरी गेट से की गई शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के बस अड्डों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सॉफ्टवेयर आधारित तकनीक से बसों का प्रबंधन होगा। इसकी शुरुआत कश्मीरी गेट बस अड्डे से होगी। यहां पर स्वचालित बस-बे प्रबंधन प्रणाली लागू करने का काम शुरू कर दिया है। इसमें डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, एसएमएस सिस्टम और तेज बस संचलन शामिल है।

नई प्रणाली का उद्देश्य ट्रैफिक की भीड़ को कम करना और परिचालन दक्षता में सुधार करना है। एक नया फास्टैग सिस्टम वाहन के प्रवेश और निकास को नियंत्रित करेगा। इस परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के रूप में विकसित किया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सॉफ्टवेयर आधारित प्रणाली प्रतीक्षारत बसों को स्वचालित रूप से बस-बे आवंटित करेगी। यदि बस अपने आवंटित हिस्से में अधिक समय तक रुकती हैं तो उस पर कार्रवाई के तौर पर जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही, एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली भी होगी जो बसों की समयसारिणी, आगमन, देरी और बस ऑपरेटरों के विवरण के बारे में जानकारी देगी। बस अड्डे पर जगह-जगह स्क्रीन लगाई जाएगी। इसमें बसों से जुड़ी जानकारी होगी। जिस तरह से एयरपोर्ट पर यात्रियों को उड़ानों के बारे में जानकारी दी जाती है, उसी तरह से बस अड्डे पर जानकारी दी जाएगी और उसे समय-समय पर अपडेट भी किया जाएगा।

परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि उन्नत तकनीकी प्रणाली को कई परिचालन चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें ट्रैफिक दबाव को कम करना और उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग करना शामिल है। यह तकनीक यात्रियों को वास्तविक समय में अपडेट और जानकारी देगी। इसके अलावा वाहन के प्रवेश और निकास को नियंत्रित करने के लिए फास्टैग प्रणाली का उपयोग किया जाएगा, जिससे टर्मिनल के माध्यम से सुचारू आवागमन सुनिश्चित होगा। व्यवस्था को लागू करने के लिए दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड ने तकनीक के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव के लिए निविदा जारी की है। यह योजना काफी समय से लंबित थी। विधानसभा चुनाव के कारण इस पर काम नहीं हो सका। ऐसे में अब इसे जल्द लागू किया जाएगा। कश्मीरी गेट बस अड्डे पर रोज २,६०० से अधिक बसों की आवाजाही होती है। इसमें १,३०० अंतरराज्यीय बसें, १२०० दिल्ली परिवहन निगम व क्लस्टर बसें और लगभग १०० निजी परमिट वाली बसें शामिल हैं। बस अड्डे के आसपास और अंदर अव्यवस्था के कारण अंतरराज्यीय बसों को वापस आने में ४५-६० मिनट लगते हैं, जिससे भीड़भाड़ हो जाती है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की केन्द्रीय गृह मंत्री से भेंट

शाह टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की।मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से वर्ष २०२३ के मानसून में भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रदेश को हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजा जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा उपरांत आवश्यकता मूल्यांकन वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है लेकिन केंद्र सरकार द्वारा अभी तक राहत राशि प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि प्राकृतिक आपदा के दौरान पेयजल, सिंचाई योजनाएं, अधोसं. रचना, सड़कों और पुलों को भारी क्षति पहुंची थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों का उपयोग कर जन जीवन सामान्य करने के लिए राहत और पुनर्वास कार्य किए। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रदेश हित से जुड़े विभिन्न मामलों पर भी चर्चा की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रदेश को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व ओंकार चंद शर्मा उपस्थित थे।

### रोहतक रोड सर्विस लेन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** शकूरबस्ती के नवनिर्वाचित विधायक प्रवेश वर्मा जी और विधायक करनैल सिंह द्वारा पीरागढ़ी चौक से शिवाजी पार्क तक रोहतक रोड सर्विस लेन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शकूरबस्ती के तीनों पार्षदख्रविनीत वोहरा जी, श्रीमती शिखा भारद्वाज जी और श्रीमती ज्योति अग्रवाल जीख्र सहित शकूरबस्ती विधानसभा के सभी भाजपा के सम्मानित कार्यकर्ता, संघ एवं मंदिर प्रकोष्ठ के सभी सम्मानित कार्यकर्ता तथा शकूरबस्ती क्षेत्र के स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

इस शुभ अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने मंत्री प्रवेश वर्मा और विधायक करनैल सिंह का आभार व्यक्त किया तथा विधायक श्री करनैल सिंह जी को इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए धन्यवाद दिया। स्थानीय नागरिकों का कहना था कि इस सर्विस लेन के निर्माण से लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। विधायक करनैल सिंह जी ने कहा कि हम सभी मिलकर न केवल शकूरबस्ती बल्कि संपूर्ण दिल्ली को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने का संकल्प लेते हैं। वहीं प्रवेश वर्मा जी ने जनता को आश्वासन दिया कि दिल्ली को जल्द ही एक खूबसूरत राजधानी बनाया जाएगा। उन्होंने जनता को भाजपा पर विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आपका भरोसा कभी टूटने नहीं दिया जाएगा।

### बेहतर जिंदगी के लिए जरूरी है कुरान की शिक्षा: मुफ्ती सालिम कासमी



**नई दिल्ली।** माहे रमजान की २१वीं शब में फिक्की के संरक्षक हाफिज सलीम अहमद द्वारा तरावीह की नमाज में कघ्रान मुकम्मल किया गया। यह एक खास मौका था, जिसमें बड़ी तादाद में लोग शरीक हुए। बता दें कि हाफिज सलीम अहमद पिछले ५३ सालों से लगातार कुरान सुनाते आ रहे हैं। इस मुकद्दस मौके पर मुफ्ती सालिम कघसमी ने कघ्रान की शिक्षा और इसके पैगाम पर रोशनी डालते हुए कहा कि एक बेहतर जिंदगी के लिए कुरान की शिक्षा हासिल करना जरूरी है इसलिए मॉडर्न एजुकेशन के साथ साथ मजहबी शिक्षा भी बच्चो को मुहैया करायें।इसके साथ ही मुल्क में आपसी मोहब्बत और भाईचारे के लिए खास दुआ की गई। मुफ्ती सालिम कासमी ने अपने बयान में कहा कि हमारा वतन गंगा-जमुनी तहजीब और अनेकता में एकता के लिए मशहूर है, मगर कुछ शरपसंद ताकतें इसे नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके इरादों को प्यार, मोहब्बत और अखलाक के जरिए नाकाम बनाना होगा, ताकि समाज में अमन और चैन बरकरार रहे। इस मौके पर सर्वोकॉन सिस्टम के सीएमडी हाजी कमरुद्दीन सिद्दीकघ्री, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, मुफ्ती अहमद, कारी मुख्तार कासमी, मौलवी अलकमा, हाजी यूसुफ, हाजी नसीम अहमद, हाजी दिलशाद अहमद और हफीज फिरोज अहमद, जावेद अहमद आदि समाज के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

### जंतर-मंतर पर इजरायल के विरोध में धरना प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** जंतर मंतर पर सीपीआई(एम),सीपीआई, सीपीआई एमएल ,एडवां संगठन, महिला समिति, वामपंथी दल आदि ने इजरायल के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया सीपीआई एम कार्यकर्ता निसार मलिक ने कहा कि इजरायल ने युद्ध विराम का उल्लंघन करते हुए फलस्तीन गाजा पर हमला किया जिसमें बे गुनाह चालीस लोगों की जान जाती रही। इसराइल द्वारा युद्धविराम का उल्लंघन करना इंसानियत के खिलाफ है उन्होंने कहा कि गाजा में खून बहना, केवल गाजा वालों का नहीं बल्कि पूरी दुनिया का खून है कुछ साजिश है जो बढावा दे रही है। भारत इसराइल को हथियार सप्लाई कर रहा है यह सप्लाई रोकनी चाहिए। क्योंकि युद्ध विराम के बावजूद इसराइल ने गाजा पर हमला किया जिसमें ४० लोगों की जान गई इसके अलावा भारत के सैनिकों को वापस बुलाया जाए जो इजरायल के मदद के लिए गए हुए। अगर यही लड़ाई लीगल होती तो जन्तर मन्तर पर धरना कर रहे सभी संगठनों का कहना है कि हम भी उनके साथ लड़ते यानी कि इजरायल के साथ होते लेकिन यह लड़ाई केवल प्रॉपर्टी की है इजराइल फिलिस्तीन पर कब्जा करना चाहता है जो की इंसानियत के खिलाफ है।

### चोरी के आईपैड के पार्टस बेचने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ऐसे आरोपी मोहम्मद दानिश को गिरफ्तार किया है,जो चोरी के फोन व आईपैड को खरीदकर उनके पार्टस निकालकर बेचा करता था। आरोपी के कब्जे से २० एप्पल मोबाइल फोन, ९ आईपैड और अन्य चोरी की वस्तुएं बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपी से उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसएआई दीपक को कबीर नगर में रहने वाले आरोपी मोहम्मद दानिश के बारे में जानकारी मिली थी।




**बिहार दिवस पर आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक संजय मयूख, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू,उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा आदि।**

# बिहार दिवस पर बिहारवासियों को भाजपा ने दी शुभकामनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने आज बिहार दिवस पर आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सभी को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि बिहार की गौरवशाली इतिहास और उसके उपलब्धियों को अगर आगे बढ़ाने का किसी ने काम किया है तो वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

इस मौके पर राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक संजय मयूख, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, दिल्ली पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता, विधायक चंदन चौधरी उपस्थित थे। प्रेसवार्ता में वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार के विकास और उसके गौरवशाली इतिहास को भी दिखाया गया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि ज्ञान, शांति, अध्यात्म और शौर्य का एक नाम है ख्र बिहार। आज देश के हर राज्य में चाहे वह कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने का अगर कोई काम कर रहा है तो वह हमारे बिहार के भाई-बहन हैं। दिल्ली में भी बिहार और पूर्वांचल के साथी हर उद्योग और व्यापार में देखने को मिलते हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि बड़े बड़े स्टार्ट अप और उद्योग सब बिहार के लोग चला रहे हैं। बिहार की संस्कृति और इतिहास ने पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई है। दिलीप जयसवाल ने कहा कि आज देश के २७ राज्यों के ७६ स्थानों पर बिहार दिवस मनाया जा रहा है और वहाँ पर रहने वाले बिहार के लोग, सांसद, केंद्रीय मंत्री से लेकर बिहार के मंत्री का हौसला अफजाई करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की धरती पर भी बिहार के लोगों ने लगातार दिल्ली के विकास में भी सहयोग देने का काम कर रहे हैं। बिहार के नाम को संस्कार और मेहनत के बल पर लगातार आगे बढ़ाने के लिए हम तत्पर है। जयसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से देश को आगे बढ़ाने का काम किया जाए, लेकिन दूसरी तरफ देश को बांटने का काम इंडी गठबंधन कर रही है।

## चोरी के मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का कुख्यात रिसीवर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने चोरी के मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के कुख्यात रिसीवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से २० एप्पल मोबाइल फोन, ९ आईपैड और अन्य चोरी की गई वस्तुएं बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर दस मामलो को सुलझा लिया है।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि १९ मार्च को, एएसआई दीपक को कबीर नगर में रहने वाले एक व्यक्ति के बारे में विशेष जानक. ारी मिली। जानकारी से पता चला कि व्यक्ति चोरी के मोबाइल फोन और आईपैड खरीदने में शामिल था, जिन्हें वह या तो अलग करके पुर्जे बना लेता था या सीधे दूसरे व्यक्तियों को सप्लाई करता था।

इस सूचना के मिलने पर एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर विनय कुमार के नेतृत्व में एसआई मोहित असीवाल, दिनेश, विकास, एएसआई राजीव, हेड कांस्टेबल पंकज करण सिंह और महिला कांस्टेबल विधि की टीम मौजपुर चौक पहुंचकर गली नंबर १, कबीर नगर की ओर बढ़ी, जहां मुखबिर ने उस स्थान पर खड़े उक्त व्यक्ति की पहचान की। इसके बाद टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को तुरंत पकड़ लिया।प्रारंभिक पूछताछ पर, संदिग्ध ने अपनी पहचान मोहम्मद दानिश (३४) के रूप में पुष्टि की। पुलिस पूछताछ में उसने चोरी के मोबाइल फोन और टैबलेट खरीदने और उन्हें, कबीर नगर में स्थित अपनी दुकान पर रखने की बात स्वीकार की।पुलिस ने उसके पास से २० एप्पल मोबाइल फोन, ९ आईपैड और अन्य चोरी की गई वस्तुएं बरामद की है।

# अखिल भारतीय अंतर विवि शतरंज महिला टूर्नामेंट में विजेता रहा मद्रास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूर्नामेंट २०२४-२५ में विजेता का खिताब मद्रास विश्वविद्यालय चेन्नई को गया है। इसके साथ ही एडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता दूसरे स्थान पर और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद तीसरे स्थान पर रहे। एसआरएम विश्व. विद्यालय, चेन्नई को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीयू के शारीरिक शिक्षा और खेल निद. ेशक डॉ. अनिल कुमार कलकल ने बताया कि इस टूर्नामेंट का आयोजन १८ से २० मार्च तक दिल्ली विश्व. विद्यालय के खेल परिसर स्थित मल्टी पर्प्ज हाल में हुआ था। टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. बलजीत सिंह सेखों, संयुक्त सचिव, एआईयू द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। सेखों ने विद्यार्थियों के जीवन में खेलों की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। टूर्नामेंट का आयोजन बहुत ही सहज और निष्पक्ष तरीके से किया गया।

डॉ. कलकल ने बताया कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूर्नामेंट २०२४-२५ के आयोजन की जिम्मेदारी दिल्ली विश्वविद्यालय को सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूर्नामेंट में ४ जोन से कुल १६ विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। उत्तरी जोन से दिल्ली विश्व. विद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपी) और पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला थे। पूर्वी जोन से एडमस विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छतीसगढ़), कलकत्ता विश्व. विद्यालय तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छतीसगढ़) शामिल थे। दक्षिणी जोन से मद्रास विश्वविद्यालय चेन्नई, अन्ना विवि चेन्नई, भारथिअर विवि (कोयंबटूर) तमिलनाडु और एसआरएम आईएसटी विश्वविद्यालय तमिलनाडु भाग ले रहे थे।

# डकैती का मामला सुलझाया, चार धरे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के सुभाष प्लेस थाने के स्टाफ ने डकैती का मामला सुलझाकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से लूटी गई नकदी में २ लाख ५२ हजार रुपये बरामद किए। अपराध के पीछे का मकसद अपनी शानदार जीवनशैली को बनाए रखने के लिए अवैध रूप से धन अर्जित करना था।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि २१ मार्च, को एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर डकैती का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने अपने बयान में बताया कि झूलेलाल अपार्टमेंट, पीतमपुरा के सामने रोड नंबर ४४ पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई तथा उससे ४,५०,०००/- रुपए जबरन लूट लिए गए।अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसीपी/सुभाष प्लेस शैलेंद्र चौहान की देखरेख में एसएचओ सुभाष प्लेस महेश कुमार के नेतृत्व में एसआई अंकित मान,नीरजकांस्टेबल मोहित, श्यामवीर और राजेश की टीम ने अपराध स्थल से कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करते हुए और अपराधियों के भागने के मार्ग का पता लगाते हुए जांच की। लुटेरों की बाइक की पहचान की गई और उनके ठिकानों के बारे में खुफिया जानकारी जुटाने के लिए गुप्त मुखबिरों को लगाया गया।।

# दो शातिर ऑटोलिफ्टर व एक रिसीवर को धर-दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के अमन विहार थाने के स्टाफ ने दो शातिर ऑटोलिफ्टर और एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से आठ चोरी की बाइक ,एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त विष्णु कुमार ने बताया कि टीम अमन विहार क्षेत्र में स्ट्रीट क्राइम खासकर एमवीटी मामलों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार काम कर रही थी। इसी बीच २०.मार्च की क्षेत्र में दो हताश ऑटो-लिफ्टरों/चोरों की आवाजाही के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के मिलते ही एसीपी/अमन विहार अजय वेदवाल,की देखरेख में एसएचओ/अमन विहार रविंदर जोशी,के नेतृत्व में एसआई परमिंदर, हेड कांस्टेबल नरेंद्र, विकास, देवेंद्र और परवीन, कांस्टेबल अनिल और प्रेम प्रकाश की टीम ने अपना जाल बिछाकर एक संदिग्ध बाइक को रोककर दो ऑटो-लिफ्टरों को गिरफ्तार कर लिया सत्यापन पर, उनके पास से अमन विहार थाने के क्षेत्र से चोरी की बाइक पाई गई। उनकी तलाशी लेने पर, दो जिंदा कारतूस के साथ एक देसी पिस्टल बरामद की गई। बाद में आरोपियों की पहचान मंजीत दहिया (३६) और रवि दहिया (२६) के रूप में हुई। निरंतर पूछताछ करने पर, उन्होंने बताया कि वे चोरी की बाइक मोनू (२३) को बेचते थे। अनुवर्ती जांच के दौरान, मंजीत और रवि की निशानदेही पर तीन और चोरी की बाइक बरामद की गईं। आगे की जांच के दौरान, पुलिस टीम ने मोनू को गिरफ्तार किया, जो कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में एक मोटर मैकेनिक गैरेज चलाता इसके अलावा वह चोरी की गई बाइकों के पुर्जे बदलकर दूसरी बाइकें लगाता था, जो सर्विस के लिए उसके गैराज में आती थीं। वह चोरी की गई बाइकों के बचे हुए पुर्जे भी अलग-अलग कबाड़ डीलरों को बेच देता था। आगे की जांच में मोनू के गैराज से चार और चोरी की गई बाइक बरामद की गईं, जो मंजीत और रवि ने उसे बेची थीं। पुलिस ने बताया कि आरोपी मंजीत दहिया कराला,और रवि नशे का आदी भी है और वर्तमान में एक अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा है।

# उम्र पूरी कर चुके वाहनों के ईंधन भरवाने पर एक अप्रैल से लगेगी रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** 1 अप्रैल से दिल्ली सरकार ओवरएज पेट्रोल और डीजल वाहनों को ईंधन भरवाने पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। शहर के ८०% से अधिक पेट्रोल पंपों पर ऐसे डिवाइस लगाए गए हैं, जो डीरजिस्टर्ड वाहनों की पहचान करेंगे। पेट्रोल पंपों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, जो ओवरएज और वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना चल रहे वाहनों की पहचान करेंगे। अगर कोई नियम विरुद्ध वाहन ईंधन भरवाने आता है, तो सिस्टम उसे फ्लैग कर देगा और पंप कर्मी उसे ईंधन देने से मना कर देंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि पंपों पर प्रदूषण निगरानी उपकरण भी लगाए जा रहे हैं।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुसार, पंजीकरण के बाद १० साल से सड़क पर चल रहे डीजल वाहन और १५ साल से सड़क पर चल रहे पेट्रोल वाहन परिवहन विभाग के डेटाबेस से अपने आप ही डीरजिस्टर्ड हो जाते हैं। अगर पुराने वाहन सार्वजनिक स्थानों या सड़क पर खड़े पाए जाते हैं, तो परिवहन विभाग उन्हें जब्त कर लेता है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों को कबाड़ में बदलने के लिए उनके मालिकों को प्रोत्साहन देने वाली नीति भी शुरू की है। सरकार ने ओवरएज वाहनों को स्क्रैप करने पर प्रोत्साहन नीति भी लागू की है।

# सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया बिहार दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंडियन पीपल्स फोरम (आईपीएफ) बिहार काउंसिल ने बिहार दिवस का भव्य आयोजन किया, जिसमें मुख्य रूप से यूएई में रहने वाले बिहारी प्रवासियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। यह आयोजन बिहार की गौरवशाली विरासत, संस्कृति और भारत तथा विश्व में उसके योगदान को समर्पित था।

शारजाह, यूएई में आयोजित कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिनमें आर.के. महतो (आईपीएफ बिहार काउंसिल के संयोजक एवं एनआरआई उद्योगपति), मनीष सिन्हा (बीज. ेपी बिहार एनआरआई सेल के संयोजक), शिल्पा नायर (आईपीएफ केंद्रीय समिति की उपाध्यक्ष) और सुल्ताना फारूक काजिम (एक अमीराती अंत. रराष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल थे। सभी ने प्रेरणादायक भाषण दिए और बिहार के ऐतिहासिक महत्व, सामाजिक-आर्थिक प्रगति, और बिहार के



विकास में प्रवासी बिहारी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कलारंजनी ग्रुप का सांस्कृतिक प्रदर्शन रहा, जिसमें भोजपुरी, मैथिली और मगही लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति दी गई। उनके भावपूर्ण गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और बिहार की समृद्ध संगीत परंपरा का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया, जिससे प्रवासी बिहारी समुदाय में उत्साह एवं गर्व की भावना जाग्रत हुई। इस अवसर पर सम्राट चौधरी उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री, नितिन नवीन पथ निर्माण मंत्री, दिलीप जायसवाल अध्यक्ष, बीजेपी बिहार, रवि शंकर प्रसाद पूर्व केंद्रीय मंत्री, अश्विनी कुमार चौबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री, डॉ. संजय जायसवाल सांसद, जनार्दन सिकरवार सांसद, चंदन तिवारी, बिहार की प्रसिद्ध लो. कगायिका ने प्रवासी बिहारी समुदाय को शुभकामनाएं दीं और आईपीएफ बिहार काउंसिल द्वारा बिहार की विरासत को विदेशों में जीवंत बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की।

आईपीएफ बिहार काउंसिल की मुख्य टीम, जिसमें संजीत झा, विकास सिंह, शैलेश पांडेय, अतुल कुमार, डॉ. उपेंद्र यादव, अमृता सिंह, और मानस पांडेय शामिल थे, ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और यह सुनिश्चित किया कि सभी अतिथियों के लिए यह एक यादगार अनुभव बने।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में परीक्षा उपरांत मनोरंजन दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप वर्ल्ड स्कूल में परीक्षाओं के कठोर कार्यक्रम के बाद, स्कूल ने छात्रों को एक बहुप्रतीक्षित विश्राम प्रदान करने के लिए 'नो बैग डे' का आयोजन किया। यह दिन मनोरंजक गतिविधियों से भरपूर था, जिसने सभी छात्रों के लिए एक मजेदार अनुभव सुनिश्चित किया। दिन का मुख्य आकर्षण इंटर-हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता थी, जहाँ टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और उत्साह का प्रदर्शन किया।

मैदान पर एक तीव्र लड़ाई के बाद, लेजेंड्स हाउस चौंपियन बनकर उभरा और गर्व के साथ अपनी जीत का जश्न मनाया। फुटबॉल के अलावा, छात्रों ने रस्साकशी, मेंढक दौड़ और खो-खो जैसे विभिन्न रोमांचक खेलों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का समापन एक ताजा पेय सत्र के साथ हुआ, जिससे छात्रों को आराम करने और इस पल का आनंद लेने का मौका मिला। यह पहल एक बड़ी सफलता थी, जिसने छात्रों को उनकी परीक्षाओं के बाद आनंद और विश्राम का एक आदर्श मिश्रण प्रदान किया। हंसमुख चेहरे और उत्साही भागीदारी ने दिन को वास्तव में यादगार बना दिया।

अवैध निर्माण के खिलाफ जारी है

# प्राधिकरण का अभियान, फिर चला पीला पंजा





**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुल्डोजर प्रहार शुक्रवार की तरह ही जारी रहा। प्राधिकरण ने तोड़ा कई अनाधिकृत निर्माण न सिर्फ तोड़े, बल्कि इस दौरान हो रहे विरोध को भी बेअसर किया।

जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में शनिवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-8 के नेतृत्व मे उ०प्र० नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 व 15 के प्राविधानों के अन्तर्गत निस्तौली, असालतपुर फारूखनगर गाजियाबाद में पूर्व निर्मित 05 कालोनियों में लगभग 47 भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल का ध्वस्तीकरण किया गया। कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर / निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते के द्वारा सख्ती अपनाते हुए उनको हटा दिया गया। हालाकि इस दौरान कुछ सख्ती भी करनी पड़ी।

उक्त ध्वस्तीकरण कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता समस्त सुपरवाईजर, प्राधिकरण पुलिस दस्ता एवं क्षेत्रीय पुलिस बल उपस्थित रहें तथा प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-8 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किसी भी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने लोनी इलाके में अवैध निर्माण के खिलाफ एक्शन शुरू किया था।

मगर, एक-दो बार की कार्यवाही के बाद ही अचानक वहां ब्रेक लग गया। चर्चा है कि रसूखदारों के दवाब में लोनी इलाके में जीडीए के बुल्डोजर को ब्रेक लगी है।

# डेबिट कार्ड बदलकर महिला के खाते से 50 रुपये हजार निकाले

■ **उन्होंने एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई तो शातिर इसमें साफ दिख रहा था**

**लोनी।** अंकुर विहार थानाक्षेत्र में एटीएम के अंदर महिला का डेबिट कार्ड बदलकर शातिर ने बैंक खाते से पचास हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज आने पर महिला को धोखाधड़ी की जानकारी हुई।

घटना एटीएम बूथ में लगे कैमरे में कैद हो गई। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन रही है। अशोक विहार कालोनी निवासी तरन्नुम 14 मार्च को खन्ना नगर कालोनी स्थित एटीएम बूथ से पैसे निकालने गई थी।

किसी कारणवश पैसे नहीं निकले तो एटीएम बूथ में पहले से मौजूद युवक ने मदद करने के बहाने से उनका डेबिट कार्ड बदल दिया। पैसे नहीं निकलने पर वह लौट आई।

कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर पैसे निकालने के मैसेज आने लगे। शातिर ने उनके खाते से छह बार ट्रांजेक्शन कर पचास हजार रुपये निकाल लिए। जब उन्होंने डेबिट कार्ड चेक किया तो वह किसी दूसरे का था।

उन्होंने एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई तो शातिर इसमें साफ दिख रहा था। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि फुटेज से आरोपी की पहचान के प्रयास कर रहे हैं। इसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# आईटीएस स्कूल आफ मैनेजनेट में एएसीएसबी प्रतिनिधि का आगमन

■ **इस अवसर पर मि प्रताप दास ने एएसीएसबी मेंबरशिप तथा इसके द्वारा प्रत्यायन होने पर संस्थानों को प्राप्त होने वाले सुविधाओं तथा फायदों का जिक्र किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफ बिजनेस (एएसीएसबी) के प्रतिनिधि मि प्रताप दास, रिजनल हेड के साथ आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक(पी आर) सुरेंद्र सूद, संस्थान के निर्देशक डा अजय कुमार एवं सभी शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई।



इस अवसर पर मि प्रताप दास ने एएसीएसबी मेंबरशिप तथा इसके द्वारा प्रत्यायन होने पर संस्थानों को प्राप्त होने वाले सुविधाओ तथा फायदो का जिक्र किया।

बिजनेस मेनेजमेंट संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति बहाल करने और इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने हेतु एएसीएसबी की भूमिका पर सबो को अवगत कराया तथा सभी शिक्षकों को इस क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

मि दास ने आई टी एस के विजन, मिशन,भविष्य की परियोजनाओं, उच्चस्तरीय प्रबंधन तथा लीडरशिप साथ ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण प्रणाली और शिक्षको के योगदान की सराहना की।

उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों को देखते हुए निदेशक डॉ अजय कुमार को एएसीएसबी लोगो लापेल पिन एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की तथा सबों को अपनी शुभ कामनाएं दी। आई टी एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने संस्थान के प्रोन्नति हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया।

एक नजर

## फिजूल खर्ची रोकने के लिए मनाने पहुंचा प्रतिनिधि मंडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाज सुधार को लेकर कुरेश बिरादरी द्वारा चलाई गई मुहिम रंग ला रही है इस मुहिम के पहले चरण में शादी समारोह में हो रहे नाजायज खर्चो को लेकर लगाम लगाने की कोशिश की गई है ताकि निकाह का मामला आसान हो जाए जिसमें बिरादरी के अधिकतर लोगों ने अपनी सहमति जताते हुए इस मुहिम में अपनी भागीदारी की। इस मुहिम के शुरू होने से लेकर अभी तक गाजियाबाद क्षेत्र में सैकड़ो ऐसी शादियां संपन्न हो चुकी है जिन में बिरादरी द्वारा तय की गयी हदो के अनुसार ही खाना दिया गया है

और फिजूल खर्ची पर अंकुश लगा है ईद के बाद कुछ प्रोग्राम होने है जिसकी चर्चा चल रही थी कि यह आयोजन अपने पूरे शान ओ शौकत के साथ आयोजित किए जाएंगे और शहर के नामचीन होटल में संपन्न होने के साथ ही पूर्व की तरह ही खाने-दाने दिए जाएंगे इसको लेकर बिरादरी के लोगों में चर्चा थी कि इन्हें कैसे रोका जाए। सुनने में आ रहा था कि हाजी सलीम व हाजी जमील अपने प्रोग्राम को लेकर अड़े हुए हैं कि वह अपनी शान के हिसाब से प्रोग्राम करेंगे।

बिरादरी के लोग हाजी जमील व हाजी सलीम को समझने का प्रयास कर रहे थे लेकिन हाजी जमील अपनी बात पर अडे हुए थे लेकिन बिरादरी के लोगों ने भी हार नहीं मानी और समाज सुधार के इस कदम के लिए बीते दिन हाजी सल्लू के नेतृत्व में कुरेश समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जस्सीपुरा स्थित हाजी जमील के कार्यालय पर पहुंचा और उन्हें बिरादरी की मुहिम से अवगत कराते हुए कहा कि उन्हें बिरादरी के साथ रहना चाहिए साथ ही गरीब लोगों की भलाई इसी में साथ ही शरियत व दीन की रोशनी में भी उन्हें समझाया गया। जिस पर उन्होंने आए मोअज्जिज लोगों का सम्मान करते हुए उनकी बात को मान लिया और आश्वासन दिया कि उनके यहां आयोजित होने वाले प्रोग्राम बड़ी शादगी और बिरादरी की गाइडलाइंस के अनुसार आयोजित किए जाएंगे।

हाजी जमील वी हाजी सलीम का बिरादरी के लोगों ने धन्यवाद दिया और आगामी प्रोग्राम के लिए शुभकामनाएं इस दौरान मुख्य रूप से हाजी हबीब कुरैशी, हांजी शकील कुरेशी हाजी बाबूद्दीन कुरैशी, हाजी बाबू बाग. पतिया, मुशर्रफ भाई, अकरम भाई, यमन भोला, याद इलाही कुरैशी, मेहर इलाही कुरैशी, शहाबुद्दीन कुरैशी, हबीब कुरैशी, रईस कुरैशी, पप्पी कुरैशी, शोएब कुरैशी, असद कुरैशी, शाहिद कुरैशी, इस्माइल कुरैशी, लियाकत कुरैशी, दीन कुरैशी, जाविद कुरेशी समेत दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# शहीदों की याद में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** शहीदों की याद में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन एवं निफा के द्वारा जिला पंचायत मार्केट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भूतपूर्व सैनिक एवं कारगिल युद्ध मे हिस्सा लेने वाले शिवकुमार द्वारा फीता काट कर किया गया।

शिविर में 30 युवा रक्तदान कर महादानी बनें। राधे किशन अरोड़ा, शहजाद चौधरी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मुरादनगर, डॉ राजपाल तोमर, डॉ फहीम सैफी, सीदु अल्वी, शहीद अहमद, त्रिवेंद्र गुप्ता महामंत्री, संजय सिंघल, रमन तायल, सुमित गर्ग, सुनील नागपाल, उमेश सचदेवा, सतीश गोयल, सतीश जिंदल, गोपाल गुप्ता बुरा वाले, आदि उपस्थित रहे।

# इंदिरापुरम में बीबा कंपनी के कपड़े बेचने वाली शॉप्स पर छापा

**साहिबाबाद।** ब्रांडेड कंपनियों को अपने नाम से नकली माल बनाकर बाजार में बेचे जाने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। ऐसी शिकायतों पर कपड़ों की प्रसिद्ध कंपनी बीबा के अधिकारियों ने पुलिस के साथ मिलकर वसुंधरा के शोरूम पर छापा डलवाया। तो उनके ब्रांड के काफी तादाद में कपड़े बरामद हुए हैं। थाना इंदिरापुरम में दी तहरीर में पप्पू कुमार पुत्र सुरेश शर्मा R/S-10 GALI No 9 विकास नगर उत्तम नगर बेस्ट दिल्ली 110059 में BIBA FASHON LTD कम्पनी द्वारा अधिकृत कम्पनी सोलूशन प्रा०लि० द्वारा अधिकृत अधिकारी हूं। मुझे BIBA कम्पनी के नकल व असल उत्पादों की जांच करने तथा दोषी पाये गए व्यक्ति के खिलाफ स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर उचित कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार प्राप्त है। मुझे विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ था कि थाना कोतवाली इन्दिरापुरम के क्षेत्र मे कुछ दुकानदार BIBA कम्पनी के नाम से नकली उत्पाद धडल्ले से बेच रहे है। जिसके कारण कम्पनी की छवि खराब होने के साथ साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड रहा है और आम जनता के साथ भी धोखा धडी हो रही है। शुक्रवार को मैं अपनी कम्पनी की टीम में मेरे साथ सुरेश कौशिक व राजीव कुमार के साथ चौकी वसुन्धरा से एक टीम जिसमें दरोगा विपिन कुमार, सत्यजीत सिंह पुलिस कर्मी प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार व महिला दरोगा अंजली और सिपाही सुखबीर सिंह शामिल थे।

मेरी कम्पनी की टीम के साथ जाकर एक दुकान AANYA DIGANSER STUDIO वसुन्धरा SEC-12 मार्किट की दुकान से कुल 56 पीस व्हाइट, येलो कापर नैक 12 पीस, रेड 15 पीस, ब्लू के 7 पीस ब्लैक 11 पीस, वेज के 29 पीस व येलो के 13 पीस सभी आर्टिकल से एक एक पीस बतौर नमूना वास्ते परीक्षण अलग निकाला गया और एक पुलिन्दा तैयार किया गया बाकि बचे उत्पादो को 7 सफेद प्लास्टिक BEG (BEG NO 1-7) में रखकर सील किया गया।

## बिजली बिल का समय से भुगतान करें: एसडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मार्च के महीने में विभाग पर बिजली के बकाये बिलो की वसूली का अतिरिक्त दवाब रहता है अत: आमजन से अनुरोध है कि बिजली बिल का तुरंत भुगतान करें ताकि विभाग को ज्यादा बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काटना ना पड़े। यह बात हाइडिल मोदीनगर के एसडीओ राजीव कुमार ने कही।

एसडीओ ने यह भी कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने बकाया भुगतान की किस्त बनवाई हुई है या छूट प्राप्त की हुई है वे नियमानुसार बिल की पेमेंट समय से करते रहे अन्यथा उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का महानगर कार्यालय पर प्रदेश संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ, पर्यावरणविद संजय कश्यप नेतृत्व में गंगा विचार मंच (नमामि गंगे) क्षेत्रीय मीडिया संयोजक अंकित गिरि, पूर्व पार्षद भोपुरा विनोद कसाना, महानगर संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ सतेन्द्र सिंह सभी ने पगडी पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## स्कूल संचालक के पुत्र को जान से मारने की धमकी

**मोदीनगर।** कस्बा निवाड़ी निवासी स्कूल संचालक के पुत्र को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवाड़ी निवासी रंजीत राघव स्कूल संचालक हैं। उनके पुत्र विष्णु राघव का आरोप है कि लगातार उनके घर पर पर्ची डाली जा रही है।

वह अपने पिता को गांव खिदौड़ा से स्कूल छोड़कर वापस आ रहे थे, तभी बाइक सवार दो युवकों ने रोक लिया और कहा कि कस्बा निवाड़ी छोड़ दो नहीं तो अंजाम भुगतना होगा। पीड़ित ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है।

# प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दे गए सुरेंद्र चौधरी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति सुरेंद्र चौधरी के द्वारा विकास भवन परिसर में बागपत, गौतमबुद नगर एवं गाजियाबाद जिले के तमाम विभागों के काम काज को लेकर समीक्षा बैठक की।

उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की स्थिति की करीब से जानकारी हासिल की।अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं को धरातल पर साकार किए जाने के दौरान गुणवत्ता पर विशेष तौर से ध्यान दिया जाए। इसके साथ साथ पीडब्लूडी, आपूर्ति, नगर निगम, नोएडा विकास प्राधिकरण प्राधिकरण, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर पालिका परिषद के कामों को भी करीब से जानने का प्रयास किया।



अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने पर जोर दिया जाए। शुरूआत में बागपत जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा की,इस बीच गाजियाबाद एवं गौतमबुद नगर जिले के अधिकारियों को दूसरे कक्ष में बैठा दिया गया।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति सुरेंद्र चौधरी ने गाजियाबाद के प्रशास. निक अधिकारियों विभिन्न योजनाओं एवं अन्य प्रकार की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जिसमें उन्होंने गाजियाबाद के प्रशासनिक अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन एवं मेहनत के साथ कार्य करने का फल साफ दिखाई देता है उन्हें विश्वास है कि प्रशासनिक अधिकारी इसी तरह अपने काम को और अधिक मेहनत के साथ अंजाम देते रहेंगे।

## पूर्व सीओ के सागौन के पेड़ काटकर ले गए बदमाश

**मोदीनगर।** भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव अमराला में बदमाश पूर्व पुलिस अधिकारी के खेत से दो सागौन की पेड़ काटकर ले गए। पेड़ों की कीमत लाखों में बताई जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव अमराला निवासी जगपाल सिंह सिंह पुलिस उपाधीक्षक पद से रिटायर हैं। उन्होंने अपने खेत में मेढ़ पर सागौन के पेड़ लगा रहे है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च की रात को बदमाश खेत से तीस साल पुराने दो सागौन के पेड़ काटकर ले गए।

पीड़ित ने इस संबंध में भोजपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## मुश्किलों में घिरे नरसिंहा नंद सरस्वती गंभीर धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर



**गाजियाबाद।** एक बार फिर मुश्किलों में घिरे नरसिंहा नंद सरस्वती पुलिस आयुक्त के लिए दिए आपत्तिजनक बयान पर गंभीर धाराओं में एफआईआर हुई दर्ज बीएनएस 351, 352, 353 1बी, 353-2, 292 डासना देवी मंदिर के महंत और जूना अखाड़े के महांडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद पर अभद्र टिप्पणी की, पुलिस आयुक्त के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर मुख्यमंत्री पर सनातन धर्म का उत्पीड़न कराने जैसे गंभीर आरोप लगाकर वीडियो वायरल की है। पुलिस आयुक्त को सोमवार तक न हटाए जाने पर पुलिस लाइंस में धरने की चेतावनी दी है। वायरल वीडियो में यति नरसिंहानंद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर के लिए भी अशोभनीय और अमर्यादित बात कही। यति नरसिंहानंद ने वायरल वीडियो में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा निकाली गई शोभायात्रा रोकने का भी विरोध जताया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर वेव सिटी थाने के उपनिरीक्षक ने यति नरसिहानंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में किंडरगार्टन स्नातक दिवस का भव्य आयोजन

■ **समारोह के दौरान बार बार हॉल तालियों और हर्षध्वनि से गूंजता रहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ग्रेटर नोएडा वेस्ट में यूकेजी के छात्रों के लिए एक शानदार स्नातक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रीति बाजपेयी (लिटिल स्टारलिन प्ले स्कूल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्कूल की चेयर परसन), लक्ष्य सिंह कैवल्य (मैनेजर), श्वेता मिश्रा, (प्रिंसिपल), ऋतु मित्तल (हेडमिस्ट्रेस), और नन्हे स्नातकों के अभिभावक उपस्थित रहे।

स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित समारोह में नन्हे स्नातकों ने पारंपरिक ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर मंच पर कदम रखा और गर्व के साथ अपने अपने डिप्लोमा प्राप्त किए, जो उनके किंडरगार्टन के शैक्षणिक सफर की सफल समाप्ति का प्रतीक थे। इस अवसर पर प्रिंसिपल श्वेता मिश्रा ने अपने विचार साझा करते हुए प्रारंभिक शिक्षा के महत्व और बच्चों के समग्र विकास हेतु किए जा रहे जयपुरिया स्कूल के विशिष्ट प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का ही नहीं, बल्कि उन मूल्यों, रचनात्मकता और जिज्ञासा का भी उत्सव है, जो जयपुरिया स्कूल के प्रत्येक छात्र-छात्रा में परिलक्षित होता है। हमें इन प्रतिभाशाली नन्हे स्नातकों पर गर्व है और हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता थी नन्हे स्नातकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम। बच्चों ने थैंक यू गीत गा कर और अनेक नृत्यों पर सुंदर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




समारोह के दौरान बार बार हॉल तालियों और हर्षध्वनि से गूंजता रहा। इन प्रस्तुतियों ने शिक्षकों की कड़ी मेहनत और उनके समर्पण को भी दर्शाया, जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स, अकादमिक उत्कृष्टता, छात्रों के भावनात्मक - रचनात्मक विकास और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने हेतु पिछले 80 वर्षों से प्रतिबद्ध रहा है, और इस प्रतिबद्धता को इस स्नातक दिवस समारोह ने बखूबी प्रमाणित किया।

# पार्षदों को मिलेंगे 1.55 करोड़ विकास कार्यों में आएगी तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी ने पार्षद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि में ३८८ करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिससे प्रत्येक पार्षद को १.५५ करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा १२ से अधिक अन्य मदों से भी पार्षदों को लाखों रुपये खर्च करने का अधिकार होगा।

इन मदों में सौ करोड़ रुपये से अधिक राशि का प्रावधान किया है। इन फंड का उपयोग वे सड़कों, गलियों के निर्माण, नाले-नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट लगवाने, पार्कों के रखरखाव और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर करेंगे। कई वर्षों से पार्षद अपने वार्डों में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त फंड न होने की शिकायत कर रहे थे, जिससे कई महत्वपूर्ण योजनाएं अधर में लटकी हुई थीं। इस बार एमसीडी ने सभी पार्षदों को पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया है।

खासकर पार्षद मद में दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी की गई है। इस तरह उनके क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का समाधान तेजी से किया जा सकेगा। विशेष रूप से सड़कों और गलियों की मरम्मत, जलभराव से निपटने, स्ट्रीट लाइट्स लगाने और सफाई सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए यह बजट अहम साबित होगा।एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, इस बार फंड का उपयोग पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वार्डों में आधारभूत संरचना में सुधार के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण-संरक्षण को भी विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इस बार एमसीडी का जोर विशेष रूप से शहरी और ग्रामीण इलाकों में समग्र विकास पर है। जलभराव से निपटने, जल संचयन को बढ़ावा देने, साफ-सफाई की स्थिति सुधारने और हरियाली बढ़ाने पर जोर रहेगा। लिहा. जा आगामी वित्त वर्ष में पार्षदों के लिए भरपूर फंड उपलब्ध होने से उनके वार्डों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

## बच्चों के बीच झगड़े के बाद दो परिवार आपस में भिड़े

**नई दिल्ली।** भरत नगर के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में शुक्रवार देर रात बच्चों के बीच झगड़े के बाद दो परिवार आपस में भिड़ गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए।

सभी को पास के जग प्रवेश अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने राधे श्याम (६५) को मृत घोषित कर दिया। राधे श्याम के बेटे समेत चार लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने राधे श्याम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर आरोपी पक्ष के खिलाफ हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली फायर सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने जस्टिस वर्मा के घर नकदी मिलने के दावों को किया खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगने की घटना के दौरान कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के मामले में नया मोड़ आ गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने तमाम दावों को खारिज करते हुए कहा कि आग बुझाते वक्त अग्निशमन कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली थी।

अतुल गर्ग ने घटना की जानकारी देते हुए कहा, श१४ मार्च को रात ११.३५ बजे फायर कंट्रोल रूम को जस्टिस वर्मा के तुगलक क्रिसेंट रोड स्थित आवास पर आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग स्टेशनरी और घरेलू सामान से भरे एक स्टोर रूम में लगी थी। अतुल गर्ग ने आगे बताया कि आग पर काबू पाने में १५ मिनट लगे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। डीएफएस प्रमुख ने बताया कि आग बुझाने के तुरंत बाद हमने पुलिस को आग की घटना की सूचना दी। इसके बाद दमकलकर्मियों की एक टीम मौके से चली गई। हमारे दमकलकर्मियों को आग बुझाने के दौरान कोई नकदी नहीं मिली।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की, जिनके सरकारी आवास से कथित तौर पर आग की घटना के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। इस दौरान कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने का भी प्रस्ताव रखा है।वहीं मामला तूल पकड़ने के साथ ही न्यायाधीश यशवंत वर्मा के ३० तुगलक क्रिसेंट रोड स्थित आवास पर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा लगा रहा, जिसको देखते हुए न्यायाधीश के आवास पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने किसी भी मीडियाकर्मी को उनके आवास पर प्रवेश नहीं करने दिया और दिनभर आवास के प्रवेश द्वार पर हलचल रही। सुबह से ही न्यायाधीश के आवास के बाहर भारी संख्या में मीडियाकर्मी जुटने शुरू हो गए थे। उन्होंने आवास में प्रवेश करने व घर में मौजूद सदस्यों से बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन प्रवेश द्वार पर ही तैनात सुरक्षाकर्मियों ने गेट बंद कर उन्हें बाहर ही रोक दिया, जिससे दिनभर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा लगता गया।

इससे पहले जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर आग लगने के दौरान बड़ी मात्रा में कैश बरामद होने की बात कही गई थी। इस बीच यह खबर आई थी कि उनका ट्रांसफर इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने साक्ष्य और जानकारी इकट्ठा करने के लिए जांच शुरू कर दी है। मुख्य न्यायाधीश ने २० मार्च २०२५ को कॉलेजियम की बैठक से पहले अपनी जांच शुरू कर दी थी।

# महिलाओं को 2500 रुपये दिलाने के लिए 'आप' सड़क पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की लाखों महिलाओं को भाजपा की दिल्ली सरकार से हर महीना २५०० रुपए दिलाने का वादा पूरा करने के लिए आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई। आम आदमी पार्टी के कई विधायकों व वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में बड़ी तादात में महिलाओं के साथ प्रदर्शन किया। २५०० रुपए को लेकर मुख्य रुप से "आप" के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने गोविंदपुरी, कालकाजी, दिल्ली की पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय व विधायक विशेष रवि ने करोलबाग, विधायक कुलदीप कुमार व नेता अंजना पारचा ने कोंडली और जरनैल सिंह ने तिलक नगर में प्रदर्शन किया और भाजपा से पूछा कि महिलाओं के खाते में २५०० रुपए कब आएंगे? पार्टी का कहना है कि महिलाओं को यह चेक देने का उद्देश्य यह है कि भाजपा को थोड़ी शर्म आएगी और वह दिल्ली की माताओं-बहनों को २५०० रुपए प्रतिमाह देकर अपना वादा पूरा करेगी।

इस दौरान "आप" के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री का वादा था कि आठ मार्च को दिल्ली की हर महिला को हर महीने २,५०० रुपए मिलने शुरू हो जाएंगे, लेकिन ८ मार्च आकर निकल भी गई, दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी ने 'बैंक ऑफ जुमला' के नाम से महिलाओं को चेक दिया है, जिस पर २,५०० रुपये लिखा है। हम महिलाओं को यह चेक दे रहे हैं, ताकि भाजपा को अपना वादा याद आ जाए। हमें लगता है कि अब भाजपा को थोड़ी शर्म आएगी और वह अपना वादा पूरा करेगी।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि ८ मार्च को हर महिला के खाते में २,५०० रुपये आएंगे। लेकिन महिलाओं के खाते में २५०० रुपए नहीं आए। मोदी जी का महिलाओं को २५०० रुपए देने का वदा महज एक जुमला था। ८ मार्च आकर चला भी गया, २५०० रुपए तो छोड़िए, अभी तक स्कीम का रजिस्ट्रेशन भी शुरू नहीं हुआ। तो यह साफ हो गया है कि मोदी जी झूठ बोल रहे थे।




दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये दिलाने को 'आप' के नेतागण सड़क पर प्रदर्शन करते हुए।

# निरंकारी भवन के पास बदमाशों व पुलिस के बीच में चली गोलियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर के डीडीए ग्राउंड, निरंकारी भवन के पास उत्तर-पश्चिम जिले की एएटीएस टीम के साथ गैंगस्टर जितेन्द्र गोगी गैंग के शूटरों के बीच आमने सामने गोलियां चली। एक गोली बदमाशों की एसआई के भी लगी,गनीमत यह रही कि एसआई ने बीपी जैकेट पहन रखी थी। पुलिस ने एक आरोपी के पैर में गोली मारकर उसे काबू किया जबकि दूसरे को कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ बादल और अमित उर्फ कन्हैया के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल,दो कारतूस एक कारतूस का खोल और चोरी की स्कूटी जब्त की। आरोपी विशाल अशोक विहार इलाके में लूट व हत्या की वारदात में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात एएटीएस में तैनात एसआई रवि सैनी को हत्या, डकैती और लूट के मामलों में शामिल विशाल और अमित के बारे में जानकारी मिली थी कि दोनों अपने साथियों से मिलने के लिए डीडीए ग्राउंड, निरंकारी भवन के पास पहुंचेंगे। जिनके पास अवैध हथियार भी हो सकते हैं। पुलिस को देखते ही वे गोली चलाने में हिचकिच. ाते नहीं हैं। इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर घेरा. बंदी की। ग्रे रंग के स्कूटर पर जब दोनों को आते दिखाकर रुकने का इशारा किया। अचानक से भागने की कोशिश में एक बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चला दी।

# महिला की हत्या पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक महिला की गला दबाकर हत्या कर शव को नजफगढ़ नाले में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने संबंधित कानूनों के तहत आरोपितों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही, तीन दिनों के भीतर एफआईआर की कॉपी और विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट एनसीडब्ल्यू को सौंपने का आदेश दिया गया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को लेकर सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। आयोग ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया है कि मामले में कोई ढिलाई न बरती जाए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में कोई कोताही न हो।

मृतक महिला की पहचान कोमल के रूप में हुई जो सुंदर नगरी में रहती थी और कॉल सेंटर में काम करती थी। द्वारका पुलिस ने बताया कि १७ मार्च को छावला थाना पुलिस को नजफगढ़ नाले में एक युवती का शव पाए जाने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकाला। शव सड़ी गली अवस्था में था। छावला पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दिल्ली की सभी थाना पुलिस को दे दी।

## फिल्म देख करने लगे झपटमारी, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कृष्णा नगर में बॉलीवुड फिल्म बंटी और बबली से प्रेरित होकर झपटमारी करने वाले बंटी और बबली की जोड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों कृष्णा नगर में लगातार वारदात को अंजाम दे रहे थे। एक महिला से फोन झपटने के दौरान दोनों सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान त्रिलोकपुरी हरिजन कॉलोनी निवासी अमन और संगम विहार निवासी साक्षी के रूप में हुई है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि कृष्णा नगर में पुलिस को झपटमारी की सूचना मिली। मौके पर पुलिस को शिकायतकर्ता ईस्ट आजाद नगर निवासी भारती कपूर मिली।

# लूट का विरोध करने पर युवक की चाकू गोदकर हत्या

■ **दो आरोपियों को पांच नाबालिगों के साथ पकड़ा,चाकू भी जब्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में बीती रात भीड़ भाड़ वाले इलाके में नशेडियों और उनके नाबालिग साथियों ने शुभम नामक युवक की इसलिये चाकू गोदकर हत्या कर दी। क्योंकि शुभम कुमार दत्त ने उनका लूटपाट करने का विरोध किया था। शुभम ने जब अपने भाई नीरज कुमार दत्त को बुलाया। उसके भी चाकू से कई वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हत्या और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले दो आरो. पियों को पांच नाबालिगों के साथ पकड़ा है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। परिवार का कहना है कि शुभम खून से लथपथ हालत में सडक पर पड़ा रहा था,जबकि लोग वहीं पर खड़ा होकर तमाशबीन बने हुए थे। कुछ अपने मोबाइल फोन से वीडियो तक बना रहे थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि निहाल विहार पुलिस को बीती रात करीब नौ बजे निहाल विहार-नांगलोई रोड स्थित पचास फुटा रोड शमशान घाट के पास युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर काफी खून पड़ा था। क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पता चला कि शुभम और उसके छोटे भाई नीरज को पुलिस की एक गाड़ी से नजदीक के पुष्पांजलि अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद शुभम को मृत घोषित कर दिया। जबकि नीरज की हालत गंभीर बताई। दोनों के शरीर पर चाकू के कई निशान थे।

पुलिस टीम ने नीरज के बयान दर्ज किये। जिसने बताया कि शुभम उसका बड़ा है। रात करीब नौ बजे शुभम बाजार से सब्जी आदि सामान लेने गया था। उसी वक्त पचास फुटा रोड पर कुछ नशेड़ी लडकों ने उसे अकेला देखकर छीना झपटी करने की कोशिश की। विरोध करने पर हाथापाई तक हुई। शुभम ने एक दो के थप्पड़ मारकर उनको वहां से भगाने की कोशिश की थी। मामला बढ़ता देखकर शुभम घर आ गया। जहां पर उसने आपबीती बताई। वह भी उसके साथ मौके पर पहुंचा। जहां पर आरोपी पहले से ही चाकू के साथ मौजूद थे। बहसबाजी व हाथापाई के बीच शुभम और उसपर चाकू से कई वार कर दिये थे। वह किसी तरह से वहां से जान बचाकर खून से लथपथ हालत में वहां से भागने में कामयाब हो गया था। शुभम के दोस्त नीरज ने बताया शुभम और हम सभी दोस्त सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे है। वैसे डिजिटल मार्किट का भी काम करते हैं और वेब साइड भी बनाया करते हैं। रात करीब नौ बजे शुभम का फोन आया था,जिसने झगड़ा होने की जानकारी दी थी। उसने अपने दोस्त अंकित व अन्य दोस्तों मौके पर भेजा,कुछ देर बाद अंकित ने फोन कर बताया कि शुभम को चाकू मार दिया है। वह भी मौके पर पहुंची। शुभम सडक पर खून से लथपथ हालत में पड़ा था। किसी तरह से ऑटो से उसको अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में ही एक पुलिस की गाड़ी दिखाई दी। जिसकी सहायता से शुभम को पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुभम के छोटे भाई के बयान पर मामला दर्ज किया। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से आरो. पियों के ठिकानों के बारे में जनकारी जुटाई गई। उनके ठिकानों पर छापेमारी करके एक नाबालिग को पकड़ा। जो वारदात में घायल भी हुआ था। उसकी निशानदेही पर बाकी छह को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके पकड़ा और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया।



भारतीय पुस्तकालय संघ द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. राजेश सिंह को इला- सर्वश्रेष्ठ लाइब्रेरियन पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

# डीयू लाइब्रेरियन डॉ. राजेश सिंह को मिला बेस्ट लाइब्रेरियन अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुस्तकालय संघ द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. राजेश सिंह को इला-सर्वश्रेष्ठ लाइब्रेरियन पुरस्कार २०२४ से पुरस्कृत किया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली, दिल्ली विश्वविद्यालय, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान पेशे के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान और दिल्ली विश्वविद्यालय में पुस्तकालय सेवाओं के आधुनिकीकरण और उन्नति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है।

डॉ. राजेश सिंह का पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में लगभग तीन दशकों का अनुभव रहा है। उनकी पेशेवर यात्रा सैनिक स्कूल पुरुलिया, पश्चिम बंगाल (१९९५-१९९७) में लाइब्रेरियन के रूप में शुरू हुई, उसके बाद इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद, झारखंड और IASE, MJP रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली, यू.पी. में पदभार संभाला। इसके बाद उन्होंने फैजाबाद के डॉ. आरएमएल अवध विश्वविद्यालय में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष और बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली, दिल्ली विश्वविद्यालय (२००६-२०२०) में उप पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। दिसंबर २०२० से, वह दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली में विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

डॉ. सिंह ने छात्रों और शोधकर्ताओं को सूचना कौशल पर प्रशिक्षण प्रदान करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में सूचना साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत की और नियमित रूप से इसका संचालन करते हैं। उन्होंने स्नातकोत्तर छात्रों के लिए पाठ्यक्रम-आधारित इलेक्ट्रॉनिक संसाधन कैप्सूल भी विकसित किए हैं और श्शोध योग्यता के लिए सूचना साक्षरताश पर एक नया पाठ्यक्रम पेश किया है।

उनके नेतृत्व में, दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली में महत्वपूर्ण आधुनिकीकरण हुआ है इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक लाइब्रेरी सर्विलांस सिस्टम, पैट्रन ट्रैफिक काउंटर सिस्टम, डिजिटल साइनेज सिस्टम, कंप्यूटर कियोस्क ओपीएसीएस, इंटरेक्टिव कंप्यूटर पैनल, आदि की स्थापना।

# राजघाट पावर हाउस होगा दिल्ली का नया इंटरटेनमेंट जोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजघाट पावर हाउस निकट भविष्य में राजधानी का नया मनोरंजन स्थल होगा। यहां मनो. रंजन से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं तो होगी ही, पावर हाउस से जुड़ीं पुरानी यादें ताजा करने के लिए एक ५डी म्यूजियम स्थापित कर आगंतुकों को यह भी बताया जाएगा कि कोयले से बिजली किस तरह बनती है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सुझाव और पहल पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इसे लेकर एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) के तहत चार अप्रैल तक विशेषज्ञ एजेंसियों से प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है। ईओआई के अनुसार यह मनोरंजन स्थल पब्लिक- प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत बनाया जाएगा। यह सप्ताह में सातों दिन और २४ घंटे खुलेगा। इसका प्रारूप मास्टर प्लान के अनुरूप ही तय किया जाएगा। मालूम हो कि १९८९ में शुरू किया गया १३५ मेगावाट का यह राजघाट थर्मल पावर प्लांट २०१५ में प्रदूषण के कारण स्थायी तौर पर बंद हो गया था। तब से खाली पड़ा है और धीरे-धीरे जर्जर अवस्था में पहुंच रहा है। इस प्लांट के क्षेत्र में अनेक औद्योगिक बिल्डिंग भी हैं। जैसे, टरबाइन, कोल कन्वेयर बेल्ट, क्लेरिफियर्स प्लस, १६० मीटर ऊंची चिमनी व कूलिंग टावर। पावर हाउस को मनोरंजन स्थल में तब्दील करते हुए इन सबकी भी रेट्रोफिटिंग की जाएगी।

# दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी जिले में दस लाइब्रेरी शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** युवाओं को सही रास्ता दिखाने के लिए दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी जिले में दस लाइब्रेरी शुरू की गई हैं। इन लाइब्रेरी की मदद से ही झुग्गियों में रहने वाले दस युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। इन युवाओं ने दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ और बैंकों जैसे विभिन्न संगठनों में सरकारी नौकरी हासिल की।

अपने बीच से ही युवाओं के सरकारी नौकरी पर लग जाने से झुग्गियों में रहने वाले दूसरे युवा भी इनसे प्रेरणा ले रहे हैं। पश्चिमी जिले में चल रही दस लाइब्रेरी में ४०० बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने यह जानकारी दी। उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा वर्ष २०२२ में थानों में लाइब्रेरी शुरू करने की पहल की गई थी। यह पहल झुग्गी वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण थी। इस कड़ी में अभी तक पश्चिमी जिले के नौ थानों और एक पुलिस चौकी में ऐसी लाइब्रेरी संचालित हैं। इनमें से चार लाइब्रेरी पिछले वर्ष नारायणा, इंद्रपुरी, विक. ासपुरी और पंजाबी बाग थाने में शुरू की गई। ये लाइब्रेरी स्थानीय बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। उन्हें बुनियादी और प्रतिस्पर्धी पुस्तकें उपलब्ध होती हैं। पुस्तकों से अधिक, यह अध्ययन के लिए अनुक. ूल वातावरण है, जो झुग्गी क्षेत्रों में एक बड़ी चिंता का विषय है। विचित्र वीर ने बताया कि झुग्गी के इलाकों में रहने वाले युवाओं को अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए इलाकों की पहचान की गई। फिर वहां के थानों में लाइब्रेरी स्थापित कर युवाओं को लाइब्रेरी में आने के लिए प्रेरित किया गया।

## नौकरी का झांसा देकर बलात्कार करने वाला यूपी से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैतपुर इलाके में दोस्त की जानकार महिला से दोस्ती करके उसको नौकरी का झांसा देकर बलात्कार करने वाले वांछित मुकेश को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल मोहित कुमार तोमर को आरोपी के बारे में जानकारी मिली थी। जो बीते २०२३ से जैतपुर में बलात्कार के एक मामले में वांछित था। जिसको कोर्ट ने भगौड़ा घोषित कर दिया था। एसीपी पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अरविंद कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने सिकंदराबाद, बुलंदशहर यूपी में छापेमारी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से बचने के लिये वह बार-बार स्थान बदल रहा था। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि २०२२ में वह अपने दोस्त के माध्यम से पीड़िता से मिला और उससे दोस्ती की और उसके बाद उसे नौकरी दिलाने के बहाने उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने उसके खिलाफ थाना जैतपुर में शिकायत दी थी। उसकी अग्रिम जमानत को कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# कारोबारी पर जानलेवा हमला करके साढ़े चार लाख रुपये लूटे, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में बीते शुक्रवार के दिन बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक कारोबारी पर जानलेवा हमला करके साढ़े चार लाख रुपये लूटे थे।

वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों रोशन,आशीष और गणेश शाह को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लूट की रकम में से दो लाख ५२ हजार रुपये बरामद किये हैं।

पुलिस आरोपियों के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। आरोपी मौजमस्ती और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिये वारदातों को अंजाम दिया करते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शुक्रवार को नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस को पीतमपुरा के सामने रोड नंबर ४४ पर एक कारोबारी पर जानलेवा हमला करके लाखों रुपये लूटने की पीसीआर कॉल हुई थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायत कर्ता भारत भूषण ने बताया कि वह किराड़ी सुलेमान नगर में परिवार के साथ रहता है। उससे बाइक सवार तीन बदमाशों ने जबरन रोककर साढ़े चार लाख रुपये लूटे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ महेश कुमार के निर्देशन में एसआई अंकित मान, एसआई नीरज, कांस्टेबल मोहित,श्यामवीर और राजेश को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। शिकायतकर्ता से बदमाशों के हुलिये व भाषा पता करने की को. शिश की। कई संदिग्धों से पूछताछ की। फुटेज में बदमाशों बाइक की पहचान की। एक पुख्ता जानकारी के बाद तीनों बदमाशों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट की रकम में से दो लाख ५२ हजार रुपये जब्त कर लिये।

# डीटीयू में एंजिफेस्ट जमकर थिरके छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में एंजिफेस्ट की शाम को डीजे नाइट का आयोजन हुआ। छात्रों की ओर से बैंड प्रस्तुति भी दी गई। फेस्ट में छात्र संगीत की धुन पर झूम उठे। उत्साह और जोश के साथ वह नाचते-गाते दिखे। तीन दिवसीय एंजिफेस्ट का अमर उजाला नॉलेज पार्टनर है। एक हजार छात्रों की टीम एंजिफेस्ट का आयोजन कर रही है।

एंजिफेस्ट के लिए दिल्ली के सभी कॉलेजों के छात्रों को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, इसके लिए पंजीकरण अनिवार्य है। एंजिफेस्ट को लेकर दिल्ली पुलिस की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केवल आमंत्रित छात्र-छात्राओं को ही फेस्ट में प्रवेश की अनुमति है। एंजिफेस्ट के पहले दिन निर्वाणा स्टेज पर अलग-अलग कॉलेज के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के ओपन एयर थियेटर में छात्रों ने डांस और नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। कंसर्ट में लोक ध्वनियों को इलेक्ट्रॉनिक संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया। एंजिफेस्ट में छात्रों के खाने-पीने से लेकर कपड़ों की खरीदारी सहित सौंदर्य प्रसाधन के स्टॉल भी लगाए हैं। फेस्ट में कई हैरतअंगेज गतिविधियां भी आयोजित हुई।

# जनपद में 25, 26 व 27 मार्च को होंगे विविध कार्यक्रम आयोजित

## बैठक में कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारी ने सम्बन्धितों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रमुख सचिव आयुष एवं खाद्य सुरक्षा विभाग शासन द्वारा नामित जनपद नोडल अधिकारी रंजन कुमार द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर 25, 26 व 27 मार्च 2025 को यूपी-भारत का ग्रोथ इंजन राज्य व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को लोक मंच पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा।नोडल अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी में जनपद की विगत 8 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याण की योजनाओं, स्थापित व निर्माणाधीन परियोजनाओं, नई औद्योगिक इकाईयों आदि के अच्छे फोटोग्राफ्स, मॉडल सफलता की कहानी मेरी जुवानी मेरी कहानी आदि को प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम को अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय आदि थीम पर आयोजित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम अन्तर्गत लाभार्थियों को टूल किट, ऋण वितरण, चेक आदि का वितरण भी जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी कर ले और शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न करायें। इस अवसर बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, डिप्टी कलेक्टर भावना सिंह, अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।



# हत्यारोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्याय अभिरक्षा में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

21 मार्च को हत्या के मामले में थाना सिंघावली अहीर पर तहरीर दी गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पति ईश्वर पुत्र हरदम निवासी बसौद की गला रेतकर हत्या कर दी है जिसका शव ग्राम गौसपुर के जंगल में पडा मिला था। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिंघावली अहीर पर बीएनएस पंजीकृत कर कार्रवाई करना शुरू कर दिया। शनिवार को पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने चैकिंग के दौरान हत्या स संबंधित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरा.पी ने अपना नाम वेदप्रकाश उर्फ वेदू पुत्र स्व.ईश्वर निवासी ग्राम बसौद बागपत बताया है। पुलिस ने हत्यारोपी पर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्याय अभिरक्षा में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# बच्चों ने रैली निकालकर दिया जल बचाओ का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को प्राथमिक विद्यालय नंबर एक अंग्रेजी माध्यम के नन्ने-मुन्ने बच्चों ने विश्व जल दिवस पर कस्बा टटीरी में जागरूकता रैली निकालकर जल बचाओ का संदेश दिया।

इस दौरान प्रधानाचार्य ममता मानव ने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही जल की अहमियत समझाने और उनके जरिए लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करना ही रैली का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि विश्व जल दिवस पर नन्ने मुन्ने बच्चों ने जल ही जीवन है, जल है तो कल है जैसे नारे लगाकर लोगों को जल बचाने का संदेश दिया तथा हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर लोगों को जल संरक्षण के तरीके भी बताए। इस मौके पर भावना, पूनम उज्जवल, अनुपमा, दीपा शर्मा, आदेश कुमारी, नेहा चौधरी, आशा रानी, वंदना, कुलदीप आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान मारपीट के मामले फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी पर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

जनपद में पुलिस के द्वारा अपराधें की रोकथाम एंव वांछित आरोपियों की गिरफतारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मारपीट के मामले से संबंधित शनिवार को थाना बिनौली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 17 मार्च को गांव अंगदपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाना बिनौली पर मारपीट के मामले में 6 आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी थी। उसका आरोप था कि उसके घर में घुसकर 6 आरोपितों तासपाल, रोहित, मोहित, सचिन व आकास तथा सावन ने उसके भतीजे राहुल के साथ लाठी-डण्डों से मारपीट की जिससे उसके भतीजे को गम्भीर चोटें आयी थी। थाना बिनौली पुलिस ने मामले की जांच करते हुए एक आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया है जिस पर विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया है। वही दुसरी और, थाना बिनौली पुलिस ने शस्त्र अभियान के तहत चैकिंग के दौरान एक आरोपी वीरपाल उर्फ बिटू निवासी गांव बिजवाड़ा को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .12 बोर मय एक जिन्दाा कारतूस .12 बोर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी पर विधिक कार्रवाई करते हुए न्याय अभिरक्षा में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया है।





## एक नजर

### मानवाधिकार आयोग ने वन विभाग को लिखा पत्र, बिल्ली पकड़ने व परिवार की मदद का दिया आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के खादी आश्रम में रहने वाले एक परिवार की दो महीने की बच्ची की बिल्लियों के हमले के कारण 25 दिसंबर 2024 को मौत हो गई।

मृतक बच्ची की मां पूजा ने बताया कि वह अपनी बेटी को कमरे में सुलाकर पति को बुलाने गई थी। वापस लौटने पर उसने देखा कि दो बिल्लियां उसकी बच्ची को नोच रही थीं। हमले में बच्ची की एक आंख बाहर निकल गई और एक हाथ की चार उंगलियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। गंभीर हालत में बच्ची को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। 15 दिन के इलाज के बाद भी डॉक्टरों ने बचा नहीं पाया और बच्ची की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर राज्य मानवाधिकार आयोग ने मामले का संज्ञान लिया। इस घटना के महीनों बीत जाने के बाद अब प्रशासन जागा। आयोग ने आज वन विभाग को पत्र भेजकर बिल्ली को पकड़ने और पीड़ित परिवार की मदद करने का आदेश दिया है। वन विभाग के रेंजर का कहना है कि हमला करने वाली बिल्ली वन्य जीव नहीं है, इसलिए यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। वे यही जवाब मानवाधिकार आयोग को भेजेंगे।



मृतक बच्ची की फाइल फोटो

### 8-10 लोगों ने घर में घुसकर किए दो महिलाओं समेत 5 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शांति नगर पट्टी चौधरान में रास्ते से ईंट हटाने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 8-10 लोगों ने एक मकान में घुसकर हमला कर दिया। इस हमले में दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए।

घटना के समय विशाल का पुत्र सागर, विशाल की पत्नी मुनेश और सोनू समेत परिवार के अन्य लोग घर में मौजूद थे। तभी लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से लैस लगभग 10 लोग घर में घुस आए। हमलावरों ने बिना किसी बातचीत के परिवार पर हमला कर दिया। परिवार के चीख-पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल मुनेश, सुनीता, सागर, सोनू और अमित को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# आवारा गौवंशो ने मचाया तांडव, कई वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के भगवान महावीर मार्ग पर आवारा गौवशौ ने ऐसा तांडव मचाया की रोड पर चलने वाले कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घंटे तक यह आवारा सांड ऐसा तांडव मचाते रहे की रोड पर चलने वाली एक साइड 1 घंटे तक जाम रही। रोड पर चलने वाले लोगों ने लाठियां के सहारे इनको वहां से बड़ी मुश्किल से भगाया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद ललित जैन पूर्व सभासद विनोद कुमार उपाध्याय निटु मनोज जैन राकेश कुमार आर्य धर्मवीर सिंह रामपाल चौधरी सुकरामपाल सिंह दिनेश मंडी समिति के सुभाष जैन रविंद्र चौधरी विक्रम सिंह आदि लोगों ने बड़ी मुश्किल से लाठी डंडों से इनको हटाकर वहां से भगाया तब जाकर रोड पर चलने वाले वाहन शुरू हुए। लोगों ने नगर पालिका परिषद से इन आवारा गौवशो को पकड़वाकर गौशाला में शिफ्ट करने की मांग की। लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद के अधिका.रियों को कई बार अवगत कराया गया मगर नगर पालिका परिषद की तरफ से इन सांडों को अभी तक गौशाला में शिफ्ट नहीं किया गया। पूरे भरे बाजार में यह आवारा किस्म के सांड हर रोज एसा तांडव मचाते हैं कि हर रोजाना लोगों की चपेट में आते हैं कई लोग तो चोटिल भी हो चुके है। शहर के लोगों ने इन्हें पड़वा कर गौशाला में भेजने की मांग की है।



# 26, 27 व 28 मार्च को लगाएगे विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में अपने आवास प्रेस वार्ता करते हुए शिक्षक नेता स्वराज पाल दुहूण ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बागपत में लम्बित प्रकरणों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती देख उ.प्र.मा.शिक्षक संघ ने निर्णय लिया है कि वे 26,27 व 28 मार्च 25 को तीन दिन लगातार अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक 2 घन्टे के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कैम्प करेंगे। इस आशय की जानकारी आज ज़िला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंच कर संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें भी दे दी है।

उ.प्र.मा.शि.संघ के प्रान्तीय संरक्षक मण्डल के सदस्य स्वराज पाल दुहूण ने बताया कि गत 4 मार्च से ही 60करोड़ रुपया बागपत ट्रेज़री में आया हुआ है किन्तु आज भी शिक्षक अपने जीपीएफ अवशेष के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। दूसरी ओर सेवा निवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं को नोशनल वेतन-वृद्धि के लिए भटकना पड़ रहा है। कार्यालय में फाइलों के अम्बार लगे हैं, किन्तु निस्तारण की गति शून्य है। शिक्षक शिक्षिकाओं के एनपीएस के खातों में राज्यांश जमा होने की गति भी अत्यंत शिथिल है तथा चयन वेतनमान/प्रोन्नत वेतनमान आदि के लम्बित अवशेषों का भुगतान नही हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में संगठन की विवशता है कि वे तीन दिन कार्यालय में उपस्थित रह कर लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करावें। संगठन ने प्रकरणों से सम्बन्धित शिक्षक शिक्षिकाओं का भी आहवान किया है कि वें भी निश्चित तिथि व समय पर कार्यालय पहुंचे, ताकि लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कराया जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत कार्यालय को इस आशय का पत्र कोमवीर सिंह तोमर, स्वराज पाल दुहूण, ज़िलाध्यक्ष राजवीर सिंह व पूर्व जिला मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर ने दिया।



# पांच करोड़ 26 लाख रुपये के घोटाले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना बड़ौत पुलिस ने एटीएम घोटाले के मामले फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपर पर एटीएम से 5 करोड़ 26 लाख रुपए का घोटाला करने के मामले में थाना बड़ौत पर मुकदता दर्ज था।

गत 4 मार्च को सीएमएस कंपनी के प्रबंध्क योगेन्द्र सिंह ने दो कर्मचारियों गौरव तोमर व रॉकी मलिक पर 5 करोड़ 26 लाख रुपए का घोटाला करने के मामले में थाना बड़ौत पर तहरीर देकर मुकदता दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि उनकी कंपनी बैंक से पैसे लेकर एटीएम में लोडिंग और अनलोडिंग का काम करती है। बड़ौत में यह काम कंपनी के कर्मचारी गौरव तोमर और राकी मलिक करते थे। उनका अरोप था कि दोनों कर्मचारियों ने बैंक से पैसे तो ले लिए, लेकिन एटीएम में नहीं डाले और सारे पैसों का गबन कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों की तलाश की जिसमे से शनिवार को एक आरोपी रॉकी मलिक उर्फ रोबिन निवासी गांव हसनपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसकी निशानदेही से गबन किए गए रूपयों में से 63000 रूपये नगद, एक मोबाईल फोन रेडमी व एक पर्स जिसमे आरोपी का आधर कार्ड, डराइविंग लाइसेंस व एटीएम तथा एक वोटर कार्ड बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी पर विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया है।



# संस्कृति पब्लिक स्कूल में किया वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा नर्सरी से युवी, एलकेजी से युविका सरोहा, यू के जी से अर्पित, कक्षा एक से देवांशी, कक्षा 2 से इस्माइल, कक्षा 3 से देवांशी, कक्षा 4 से वंशिका, कक्षा 5 से प्रांजल, कक्षा 6 से दिव्या, कक्षा 7 से पूर्वी, कक्षा 8 से अब्दुल, कक्षा 9 से वैभव शर्मा तथा कक्षा 11 से अभिप्राय भारद्वाज ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर दिनेश शर्मा व मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत कुमार शर्मा ने सभी टॉपर्स को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र देकर तथा मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगीता, सोनम चौधरी, माधवी शर्मा, निधि शर्मा, नीतू चौधरी, सरिता, हिमांशु पंवार, संजय शर्मा, अंशु, नेहा, सीमा चौधरी, वीशू तथा शालिनी आदि मौजूद रहे।



# 23 मार्च से होगी श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** 23 मार्च से श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन भक्ति सुख शांति हेतु प्रारंभ हो रहा है। कथा का प्रारंभ पंचमुखी महादेव मंदिर से कलश यात्रा प्रात: 9बजे प्रारंभ होकर श्री महाराजा अग्रसेन भवन कोताना रोड पर पहुंचेगी जहां कलश स्थापना होगी और दोपहर में 2 बजे से प्रतिदिन शाम को 6तक कथा हुआ करेगी। इस कथा को कथा व्यास ज्ञान सागर गायत्री तपोनिस्ठ ब्रह्मचारी डा.गुण प्रकाश चौतन्य महाराज के मुख से श्रवण करने को मिलेगी। कथा को भव्य एवं सनातन परंपरा अनुसार करने के लिए सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा के द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कथा के यजमान डा.सुरेंद्र शर्मा दिनेश कौशिक सुधीर शर्मा रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक डा. दीपक गौतम ने बताया कि इसको सफल करने हेतु ब्रह्म सिंह गोयल डा. अखिलेश शर्मा रामकुमार शर्मा डा. रमेश वशिष्ठ पंडित बल्लभ भारद्वाज मंसाराम गर्ग आदि सभी लगे हुए हैं। श्री सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा सभी सनातन धर्म लंबियों से अनुरोध करती है कि सभी कथा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाए।



# हर माह 5 तारीख को लगाया जाएगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के नेहरू रोड़ स्थित राष्ट्रीय लोकदल नगर कार्यालय पर एक बैठक पर हुई जिसमें रालोद के वरिष्ठ नेता डा.योगेश जिंदल ने बताया कि क्लब बड़ौत चेतना के द्वारा आँखों की जांच एंव ऑपरेशन के लिए नि:शुल्क आँखों का कैंप राष्ट्रीय लोकदल के नगर कार्यालय जिन्दल निवासी नेहरू रोड पर हर महीने की 5 तारीख को लगाया जायेगा। जहाँ से मरीजों की आँखों के ऑपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे किये जायेंगे, कृपया सभी से निवेदन है कि अधिक से व्यक्तियों को जानकारी देने की कृपया करे जिससे अधिक से अधिक बुजुर्गो को आँखों मे रौशनी मिल सके, निवेदक डा. योगेश जिन्दल लायंस क्लब बड़ौत चेतना द्वारा यह जानकारी दी गई है। डा.योगेश जिंदल ने कहा कि दुनिया में अगर आंख हैतो है तो सारी चीज है। आंख के बिना पूरा संसार अधूरा है। इसीलिए हमारे द्वारा इस कैंप का आयोजन किया जाता है। गरीबों की सेवा करना हमारा पहला मकसद है। डा.योगेश जिंदल अपने आवास पर मीडिया से रूबरू होकर यह जानकारी दे रहे थे।



# आवारा गौवंश को लेकर गौशाला संचालक के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम पंचायत नैथला स्थित अस्थाई गौशाला में बिना किसी सक्षम अधिकारी की सूचना के गौवंशों को गौशाला में जबरदस्ती दाखिल करने तथा गौशाला संच.ालक को धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

श्री नव धार्मिक सेवा ट्रस्ट के गौशाला संचालक संजय कुमार ने शनिवार को जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह ग्राम पंचायत नैथला में अस्थाई गौशाला के संचालक है। इस गौशाला की क्षमता 70 पशुओं की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 7बजे ग्राम प्रधान पति अपने साथियों के साथ करीब डेढ़ दर्जन आवारा गोवंश अपने साथ लेकर गौशाला पहुंचे और कर्मचारियों पर उन्हें गौशाला में लेने का दबाव बनाने लगे उनके पास किसी भी सक्षम अधिकारी की कोई सूचना अथवा कोई लिखित आदेश नहीं था। इनमें कुछ पशु मृत अवस्था व कुछ बेहा.ेशी की अवस्था में थे। गौशाला कर्मचारियों ने गौशाला में क्षमता से अधिक पशु होने की बात कहते हुए बताया कि गौशाला में पहले से ही 165 पशु है लेकिन उसके बाद भी उन्होंने गौशाला संच.ालक राकेश अग्रवाल तथा वहां पर मौजूद केयरटेकर के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से गौशाला कर्मचारियों में भय का माहौल है और उन्हें अंदेशा है कि कभी भी कोई भी घटना घटित हो सकती है। उन्होंने कहां कि यदि भविष्य में गौशाला से संबंधित कोई भी घटना घटित होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रधान पति की होगी। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है।



**नीलामी सूचना**

सादर अवगत कराना है कि दिनांक 28.03.2025 को थाना चांदीनगर जनपद बागपत पर 05 मोटरसाईकिल दो पहिया, 01 स्कूटी दो पहिया, व 01 ट्रेक्टर, 01 मोडिफाई रेडा व 06 चार पहिया वाहन कुल 14 लावारिस वाहनो की नीलामी किया जाना प्रस्तावित है अत: आप अपने थाने क्षेत्र के निवासित नीलामी के इच्छुक व्यक्तियो को समय 10.00 बजे नीलामी में सम्मलित होने हेतू थाना चांदीनगर पर पहुंचने हेतू अवगत कराने का कृष्ट करे। कबाड़ी इच्छुक व्यक्ति अपनी अपनी आईडी व जमानत धनराशि लेकर दिनांक 28.03.2025 को समय 10.00 बजे थाना चांदीनगर पर पहुंचने का कृष्ट करे।

**( संजय कुमार )**
**थानाध्यक्ष-थाना चांदीनगर,**
**जनपद बागपत।**

**सूचना**

मेरा नाम संजय कुमार है मेरी शादी श्रीमती दीपा के साथ लगभग 25 वर्ष पहले हुई थी वह मुझे छोड़कर अपने लड़के रोहित व पुत्री मंटो को साथ लेकर कहीं चली गई मेरा उससे अब कोई संबंध वास्ता नहीं रहा।

संजय कुमार पुत्र लखीराम निवासी कुड़ी थाना छपरौली जनपद बागपत।

# डेढ़ साल की बच्ची का अपहरण

## पांच राज्यों के 150 ईंट भट्ठों की तलाशी के बाद बच्ची मिली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक डेढ़ वर्षीय बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया है। बिसरख थाना पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है।

18 मार्च को बच्ची की मां ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि घर की सफाई करने वाली रेनू और दिनेश उनकी बच्ची को लेकर चले गए हैं। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी रेनू बच्ची को गोद में लेकर जाती दिखी। जांच में पता चला कि रेनू और दिनेश पहले ईंट भट्ठों पर काम करते थे। पुलिस ने कासगंज, अलीगढ़, इगलास, संत कबीरनगर, गाजियाबाद, राजस्थान के माजरी और हरियाणा के रेवाड़ी व भिवानी के भट्ठों की जांच की।



भिवानी के खोड़ी में एक महिला और पुरुष छोटी बच्ची के साथ देखे गए थे। 22 मार्च को पुलिस ने दोनों आरोपियों को नोएडा की आम्रपाली रिवर्व व्यू सोसायटी से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि रेनू से पूछताछ की गयी तो ज्ञात हुआ कि रेनू उम्र 44 वर्ष की शादी करीब 25 साल पहले राजवीर उम्र करीब 50 वर्ष निवासी नगला जार, थाना इगलास, अलीगढ़ के साथ हुई थी। राजवीर से रेनू को 04 बच्चे 1.उम्र 22 वर्ष 2.उम्र 16 वर्ष 3. उम्र 15 वर्ष 4.उम्र 10 वर्ष है। करीब 04 साल पहले रेनू की मुलाकात जनपद अलीगढ में अपने देवर की शादी में दिनेश उम्र लगभग 28 वर्ष से हुई और दोनो के मध्य प्रेम सम्बन्ध स्थापित हो गये।

जिस पर रेनू अपने पति व बच्चो को छोडकर दिनेश के साथ नोएडा में आकर बतौर पति पत्नी निवास करने लगे तथा रेनू 14जी एवन्यू गौर, सिटी बिसरख में साफ-सफाई का कार्य करने लगी। जहाँ पर उसकी मुलाक. ात अपहृत बच्ची की माता(वादिया) से हुई। अभियुक्ता रेनू का बच्ची की माता(वादिया) के घर आना जाना हो गया।

दिनेश से रेनू को कोई बच्चा पैदा नही हो रहा था, जिस कारण दिनेश व रेनू ने मिलकर योजना बनाकर दिनांक 16.03.2025 को सुबह जब बच्ची(अपहृता) की माता काम पर चली गयी तो रेनू मौका पाकर बच्ची उम्र डेढ़ वर्ष को लेकर दिनेश के साथ चली गयी और हरियाणा में जाकर ईट के भट्टे पर काम करने लगी। दोनो भट्टो पर बनी झुग्गियो में छुपकर वही रहने लगे तथा पुलिस से बचने के लिये अपने पुराने मोबाइल व सिम को तोड़कर फेंक दिया।

## युवती को अगवा करने के मामले में पांच पर केस दर्ज

**नोएडा।** कपड़े की दुकान में काम करने वाला कर्मचारी 19 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी जब युवती के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। आरोपी के चार करीबियों पर युवती को भगा कर ले जाने में मदद करने का आरोप है। सेक्टर-20 थाने में दी शिकायत में सेक्टर-27 निवासी महिला ने बताया कि बीते माह 26 फरवरी को उनकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। इस संबंध में थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता महिला ने जब बेटी के जाने के बाद पूरी जानकारी एकत्र की तो पता चला कि थानाक्षेत्र के इंदिरा मार्केट स्थित नूरी क्लाथ हाउस में काम करने वाला अमन रजा युवती को बहला फुसलाकर ले गया है। शिकायतकर्ता महिला को शक है कि उसकी बेटी को भगाने में अमन की मदद गुलशदा, रिहान,फारुख और संजीव ने की है।

# ओवरलोड वाहनों से जिला प्रशासन ने वसूले दो करोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** शासन एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में ओवर लोड संचालित वाहनों और खनन सामाग्री के अवैध परिवहन के विरुद्ध अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में आज परिवहन और खनन विभाग की जिला स्तरीय कार्यबल द्वारा ओवरलोड/अवैध परिवहन के विरुद्ध संयुक्त प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ उदित नारायण ने बताया कि वर्ष 2025 के जनवरी एवं फरवरी मार्च माह में चलाये गये राजस्थान व हरियाणा से रोडी, गिट्टी, रेता आदि लादकर जनपद गौतमबुद्धनगर आने वाले एवं अन्य 442 ओवरलोड वाहनों के चालान कर 343 वाहनों को बन्द की गयी कार्रवाई की गई।



उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में यह कार्यवाही इको टेक-1, डीएनडी कालिंदी कुंज, चार मूर्ति, सिरसा कट, बिसरख, बादलपुर, नालेज पार्क सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग समय पर की गई।

उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान वाहनों में ओवर लोड माल परिवहन के अतिरिक्त कई वाहनों में पंजीयन चिन्ह अस्पष्ट होने और निर्माण सामाग्री, त्रिपाल से ढका न होने, रेफ्लेक्ट न लगा होने, फिटनेस/परमिट प्रमाणपत्र न होने व कर न जमा होने कारण प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। इस अभियान के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन डॉ उदित नारायण, अभिषेक कनौजिया, विपिन चौधरी, जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी, यात्री कर अधिकारी राजेश मोहन, के जी संजय सहित पुलिस और प्रवर्तन कर्मी शामिल रहे।

उन्होंने यह भी बताया कि ओवरलोड वाहनों पर लगभग प्रशमन शुल्क रू 208 लाख 98 हजार वसूल किया गया। सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन और परमिट निल. ंबन की संस्तुति की गई।

उन्होंने वाहन स्वामियों को यह भी बताया कि ओवर लोडिंग से वाहन का सन्तुलन बिगड़ता है, इससे सड़क हादसों की संभावना बढती है, सड़कों के मरम्मत पर व्यय बढता है, गाडी के टायर व इंजन की आयु कम हो जाती है, प्रदूषण बढता है, यह नुकसानदायक है, अतः ओवर लोडिग न करें।

## डंपिंग ग्राउंड का लोगों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-117 के बाद अब सेक्टर-150 में रहने वाले लोगों ने भी अपने यहां डंपिंग ग्राउंड बनाने का विरोध किया। सोसाइटी के लोगों ने शांति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए कहा कि हम यहां डंपिंग ग्राउंड नहीं बनने देंगे। इसको लेकर प्राधिकरण अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। प्राधिकरण की तरफ से उद्यानिकी कूड़े का निस्तारण करने की जानकारी मिलने पर सेक्टर-117 के लोगों ने विरोध जताया। इस सप्ताह विरोध दर्ज कराते हुए हंगामा किया।

इसको लेकर बुधवार को नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी को एक ज्ञापन दिया। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने यहां पर कूड़ा नहीं डलवाने का निर्णय लिया है। सेक्टर-117 में कूड़ा डालने को लेकर लोगों का विरोध शांत हुआ नहीं कि अब सेक्टर-150, 151 के लोग भी सामने आ गए हैं। सेक्टर-151 जेपी अमन सोसाइटी की एओए अध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि सोसाइटी के लोग शहीद भगत सिंह पार्क पर इकठ्ठा हुए। बायर्स ने कहा कि यहां एक सोसाइटी नहीं बल्कि 20 सोसाइटी है। जिसमें हजारों लोग रहते है।

**प्राधिकरण जाकर सीईओ से करेंगे बात:** उन्होंने कहा कि यमुना नदी के किनारे डंपिंग यार्ड बनाने का फैसला गलत है। प्रदर्शन में महिला , बच्चे , बुजुर्ग सभी शामिल हुए। सभी ने कहा कि एक बार यार्ड बनने के बाद यहां रहना तक दूभर हो जाएगा।

# चार महीने पहले पिता की हत्या करने वाला गिरफ्तार

- बीमा के पैसे के लिए वारदात को दिया था अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक बेटे ने बीमा के पैसों के लिए अपने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने चार महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी संतोष बोसक ने अपने पिता प्रकाश बोसक की हत्या 2 दिसंबर को कासना कोतवाली क्षेत्र में की थी।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, मृतक प्रकाश बोसक बिहार के थे। वे



पिछले 20 साल से नोएडा में रह रहे थे। उन्होंने बेटे संतोष के साथ बुलंदशहर में एक घर खरीदा था। इसके लिए साढ़े बारह लाख का होम लोन लिया था। किस्त चुकाने में परेशानी होने पर 21 लाख का दूसरा लोन लिया। इस लोन में प्रकाश का 60 प्रतिशत जीवन बीमा था।

संतोष का मसाला पैकेजिंग का व्यवसाय घाटे में चल रहा था। उसे पता चला कि पिता ने 25-25 लाख के दो जीवन बीमा करवाए हैं। इन बीमा पॉलिसी में उसकी मां नॉमिनी थी। संतोष ने सोचा कि पिता की हत्या से उसे 50 लाख रुपये मिल जाएंगे। साथ ही लोन का 60 प्रतिशत बीमा कंपनी चुका देगी।

वारदात के दिन संतोष अपने पिता को दिल्ली ले गया। वापसी में जानबूझकर सुनसान कच्ची सड़क से आया। बिशवाना गांव के पास स्कूटी रोककर पिता से पेशाब करने को कहा। जैसे ही प्रकाश स्कूटी से उतरे, संतोष ने चाकू से हमला कर दिया। शक न हो इसलिए खुद की छाती पर भी चाकू से निशान बनाया। हत्या के बाद वह समाधि के पास खड़ा हो गया। चाकू को झाड़ियों में छिपा दिया।

## एक नजर

### बोड़ाकी स्टेशन के काम में आएगी तेजी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में बोड़ाकी के पास रेलवे टर्मिनल का निर्माण होना है। पीएमओ डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल ने शनिवार को रेलवे टर्मिनल के निर्माण की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को रेलवे टर्मिनल का काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

बोड़ाकी के पास मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब परियोजना करीब 478 हेक्टेयर जमीन पर विकसित की जा रही है। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के अंतर्गत रेलवे, बस अड्डा और मेट्रो कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। बोड़ाकी के पास ही रेलवे टर्मिनल बनाया जाएगा। यहां से पूरब की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें चलेंगी। इससे दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। ट्रांसपोर्ट हब में ही अंतर्राज्यीय बस अड्डा भी बनेगा।

**नोएडा-ग्रेनो मेट्रो रूट का विस्तार:** मौजूदा नोएडा-ग्रेनो मेट्रो रूट का विस्तार मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब तक होना है। ट्रांसपोर्ट हब से लोकल बसें भी चलाई जाएंगी। वहीं लॉजिस्टिक हब से उद्योगों के लिए माल ढुलाई की राह आसान हो जाएगी।

**माल डेढ़ दिन में पहुंच सकेगा:** नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना अथॉरिटी के उद्योगों की जरूरत को देखते हुए यह परियोजना बेहद अहम है। मुंबई, गुजरात आदि जगहों पर जाने में चार से पांच दिन लगता है, इसके शुरू होने के बाद माल डेढ़ दिन में पहुंच सकेगा।

**तीन साल में काम होगा पूरा:** ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के मुताबिक, लॉजिस्टिक हब में वेयर हाउस भी बनेंगे। इन दोनों परियोजनाओं को अगले तीन साल में विकसित करने का लक्ष्य है। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### कवियों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में एओए और केपटाउन साहित्यिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में गौरव चौहान, डॉ. अनिल वाजपेयी, सुनहरी लाल वर्मा, अरुण शर्मा, मोनिका देहलवी आदि कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, रोहित चौधरी, मयंक बिधौलिया, योगेन्द्र सुंदरियाल और अवनीश त्रिपाठी ने भी काव्य पाठ किया।

### हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-1 स्थित केनरा बैंक के अंचल कार्यालय में केन उत्सव के तहत दो दिवसीय हस्तकला उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षत अंचल प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने की। इसमें क्षेत्रों की महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हस्तकला उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के हस्तकला उत्पाद, डिजाइनर कपड़े, ज्वैलरी, आचार, साबुन, सॉफ्ट टॉय, चमड़े का सामान, चाय, केक इत्यादि अनेकों उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम में 21 महिला उद्यमियों अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

### पूर्वोत्तर भारत के पारंपरिक नृत्य से लोगों का मनमोहा

**ग्रेटर नोएडा( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में आठवें नॉर्थ ईस्ट सांस्कृतिक उत्सव बेलियेटस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा रहे। इस दौरान पूरे पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक छटा के रंग दिखे। छात्रों ने पारंपरिक नृत्यों और पोशाकों से समां बांध दिया।

उत्सव के आठवें संस्करण में असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम मेघालय,त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैंड के छात्रों ने शानदार अभिनय और कलाकारी से दर्शकों का मन मोह लिया। अरुणाचल प्रदेश के छात्रों ने पारंपरिक नृत्य कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। असम के छात्र और छात्राओं ने बीहू की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया असम के कलाकारों ने जब परंपरागत पोशाक पहनकर पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर खूबसूरत बीहू नृत्य पेश किया। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा कि इस उत्सव की वजह से देश के विभिन्न प्रदेशों के छात्रों को नॉर्थ ईस्ट की परंपरा और रहन सहन के बारे जानने का मौका मिल रहा है। ऐसा ही फायदा नॉर्थ ईस्ट के छात्रों को मिल रहा है। विश्वविद्यालय में छात्र एक परिवार की तरह रहते हैं।

वहीं विवि के चांसलर पीके गुप्ता ने कहा कि पूर्वोत्तर के इंद्रधनुषी रंग से बच्चों ने वहां की लोक कलाओं और संस्कृति को दर्शाया। नॉर्थ ईस्ट पहाड़, हरियाली और परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहां के बच्चे न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी परंपरा के बल पर लोगों का दिल जीतते आए हैं। पढ़ाई के अलावा ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है।

# 750 एकड़ स्मार्ट टाउनशिप में कूड़े का निस्तारण रहेगा ऑटोमेटेड, पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी ने लिया जाएजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रधानमंत्री कार्यालय के डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल ने शनिवार को आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का दौरा किया। उन्होंने प्लग एंड प्ले सिस्टम और ऑटोमेटेड वेस्ट प्लांट को भी देखा। डिप्टी सेक्रेटरी ने निरीक्षण के बाद स्मार्ट टाउनशिप की सराहना की। इसके बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में प्रजेंटेशन हुआ, जिसमें डिप्टी सेक्रेटरी ने एमएमटीएच व एमएमएलएच प्रोजेक्ट में तेजी लाने के निर्देश दिए।

दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत आईआईटीजीएनएल की तरफ से इंटीग्रेटेड टाउनशिप करीब 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई गई है। पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल ने शनिवार सुबह करीब 11 बजे टाउनशिप देखने पहुंचे। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी की एसीईओ और आईआईटीजीएनएल की निदेशक श्रीलक्ष्मी वीएस ने इस स्मार्ट टाउनशिप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्लग एंड प्ले सिस्टम और ऑटोमेटेड वेस्ट प्लांट को भी देखा। इसके बाद डिप्टी सेक्रेटरी ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी पहुंचे और इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब परियोजनाओं पर प्रजेंटेशन को देखा। आईआईटीजीएनएल की निदेशक श्रीलक्ष्मी वीएस और निदेशक प्रेरणा सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**पाइप के जरिए पहुंचेगा कूड़ा:** प्रजेंटेशन में बताया गया कि इस टाउनशिप में कूड़े का निस्तारण पूरी तरह से ऑटोमेटेड है। पाइप के जरिए कूड़ा प्लांट तक पहुंचेगा और प्रोसेस होकर कंपोस्ट में तब्दील हो जाएगा। वेस्ट के लिए हर प्लॉट प्वाइंट दिए गए हैं। 24 घंटे पानी का इंतजाम है। बिजली आपूर्ति की व्यवस्था है। प्लग एंड प्ले के आधार पर बनी इस टाउनशिप में उद्यमी तत्काल प्लांट लगाकर काम शुरू कर सकता है।

**20 कंपनियां कर रहीं निवेश:** इस टाउनशिप में वर्क टू साइकिल, 24 घंटे बिजली, एलईडी लाइट जैसी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। यह टाउनशिप सीसीटीवी से लैस होगी। टाउनशिप में अब तक लगभग 20 कंपनियां निवेश कर रहीं हैं।

**कार्यों में तेजी लाने के निर्देश:** डिप्टी सेक्रेटरी ने एनआईसीडीआईटी (नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इंप्लीमेंटेशन ट्रस्ट) के अधिकारियों को मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## छह माह का किराया दिए बिना आरोपी फ्लैट से सामान लेकर फरार

**नोएडा।** खुद को पुलिस अधिकारी बताकर किराये के मकान में रहने वाला व्यक्ति बिना किराया दिए ही रात में कमरा छोड़कर फरार हो गया। मकान मालिक को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने सेक्टर-39 पुलिस से शिकायत की। पुलिस जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा कर रही है। मामले की शिकायत डीसीपी नोएडा से भी की गई है। आरोपी बीते ढाई साल से किराये पर रह रहा था। डीपीएस सोसायटी की अनुराधा सिंह सेक्टर 51 में रहती हैं और उनका एक मकान सेक्टर 36 स्थित जनता फ्लैट में भी है। उनके यहां करीब ढाई साल से किराये पर सहारनपुर निवासी अरूण कुमार तोमर रह रहे थे। अरूण खुद को पुलिस अधिकारी बताता था। उसके द्वारा अनुराधा को जानकारी दी गई थी कि उसकी तैनाती वर्तमान में सेक्टर छह स्थित पुलिस कार्यालय में है। दो साल से अरूण समय पर किराया दे रहे थे, लेकिन पिछले छह माह से आर्थिक परेशानी का हवाला देकर उसने कमरे का किराया नहीं दिया। अरुण ने रखरखाव शुल्क भी रोक रखा था। पैसे की किल्लत होने के कारण अनुराधा ने कई महीने तक किराया नहीं मांगा और कहा कि जब पैसे मिल जाएंगे तो किराया एक साथ ही दे देना। इसी दौरान दस मार्च की रात अरूण ने बिना बताए ही रात में घर खाली कर दिया और सामान लेकर चले गए। पड़ोसियों के माध्यम से 11 मार्च को घर खाली होने की जानकारी शिकायतकर्ता को मिली। उन्होंने अरूण के मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को लिखित शिकायत दी।

## सर्वे टीम ने लोगों से फीडबैक लेना शुरू किया

**नोएडा।** स्वच्छ 2024 के लिए सर्वे जारी है। केंद्र से आई करीब पांच टीमें शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर निरीक्षण कर रही हैं। अब टीमों ने लोगों से फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। अधिकारियों के मुता. बिक केंद्र की टीमों ने शनिवार तक प्राधिकरण के 5 वर्क सर्किल में आने वाले क्षेत्रों को देखा है। अब लोगों से सफाई को लेकर उनका फीडबैक भी लेना शुरू कर दिया है। करीब दस दिन और निरीक्षण चलने का अनुमान है। केंद्र की टीमों के शहर में रहने को देखते हुए प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातर अलग-अलग स्थानों पर जाकर सफाई की समस्या दूर कर रहे हैं। जमीनी निरीक्षण कर रही टीमें मुख्य सड़कों से लेकर बाजारों व गांव की भी सफाई देख रही हैं। यह भी आंकलन कर रही हैं कि कितने प्रतिशत घरों से कूड़ा कलेक्शन हो रहा है।

# दिल्ली एनसीआर के 56.6 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

- एयरपोर्ट के पास बनेगा ईएसआईसी अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ईएसआईसी का नया मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाया जाएगा। यमुना अथॉरिटी के मुताबिक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम का यह मेडिकल कॉलेज सेक्टर 11 में बनेगा। इसके लिए अथॉरिटी 100 एकड़ जमीन देगा। बताया जा रहा है कि 28 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में इस योजना पर मुहर लग जाएगी।

ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी के नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल को लेकर 28 मार्च को एमओयू होने की संभावना है। इसे लेकर अथॉरिटी के




सामने औपचारिक मंजूरी के लिए प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल बन जाने से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा। सिर्फ दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 56.6 लाख लोग ईएसआईसी से जुड़े हैं।

**100 एकड़ जमीन के लिए ग्रामीणों से मिली सहमति:** यमुना अथॉरिटी सीईओ अरुण वीर सिंह ने भूमि आवंटन की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने सेक्टर 11 में ईएसआईसी को 100 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने का फैसला किया है। सीईओ ने कहा कि प्राधिकरण ने पहले ही स्थानीय ग्रामीणों की सहमति ले ली है, जिनकी जमीन इस सेक्टर के लिए अधिग्रहित होगी।

**औद्योगिक इकाई के चलते बढ़ रही आबादी:** नोएडा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है। लेकिन बढ़ती आबादी को देखते हुए आगे के लिए यह काफी नहीं है। भविष्य को देखते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा में लगातार औद्योगिक इकाई संचालित होने जा रही है। इससे यहां कर्मचारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

**मेडिकल एजुकेशन के लिए बेहतरीन कदम:** उस सभी को मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम की यह पहल बेहतर साबित होगी। वहीं, दूसरी तरफ मेडिकल एजुक. ेशन के लिए भी यह एक बेहतरीन कदम है।

## राजनीति विज्ञान का आसान पेपर दे खुश हुए परीक्षार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 12वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षाएं जारी है। शनिवार को जिले में कक्षा 12वीं की राजनीति विज्ञान का पेपर संपन्न हुआ। परीक्षा सुबह पहली पाली में 10.30 बजे से 1.30 बजे तक चली। सभी केंद्रों पर 10 बजे परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। चेकिंग करके ही विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया जा रहा था। प्रश्न पत्र देख विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। वहीं, दसवीं की बोर्ड परीक्षा 18 मार्च को समाप्त हो चुकी है। उन्हें अपने रिजल्ट का इंतजार है। फिलहाल नकल का कोई भी केस सामने नहीं आया है। राजनीति विज्ञान की परीक्षा को लेकर छात्रों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। विद्यार्थियों ने बताया कि ज्यादातर प्रश्न एनसीईआरटी से ही पूछे गए थे। करीब 75 प्रतिशत प्रश्न सीधे से पूछे गए थे, जबकि 25 प्रतिशत प्रश्न तार्किक पूछे गए थे। ज्यादातर प्रश्न आपातकाल से पूछे गए थे। सेक्टर-30 स्थित डीपीएस में परीक्षा देने आए छात्र सक्षम ने बताया कि पेपर आसान था। किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। प्रश्न पत्र में भारत व पड़ोसी देशों की अर्थव्यवस्था समेत अन्य विषयों पर प्रश्न पूछे गए थे। तीन घंटे में आसानी से पेपर संपन्न हो गया था। छात्रा शनाया ने बताया कि कुछ प्रश्न केस स्टडी आधारित पूछे गए थे। अच्छे अंक आने की उम्मीद है। सोमवार 24 मार्च को 12वीं कक्षा की संस्कृत की परीक्षा होगी।

## लिफ्ट न चलने का विरोध जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के यथार्थ हॉस्पिटल के सामने एफओबी की लिफ्ट समय न चलने का लोगों ने विरोध जताया। आरोप है कि जिस समय जरूरत होती है, उस वक्त लिफ्ट के बाहर ताला लगा रहता है। इससे लोगों को परेशान होती है। लोगों ने बताया कि यथार्थ हॉस्पिटल के सामने लोगों की सुविधाओं के लिए प्राधिकरण द्वारा एफओबी बनाया गया, जिसमें बुजुर्ग और बीमार लोगों के लिए लिफ्ट लगाई गई, लेकिन लिफ्ट का संच. ालन समय से नहीं किया जाता है। सुबह के समय लोगों को ज्यादा जरूरत रहती है तो लिफ्ट बंद मिलती है। ऐसे में लोगों को परेशानी होती है। इसकी शिकायत भी कई बार की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# चाइल्ड पीजीआई में 10 रुपये में होगा सिटी स्कैन

- राज्यमंत्री बोले- गरीब लोगों को मिलेगा लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में इलाज कराने आ रहे बच्चों का सिटी स्कैन संस्थान में हो सकेगा। इसके लिए पीजीआई में सिटी स्कैन मशीन का शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन राज्यमंत्री चिकित्सा मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया। उनके साथ सांसद डॉक्टर महेश शर्मा , संस्थान के डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह के अलावा जिला अस्पताल की सीएमएस रेनू अग्रवाल मौजूद रहीं।

इस मौके पर टैक्निशयन ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री को सीटी स्कैन की गुणवत्ता को वर्किंग के बारे में



जानकारी दी। बताया जाता है कि चाइल्ड पीजीआई में रोजाना करीब 1000 से ज्यादा बच्चों की ओपीडी होती है। यहां आने वाले बाल मरीजों सीटी स्कैन की सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए सिर्फ 10 रुपए का रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। सीएमएस रेनू अग्रवाल ने बताया कि इसके अलावा बाहर के मरीज भी इसका लाभ ले सकते है। उन्हें भी सिर्फ अस्पताल में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके अलावा उन्हें कोई फीस नहीं देनी होगी। सीएमएस ने बताया कि प्रदेश सरकार की इस पहल से जिले के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

**गरीब तबके को मिलेगा फायदा:** राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह का कहना है कि इस सुविधा के शुरू होने से गरीब तबके के लोगों को फायदा होगा। जिनको अब तक सीटी स्कैन के लिए निजी अस्पतालों या डायग्नोस्टिक सेंटर पर निर्भर पर रहना पड़ता था।

**प्रदेश के हर मरीज को मिलेगा बेहतर इलाज:** इस मौके पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह का कहना है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बंदरों के झुंड ने 50 लोगों पर किया हमला लोगों ने सीएम योगी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बांजरपुर गांव में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गांव में बंदरों की संख्या साढ़े तीन सौ से अधिक हो गई है। इनमें से कई बंदर काफी हिंसक हो चुके हैं। गांव में बंदर अब तक 50 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं।

बंदरों का झुंड घरों में घुसकर उत्पात मचा रहा है। वे छतों पर सूख रहे कपड़ों को फाड़ देते हैं। रसोई में घुसकर सामान को बिखेर देते हैं। बंदरों के डर से लोगों ने बाहर कपड़े सुखाना बंद कर दिया है। बंदर विशेषकर महिलाओं और बच्चों को निशाना बना रहे हैं। उनके हाथों में सामान देखते ही झपट पड़ते हैं। गांव में ऐसी कोई छत या चारदीवारी नहीं बची, जहां बंदरों का झुंड न दिखता हो।

**छह महीनों से कर रहे शिकायत:** ग्रामीणों ने पिछले छह महीने में कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है। डीएम से लेकर समाधान दिवस शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन सिर्फ आश्वा. सन मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# महिला का तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल

## सोशल मीडिया पर लोगों में दहशत, सीओ ने कहा: पति-पत्नी के बीच विवाद का है वीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला का सोशल मीडिया पर एक महिला का हाथ में तमंचा लहराते हुए
एक वीडियो वायरल हो गया। एक ओर जहां पुलिस महिला की तलाश कर रही है वहीं यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक महिला हाथ में तमंचा लिए दिखाई दे रही है, महिला के साथ एक नाबालिग भी दिखाई दे रहा है। यह वीडियो क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। लोग वीडियो को देखकर आपस में चर्चा कर रहे है और महिला के हाथ में तमंचा को लेकर लोग आपस में तरह तरह के कयास लगा रहे है। वहीं इस मामले में सीओ अनिता चौहान का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पति पत्नी के बीच विवाद का है, वायरल वीडियो की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### समाधान दिवस: पांच शिकायतें पहुंचीं, तीन का हुआ निस्तारण

**पिलखुवा।** शनिवार को कोतवाली पिलखुवा के प्रांगण में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से तीन शिकायतों का उपस्थित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया और अन्य शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए। उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा ने बताया कि आयोजित समाधान दिवस के दौरान जमीन से सम्बंधित केवल पांच शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमे से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया।

## श्याम फाल्गुन महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर में श्री लाड़ले खाटू श्याम ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान शिवम मित्तल, प्रियंका मित्तल, रेखा मित्तल, रेनू गर्ग, मोहित गर्ग सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। भूमि पूजन का आयोजन विधिपूर्वक संपन्न हुआ, जिसे गिरधारीलाल शुक्ला द्वारा संपन्न कराया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति और आस्था से भाग लिया। कार्यक्रम में अजय सोनी, मुकेश वर्मा, धर्ष, यश, हिमांशु मिजाल, तुषार अन्तवालु, सागर शर्मा, अनमोल सिंघल, सचिन, कमल गुप्ता, दिनेश, मनीष सिंघल, विकास शर्मा, दीपक, मुकेश मित्तल, अशोक शर्मा, प्रदीप प्रताप गुप्ता, मुकुल, कुनाल, अमित सिकल, नीरज शर्मा, विशाल, हर्षित ग्यो, शिवम, सुरेश सहला, धीरज गर्ग, लालित शर्मा, राजीन बेसल, विनोद गर्ग जी आदि श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## गाड़ी में सफर कर रहे युवक के बैग से जेवरात समेत हजारों की नकदी हुई चोरी

**गढ़मुक्तेश्वर।** घर जाने के लिए वैन में सवार हुए मुरादाबाद के युवक का बैग खंगालते हुए उसमें रखे जेवरात और कपड़ों समेत हजारों की रकम लेकर चोर रफूचक्कर हो गए। मुरादाबाद निवासी शैलेंद्र कुमार ने गढ़ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया है कि वह 27 जनवरी को गढ़ रोडवेज बस स्टैंड पर अपने घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। काफी देर तक बस न आने पर एक वैन वहां आ गई, जिसके चालक ने मुरादाबाद पहुंचाने की बात कहकर उसे बैठा लिया। पीडिघ्त का कहना है कि जब वह स्याना चौपले पर पहुंचा तो अपना बैग खाली देख उसके होश उड़ गए। जिसमें रखी दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी चूड़ी, कपड़ों के दो नए सूट और पैंतीस हजार की नगदी रखी हुई थी। पीडिघ्त ने आरोपी वैन चालक पर चोरी का संदेह जताते हुए अपना माल बरामद कराने के साथ ही कड़ी कार्रवाई कराने की गुहार भी लगाई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अभावग्रस्त बच्चों की सफलता बनेगी देश की सफलता

**ब्रजघाट/गढ़मुक्तेश्वर।** अभावग्रस्त बच्चों को धर्म और संस्कार आधारित शिक्षा देकर उनका भविष्य संवारने का सराहनीय कार्य कर रही नेह नीड़ फाउंडेशन के तत्वाधान में झुग्गी झोपडियों से जुड़े बच्चों के चयन की प्रक्रिया चल रही। ब्रजघाट गंगानगरी में संचालत हो रहे नेह नीड़ फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे विद्यार्थी चयन शिविर में भाग लेने आए मोदीनगर के तहसीलदार अरुण कुमार ने कहा कि फाउंडेशन का यह कार्य अत्यंत ही पवित्र है, क्योंकि इसी के चलते यहां दस महानगरों की 42 बस्तियों से जुड़े 141 बच्चे इस चयन शिविर में भाग ले रहे हैं। जिनमें से 30 बच्चों का चयन छात्रावास के लिए किया जाना बेहद गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की योग्यता को देखकर शिविर संचालक भी सोच में पड़े हुए हैं कि आखिर किस बच्चे को छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों की शिक्षा के साथ ही समाज के वंचित बच्चों के प्रति भी समर्पण बेहद जरूरी है। फिलहाल फाउंडेशन का उद्देश्य केवल शिक्षा अध्ययन पर रहना चाहिए, लेकिन इसके बाद राष्ट्र सेवा के लिए शिक्षा की दिशा अलग हो जाती है। शिविर संचालक कन्हैया लाल मित्तल ने कहा कि ये नन्हे मुन्ने बच्चे अपने परिवारों को छोडकर पहली बार इतने बड़े समूह में किसी अलग स्थान पर रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेह नीड़ फाउंडेशन ने संकल्प लिया हुआ है कि किसी भी योग्य बच्चे को इन अभावग्रस्त, वंचित बस्तियों में शिक्षा के बिना नहीं छोड़ जाएगा। इस दौरान शिविर अधिकारी डॉ.प्रदीप त्यागी, शिविर पालक सतीश गुप्ता, मुख्य शिक्षक रमेश कुमार, रीमा वर्मा, पर्यावरणविद् भारत भूषण गर्ग मौजूद रहे।

## खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**गढ़मुक्तेश्वर।** इंटर स्कूल खो खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए रेड हाउस टीम की बालिकाओं ने ट्रॉफी जीती। गढ़ में ठंडी सडक किनारे स्थित क्रिस्तो ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शनिवार को इंटर स्कूल खो खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अंडर 17 वर्ग से जुड़ीं छात्राओं के चार हाउस की टीम ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ.सिस्टर मर्सी ने प्रभु की आराधना के साथ ही टीमों के बीच टॉस कराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले मुकाबले में रेड हाउस और दूसरे मुकाबले में येलो हाउस ने ग्रीन हाउस को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। येलो हाउस और रेड हाउस टीम ने फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन किया, परंतु रेड हाउस ने येलो हाउस टीम को शिकस्त देकर ट्रॉफी जीत ली। प्रति चौधरी ने रेफरी और धर्मेंद्र यादव ने स्कोरर का दायित्व संभाला। वाइस प्रिंसिपल सिस्टर अमृता, रोहित कुमार, मुशीर उल हक, विशाल शर्मा, सीमा शर्मा, शिल्पा पंडित, रुचि त्यागी, वंदना जयसवाल, इंद्रा चौहान, श्वेता भारद्वाज, हितेश वाशु, नीरज कुमार, अर्चना चौधरी, रफिया खानम, पारुल मुखर्जी, सरिता महलवार, सीमा गुप्ता, प्रियंका तिग्गा ने विजेता टीम की छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## अमानत में खयानत करने वाला आरोपी हेल्पर गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर।** चालक के सोने के बाद अमानत में खयानत करते हुए केंटर में रखी रकम चोरी कर फरार हुए हेल्पर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में अपराधों की रोकथाम के साथ ही वांछितों की धरपकड़ को जनपद स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गढ़ पुलिस को कामयाबी मिली है। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने पलवाड़ा रोड पर स्थित बिजलीघर के पास खाली मैदान में संदिग्ध दशा में घूम रहे एक युवक को दबोच लिया। जिसकी तलाशी के दौरान जेब से साढ़े इक्कीस हजार की नगदी के साथ चाकू भी बरामद हुआ। इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया अनस बिजनौर के मौहल्ला भाटान काजीपाड़ा का रहने वाला है। जो केंटर पर हेल्पर का कार्य करता था, जिसने चालक के सोने के बाद अपने एक साथी के साथ मिलकर अमानत में खयानत करते हुए केंटर में रखी ट्रांसपोर्टर की रकम चोरी कर ली थी।

## मानसिक रूप से परेशान चल रहा व्यक्ति गंगा में कूदा, बचाया

**ब्रजघाट/गढ़मुक्तेश्वर।** असवाद के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहे अधेड़ ने खुदकुशी करने की नीयत से गंगा में छलांग लगा दी, परंतु किनारे पर मौजूद गोताखोर और मल्लाहों ने अथक कोशिश के बाद उसे जीवित बचा लिया। बहादुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव का अधेड़ व्यक्ति काफी देर गंगा किनारे पर इधर से उधर घूमता रहा, जिसने वहां मौजूद लोगों की नजर हटते ही खुदकुशी करने की नीयत से गंगा की जलधारा में छलांग लगा दी। घरेलू क्लेश को लेकर अवसाद में चलने के कारण मानसिक रूप से आहत चल रहे अधेड़ ने खुदकुशी करने का प्रयास किया, परंतु किनारे पर मौजूद गोताखोर और नाव चलाने वाले मल्लाहों ने गंगा में छलांग लगाकर उसे अथक कोशिश के बाद जीवित बचा लिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसने सूचना देकर परिजनों को वहां बुला लिया। जो समझाने बुझाने के बाद अधेड़ को साथ लेकर घर को रवाना हो गए। चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव का कहना है कि पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि खुदकुशी करने की नीयत से गंगा में कूदा अधेड़ व्यक्ति डिप्रेशन के कारण मानसिक तनाव से ग्रसित चल रहा है।

## स्वर्ण पदक जीतकर शोभित त्यागी ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** डीएम स्कूल के पुरातन छात्र को दिल्ली एम्स के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किए जाने की खुशी में जमकर जश्न मनाया गया। गढ़ में शाहपुर रोड पर स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल के पुरातन छात्र शोभित त्यागी ने 21 मार्च को दिल्ली एम्स के 49 वें दीक्षांत समारोह में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए क्षेत्र के साथ ही अपनी संस्था का नाम भी रोशन किया है। शोभित त्यागी द्वारा नेत्र विज्ञान में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास भी मौजूद रहे। इस उपलक्ष्य में शनिवार को स्कूल में जमकर जश्न मनाते हुए छात्र छात्राओं को शोभित त्यागी से प्रेरणा लेकर सफलता की मंजिल पर पहुंचने का संकल्प भी दिलाया गया। स्कूल प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने बताया कि डॉ. शोभित त्यागी ने 2017-18 में इंटर परीक्षा पास करते हुए 2019 में एम्स प्रवेश प्रक्रिया में ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक के साथ एमबीबीएस में प्रवेश लिया था। इसके उपरांत देव मैमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वाधान में विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया।

## दस लाख व कार न मिलने पर किया प्रताड़ित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दस लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बना रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी 12 जून 2023 को बिजनौर जिले के एक गांव में रहने वाले युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके से 10 लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाते थे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। दो फरवरी की सुबह 10 बजे दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट की और घर से निकाल दिया। विवाहिता तभी से अपनी छह महीने की बेटी के साथ मायके में पिता के घर रहती है। ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास करने का आरोप लगाने वाली पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में विवाहिता की तहरीर पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## बीएड के छात्र/छात्राओं को पढ़ाया टीबी का पाठ

**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में श्री माधव कॉलेज आफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे पांच दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर के समापन दिवस के अवसर पर क्षय रोग विभाग के जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा कॉलेज के ठ म्क विभाग के छात्र-छात्राओं को क्षय रोग के लक्षण उपचार व निदान के विषय में विस्तार से बताया गया सुशील चौधरी ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक की खांसी, खांसी में बलगम का आना बलगम में खून का आना सीने में दर्द रहना, वजन का घटना, हल्का बुखार रहना, भूख कम लगना, रात में सोते समय कमर में पसीना आना व शरीर में गांठों का हो जाना टी0 वी0 की बीमारी हो सकती है सभी सरकारी अस्पतालों में क्षय रोग की जांच एवं उपचार नि:शुल्क उपलब्ध है साथ ही रोगी को इलाज के दौरान प्रतिमाह 1000 रुपए नि: क्षय पोषण योजना के अंतर्गत मरीज के अकाउंट में दिया जाता है इसके साथ-साथ स्वयं सेवी संस्थाओं और औद्योगिक परिवारों द्वारा रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली प्रदान की जाती है कार्यक्रम में सुशील चौधरी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से इस कार्यक्रम में जन सहयोग का आवाहन किया इस अवसर पर माधव कॉलेज की सचिव श्रीमती स्वाति गर्ग, शिक्षा भारती के ज्वाइंट डायरेक्टर कुलदीप कसाना, डॉक्टर मुनेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य माधव कॉलेज, डॉक्टर सपना शर्मा, श्री प्रकाश शर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट व नीता कौशिक जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

## डीएम ने परखी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** डीएम श्रुति ने तहसील सदर में चल रहे 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए के लिए नवनिर्मित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के ट्रांजिस्ट हॉस्टल के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।



बताया कि ट्रांजिस्ट हॉस्टल में 12 आवास 2 टाइप एवं 4 आवास एक टाइप के बनाए जा रहे हैं। कार्यदाई संस्था यूपी सिडको के द्वारा निर्माण कार्य किए जा रहे है। अगस्त 2025 तक निर्माण कार्य पूरे कराए जाने है। अभी तक निर्माण कार्यों की 70 प्रतिशत निर्माण कार्य की प्रगति हुई है। डीएम ने निरीक्षण करते हुए बनाए जा रहे आवास में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को देखा। निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की निर्धारित समयावधि में पूरा कराया जाए। डीपीआर के अनुसार ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता युक्त सामग्री प्रयोग की जाए। थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन भी कराया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानाचार्य आवास भी निर्माणाधीन है। समाज कल्याण विभाग के द्वारा संचालित विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बारे में भी डीएम ने जानकारी ली। बताया कि विद्यालय में कक्षा 6 में 25, कक्षा 7 में 22, कक्षा 8 में 19 एवं कक्षा 9 में 23 बच्चे पढ़ रहे हैं। बच्चो के खाने पीने की व्यवस्था विद्यालय में ही की जाती है। रसोई का निरीक्षण करते आज बनाए गए भोजन की गुणवत्ता को भी चेक किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार ही भोजन दिया जाए। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि समय-समय पर विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्था कराई जाए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रंजना सिंह उपस्थित रही।

## लड़कियों के समलेगिंग रिश्तों के कारण हुई हत्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

बुलंदशहर। बीते दिन एक 10वीं के छात्र की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घर से करीब 100 मीटर दूर बाइक सवारों ने उस पर कई राउंड फायरिंग की थी। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो गए थे।

छात्र की हत्या के पीछे दो लड़कियों के समलैंगिक संबंधों का मामला सामने आया है। दो परिवारों में लड़कियों के रिलेशन से शुरू हुई दुश्मनी हत्या का कारण बन गई। सरेआम हुए इस हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र की है। छात्र के पिता दिनेश सिंह ने बताया कि निखिल शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे पैदल घर से निकला था। मुश्किल से 100 मीटर ही पहुंचा होगा कि तभी 3 बाइक सवार बदमाश आए। निखिल पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर परिजन और गांव वाले दौड़े। बेटा जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। जब तक लोगों ने उसे उठाया वह दम तोड़ चुका था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि हमलावरों ने निखिल को काफी करीब से गोली मारी थी। एक गोली उसके सिर जबकि दो गोलियां छाती के बीचोंबीच लगी हैं। मौके से कारतूस के खोखे भी बरामद हुए हैं। निखिल सिंह आंजनी के पाल इंटर कॉलेज से 10वीं की पढ़ाई कर रहा था। उसने इसी साल बोर्ड एग्जाम दिया था। निखिल का परिवार पहले दूध का व्यापार करता था। अब घर वाले खेती-किसानी करते हैं। दिनेश सिंह और रामराज सिंह दोनों ममेरे भाई हैं। दिनेश जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव बासुरी, जब कि रामराज दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। दोनों की बेटियां दिल्ली में एक साथ रिलेशनशिप में रहने लगीं। यहीं से दोनों परिवारों के बीच रंजिश की शुरुआत हुई। दिनेश के दो बेटे और एक बेटी हैं। जबकि रामराज का एक बेटा मारा जा चुका है। दूसरी बेटी दिनेश सिंह की बेटी के साथ रिलेशन में थी। दिनेश के बड़े बेटे तरुण ने लोगों के साथ मिलकर रामराज के बेटे आकाश की हत्या कर दी थी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इसी रंजिश में निखिल की भी हत्या की गई है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मृतक निखिल के बड़े भाई तरुण पर अपने चाचा और अन्य 3 साथियों के साथ मिलकर अपने ममेरे भाई की हत्या का आरोप है। डेढ़ साल पहले हुई घटना में आक. ाश का शव हरियाणा के वल्लभगढ़ स्थित घर के सामने उपले के बने कमरे में मिला था। पीड़ित पक्ष ने दिल्ली में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसके बाद तरुण, उसके चाचा लालू, परविंदर, सचिन राणा और एक अन्य को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेजा गया था घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए सुरक्षा घेरा बना दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए सुरक्षा घेरा बना दिया। दो साल पहले लड़की को भेजा गया था जेल दिनेश ने ममेरे भाई रामराज की बेटी के खिलाफ जहांगीराबाद कोतवाली में अपहरण की धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई थी। करीब दो साल पहले इस मामले में लड़की को पुलिस ने बुलंदशहर जेल भेजा था। वह 7 महीने तक बंद रही थी। आरोप है कि दिनेश के बड़े बेटे ने आकाश की हत्या कर शव को थाना ककोड़ क्षेत्र में फेंक दिया था। आकाश के शव को बेरहमी से जला दिया गया था। इस मामले में आकाश के पिता रामराज ने हत्यारा. ेपी दिनेश पक्ष के 5 लोगों पर नामजद कर एफआईआर दर्ज कराई थी। 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक गिरफ्तार एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया पुरानी रंजिश के तहत निखिल की हत्या की गई है। जांच में हत्या के पीछे दो लड़कियों के समलैंगिक रिलेशन भी सामने आए हैं। आरोपी और पीड़ित पक्ष से दो लड़कियां समलैंगिक रिलेशन में थी, ऐसी जानकारी ग्रामीणों ने दी है। हत्या में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के पिता ने 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## पुत्रवधू द्वारा अभद्रता किए जाने पर ससुर को लगा आघात

**गढ़मुक्तेश्वर।** बेटे के साथ चल रही तकरार से नाराज बहू द्वारा कोतवाली में अभद्रता किए जाने से ससुर बेहोश होकर गिर पड़ा, जिससे अफरा तफरी मचने पर पीडिघ्त को आनन फानन में अस्पताल पहुंचा दिया गया।
गढ़ क्षेत्र के गांव दौताई निवासी एक युवक की पत्नी ने शुक्रवार की रात को डायल 112 पर सूचना देकर पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। सूचना पर पहुंची पुलिस पूछताछ करने के उपरांत पति और पत्नी को कोतवाली में ले आई थी। पीडिघ्त महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसके पति को बैठा लिया। जिसका पता लगने पर युवक का पिता कई ग्रामीणों समेत ग्राम प्रधान को साथ लेकर शनिवार की सुबह कोतवाली में पहुंच गया। जहां वार्ता के दौरान तल्ख लहजा अपनाते हुए बहू अभद्रता करने लगी, जिससे अचानक गहरा आघात पहुंचने पर ससुर जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। जिससे कोतवाली के अंदर हडकंप के साथ ही अफरा तफरी मच गई। साथ में ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीण आनन फानन में बेहोश होकर गिरने से घायल हुए व्यक्ति को चौपला के निजी अस्पताल में ले गए। जहां ब्लड प्रेशर लो होने से बेहोश हुए व्यक्ति की कई घंटों के उपचार के बाद भी हालत स्थिर बनी हुई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि पति पत्नी के विवाद की सूचना पर आया ससुर बहू के तल्ख तेवर देखकर अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा था, जिसे उसके साथ आए लोगों द्वारा अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**गढ़मुक्तेश्वर।** राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को वोट की ताकत बताते हुए हर हाल में वोटिंग करने का संकल्प भी दिलाया। गढ़ में रेलवे रोड पर स्थित चौधरी महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर से जुड़े स्वयंसेवक शनिवार को क्षेत्र के गांव शाहपुर चौधरी में पहुंचे। जिन्हें सात दिवसीय शिविर के छठे दिन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के बाद स्वयंसेवकों ने घर घर जाकर ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताकर हर हाल में वोटिंग के लिए जागरूक किया। उन्होंने गाँव वासियों को मतदाता पंजीकरण के बारे में भी जागरूक किया। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ के प्रधानाध्यापक कृष्णपाल सिंह और सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े उद्देश्य से बारे में विस्तृत जानकारी दी। मध्याहन भोजन के बाद बौद्धिक सत्र में पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य राजेश्वरी देवी गुप्ता ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, आप सभी अपना लक्ष्य निर्धारित करें और मेहनत करते रहें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजयवीर सिंह, सहायक आचार्य पंकज शर्मा, विजेंद्र कुमार, नीतू, चंचल, त्रिप्स, विकास, अक्षा, माही, महिमा, गुलकैया, पालक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पड़ोसी किसान के आम के पेड़ों को काटा, विरोध करने पर की अभद्रता

**गढ़मुक्तेश्वर।** ट्रैक्टर निकालने के दौरान पड़ोसी किसान के बाग में खड़े आम के पेड़ों की शाखाओं को काट फेंका, जिसका विरोध करने पर पीडिघ्त किसान के साथ अभद्रता भी कर डाली। गढ़ क्षेत्र के गांव खिलवाई के किसान शेखर त्यागी ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गांव के ही एक युवक ने अपना ट्रैक्टर निकालने के लिए उसके आम के बाग में खड़े पेड़ों की शाखाओं को काटते हुए काफी नुकसान पहुंचाया है। जानकारी लगने पर जब इस संबंध में वह शिकायत करने पहुंचा तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए चुप न बैठने पर जान से मारने की धमकी देकर घर से बाहर खदेड़ दिया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर पर जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### रोजा इफ्तार कार्यक्रम में उमड़ी सर्वसमाज के लोगों की भीड़

**गढ़मुक्तेश्वर।** रोजा इफ्तार कार्यक्रम में उमड़ी सर्वसमाज के लोगों की भीड़ ने देश में खुशहाली के साथ ही भाईचारे की भावना की मजबूती को दुआ करते हुए आपसी सद्भाव से मिलजुलकर त्योहार मनाने का संकल्प लिया। गढ़ चौपला के मेरठ रोड पर स्थित नाजिम कालोनी शनिवार की शाम को हाजी सलाउद्दीन द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें शिर. कत करते हुए सर्वसमाज के लोगों ने मानव कल्याण, विश्व शांति, देश में खुशहाली, भाईचारे की मजबूती, दैवीय आपदा और बीमारियों से बचाव को सामुहिक दुआ की। इस दौरान समाजसेवी मोहन लाल आहूजा, महावीर चौहान, मास्टर नसीम, सत्तार पहलवान, इखलाक अंसारी ने देश में मनाए जाने वाले सभी त्योहारों को राष्ट्रीय धरोहर बताते हुए मिलजुलकर मनाए जाने से खुशी दोगुनी होने का उल्लेख किया।

## पूर्व सभासद पति को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहाँगीराबाद।** क्षेत्र में 12 घंटे के अंदर दो गोलीकांड पूर्व सभासद पति व किसान यूनियन के नगराध्यक्ष को गोली मार कर घायल किया गया है। वंही शुक्रवार की सुबह गांव बांसुरी में निखिल हत्याकांड की घटना घटी थी।

लगभग 12 घंटे बाद जहाँगीराबाद नगर पालिका के पूर्व सभासद पति व भाकियू राजनैतिक (मांगेराम त्यागी गुट) के नगराध्यक्ष नन्हे सैनी को गोली मारने का मामला प्रकाश में आया है। गोली लगने से पूर्व सभासद पति बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना के संबंध में पीड़ित की पत्नी यशोदा सैनी पूर्व सभासद ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जानकारी के मुताबिक पूर्व सभासद पति नन्हे सैनी व उनके परिवार पर हमला करने के उद्देश्य से लगभग एक माह पूर्व शिवा राणा नामक युवक ने तलवार लेकर घर पर चढ़ाई कर दी थी। जिसके बाद आस पड़ोस के लोगों ने शिवा को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। बाद में इस मामले में दोनों पक्षों का समझौता हो गया था। जिसके कारण शिवा के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। घटना के कुछ दिन बाद उसी युवक ने सोशल मीडिया पर नन्हे सैनी व उनके परिवार को भुगतने की धमकी देते हुए वीडियो वायरल की थी। जिसके बाद पुलिस ने उसे फिर से पकड़ लिया लेकिन इस बार भी दोनों पक्षों में माफीनामे के बाद समझौता हो गया।

शुक्रवार की देर रात लगभग 10 बजे नन्हे सैनी अपनी दुकान से वापस घर आये घर में घुसते ही पीछे से उन्हें किसी ने गोली मार दी और अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। गोली लगने के बाद शोर मचाने पर परिजन व आसपड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और लहूलुहान अवस्था ने घायल पड़े नन्हे सैनी को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी भी पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में दबिश भी दी। पीड़ित की पत्नी यशोदा ने शिवा राणा निवासी मौहल्ला न्यू पाठक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की पत्नी की तहरीर पर शिवा राणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# व्यापारी के बेटे ने लगाई फांसी

**■ शेयर बाजार में हुआ था भारी नुकसान, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती इलाके में शेयर मार्केट में हुए भारी नुकसान से परेशान एक व्यापारी के बेटे ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान तुषार उर्फ जय मोतियानी के रूप में हुई है। वह अपने पिता के साथ छोटे बाजार में कोयले वाली मस्जिद के सामने सिंधी इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाता था। शुक्रवार रात को तुषार अपने कमरे में था। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर उसकी मां ने दस्तक दी। कोई जवाब न मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर तुषार का शव पंखे से लटका मिला। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उसे नजदीकी



तुषार का फाइल फोटो।

अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चोर को पकड़कर खंभे से बांधकर पीटा, एक हुआ फरार, तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के रोहटा रोड पर चोरों के आतंक से कई कालोनी के लोग तंग आ चुके है। आए दिन चोरी की घटना से लोग रात को सो नहीं पाते देर रात तक पहरा देते रहते है। थाना कंकरखेड़ा शोभापुर चौकी के क्षेत्र में लगने वाले गांव पठानपुरा, रामपुर पावटी में होने वाली आए दिन चोरियों से तंग आ चुके है। होने वाली चोरियों के जानकारी पुलिस के पास होने बावजूद भी पुलिस किसी भी चोर को आज तक पकड़ नहीं सकी है। रामपुर पावटी में दो दिन पहले मंदिर से दानपात्र चोरी हो गया, आए दिन पठानपुरा में चोरी होती रहती हैं।

शुक्रवार की देर रात को शेखर पुत्र रामकुमार के मकान में दो चोरों ने मकान में घुसकर सेफ का ताला तोड़कर चोरी करने लगे। घर में आवाज होने पर चोर होने का शोर मचाया तो चोर घर से निकल कर भागने लगे। गांव वालो में जाग होने पर गांव वाले चोरों के पीछे भागने लगे। एक चोर को पकड़ लिया। अंधेरा का फायदा उठाकर एक चोर भागने में कामयाब हो गया। पकड़े गए चोर को



पब्लिक ने पकड़कर खंभे से बांधकर जमकर पिटाई की। पकड़ा गया चोर का नाम पता बताने में गुमराह करता रहा। पकड़े बदमाश पुलिस को सौंपा पुलिस पूछताछ में चोर ने अपना नाम वाजिद पुत्र सादिक निवासी दिल्ली शकूर बस्ती हाल निवासी रोहटा रोड बाईपास बताया। पुलिस दूसरे साथी की तलाश कर रही हैं।

# चावल के ट्रक में लगी आग, ड्राइवर ने कुदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को बागपत रोड पर एक ट्रक में आग लग गई जहां उसमें रखा अनाज जलकर राख हो गया। ड्राइवर ने किसी तरह कुदकर अपनी जान बचाई सूत्रों के अनुसार वसीम मेरठ निवासी जो परतापुर से सरकारी अनाज भरकर जानी खुर्द लेकर आ रहा था जैसे ही वह बागपत रोड पर पहुंचा तो अचानक उसके ट्रक में आग लग गई और उसमें रखा कीमती अनाज जलकर पूरी तरह राख हो गया है आग इतनी भयंकर थी ट्रक का आगे का हिस्सा बुरी तरह जल गया तभी किसी तरह वसीम ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों का कहना है इसमें कीमती अनाज था जो जानी खुर्द आ रहा था आखिरकार कैसे आग लग सकती है।

# कालंद ईट भट्टे पर महिला से मारपीट, पीड़िता ने दी तहरीर

**■ मजदूरों के दूसरे गुट ने दिया घटना को अंजाम**
**■ घायल को पुलिस ने सीएचसी में कराया भर्ती**
**■ पीड़ित पक्ष ने आरोपियों से भागकर बचाई जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार दोपहर कालंद स्थित एक ईंट भट्टे पर ईंट पथाई को लेकर आरोपियों ने एक महिला को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल महिला का सीएचसी में मेडिकल कराया और जांच में जुट गई। मुजफ्फरनगर निवासी शाहनवाज ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ कालंद स्थित भट्टे पर मजदूरी करता है। शनिवार दोपहर उसकी पत्नी अफसाना ईंटो की पथाई कर रही थी। इसी बीच मजदूरों के दूसरे पक्ष ने उसकी पत्नी के साथ गाली गलौच कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसको बुरी तरह पीटा। पता चलने पर वह वहां पहुंचा तो उसे भी पीटा गया। किसी तरह दोनों ने वहां से निकलकर अपनी जान बचाई। पीड़ित शाहनवाज ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल महिला का सीएचसी में मेडिकल कराया और तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई। खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।

# जर्जर पोल न बदले जाने के विरोध में हंगामा

**■ सभासद पति कई बार विभाग के अधिकारियों से कर चुके हैं शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मोहल्ला कमरा नवाबान में जर्जर हालत में खड़ा एक विद्युत पोल किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है। लगातार की जा रही शिकायत के बाद भी ऊर्जा निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। जिसके विरोध में शनिवार को मोहल्ले के लोगों ने हंगामा किया। साथ ही पोल न बदले जाने पर बिजली घर में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

लोगों ने बताया कि बड़ी मस्जिद के निकट एक विद्युत पोल लगा हुआ है। जोकि काफी जर्जर हालत में है। पोल एक साइड को झुका हुआ है। जोकि, कभी भी गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकता है। वार्ड सभासद पति हाशिम मलिक ने बताया कि वे कई बार ऊर्जा निगम के अधिकारियों को पत्र लिखकर पोल बदलवाने की मांग कर चुके है, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। बीते समाधान दिवस में भी उन्होंने प्रार्थना पत्र दिया था। उसके बाद भी पोल नहीं बदला गया। शनिवार को इसी के विरोध में



मोहल्ले के लोगों ने ऊर्जा निगम के खिलाफ हंगामा किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जर्जर पोल नहीं बदला गया तो वे बिजलीघर में धरना प्रदर्शन करेंगे। हंगामा करने वालों में हाशिम मलिक, बिलाल मिर्जा, हाजी आरिफ, परवेज, सोनू, मोहसीन आदि थे।

# भाजपा नेता ने एडीएम से मिलकर गिनाई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को भाजपा नेता साहिब रजा ने एडीएम प्रशासन बलराम सिंह से मुलाकात कर कस्बे में रमजान के पवित्र महीने में लोगों को समय से पानी न मिलने से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कस्बे में गैस की पाईप लाईन का कार्य किया गया था जिसके बाद कस्बे में जगह जगह पानी की पाईप लाईन फुट गई लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी उसे ठीक नहीं कराया गया।



जिसके बाद एडीएम प्रशासन बलराम सिंह ने अधिशासी अधिकारी को फोन कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष साहिब रजा ने उन्हें कस्बे में अनेक समस्याओं से भी अवगत कराया जिसके बाद एडीएम ने आश्वासन दिया।

# नशेड़ी ने आधा दर्जन लोगों पर उड़ेला तेजाब, सभी गंभीर घायल

## पत्नी से विवाद के बाद बौखलाए पति ने दिया घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पत्नी से विवाद पर बौखलाए नशेड़ी पति ने अपने प्रतिष्ठान के सामने से गुजर रहे राहग. ीरों पर तेजाब उड़ेल दिया। जिससे दो महिला और छह बच्चे झुलस गए। साप्ताहिक बाजार में दिन-दहाड़े हुई वारदात से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुख्यारोपी को हिरासत में लेकर घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से नाजुक हालत के चलते घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। नगर का छंगा कालोनी निवासी सोनू पुत्र अशोक शराब का आदी है। उसका मुख्यबाजार स्थित होली चौक सर्राफे में सोनू ज्वैलर्स प्रतिष्ठान है। सोनू की पत्नी रजनी भी प्रतिष्ठान पर साथ रहती है। बताया गया कि सोनू नशे में आए दिन पत्नी से विवाद कर मारपीट करता रहता है। शनिवार शाम करीब 4 बजे सोनू शराब के नशे में प्रतिष्ठान पर पहुंचा। वहां विवाद के दौरान दंपति में मारपीट हो गई। जिससे बौखलाए सोनू ने आभूषण निखारने में प्रयुक्त केमिकल की केन



प्रतिष्ठान के सामने से गुजर रहे राहग. ीरों पर उड़ेल दी।

इस वारदात में शाहिदा पत्नी शेरा निवासी राधना इनायतपुर, अल्तमस (7) पुत्र शाहिद मोहल्ला खटीकान, समीर (8) पुत्र जाहिद मोहल्ला पड़ियोंवाला, शाहद (7) पुत्र आफताब व जोया (5) पुत्री आफताब मोहल्ला बनियोंवाला, सुनीता (50) पत्नी हरीश मोहल्ला होली चौक किठौर और जुनैद (10) पुत्र शब्बीर निवासी जिसौरा थाना मुंडाली गंभीर रूप से झुलस गए। वारदात के दौरान घटनास्थल और वहां लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झुलसे लोगों को तुरंत किठौर के 50 शैय्या संयुक्त अस्पताल भिजवाकर सोनू को हिरासत में ले लिया। उधर किठौर अस्पताल के चिकित्सकों ने झुलसे लोगों की स्थिति देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस प्रकरण में शाहिदा ने सोनू, मोनू पुत्र अशोक, रजनी पत्नी सोनू, और मोनू की पत्नी के विरुद्ध झगड़े दौरान स्वयं व अन्य झुलसे लोगों पर तेजाब फेंकने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने लॉन्च किया आकाश इनविक्टस

**■ इंजीनियरिंग छात्रों के लिए गेम चेंजर जेईई तैयारी कार्यक्रम और मेडप्रो**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने आकाश इनविक्टस लांच किया है। यह इंजी. नियरिंग छात्रों के लिए गेम चेंजर जेईई तैयारी कार्यक्रम और मेडप्रो, वैज्ञानिक रूप से संरचित एनईईटी तैयारी कार्यक्रम है जो अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पाठयक्रम है। पी.के शर्मा, परियोजना निदेशक-इनविक्टस, ने कहा, आकाश इनविक्टस सिर्फ एक कोचिंग कार्यक्रम नहीं है।

यह आईआईटी में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है। यह



कार्यक्रम अत्याधुनिक शिक्षण पद्धतियों, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और एआई-संचालित शिक्षण को एकीकृत करता है। कुमार गौरव, इनविक्टस अकादमिक प्रमुख मेरठ, ने कहा, एआई-सक्षम अनुकूली तैयारी और एक विशेष टेस्ट सीरीज के साथ, छात्र जेईई एडवांस में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लक्षित समर्थन प्राप्त करते हैं। आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग तैयारी में नए मानदंड स्थापित करेगा। परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। यह उच्च स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्व विद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्ग दर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

कुछ महीने पहले शुरू हुए इस कार्यक्रम ने पहले ही 2500 से ज्यादा टॉप छात्रों को अपनी ओर आकर्षित किया है। तीन प्रमुख स्तंभों नवाचारपूर्ण शिक्षण विधि और पाठयक्रम, एक्सपर्ट फैकल्टी और एडवांस्ड टूल्स पर आधारित आकाश इन्विक्टस जेईई की तैयारी में नए मानक स्थापित करेगा। ये सभी नए फीचर्स आक. ाश की विश्वसनीयता, विश्वास और तकनीकी विशेषज्ञता द्वारा पूरी तरह से समर्थित हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम द्वारा पशुपालन, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सहित अन्य विभागो में संचारी रोग से बचाव के लिए की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने मलेरिया विभाग के अधिकारियो से विभाग में संक्रामक रोगो से बचाव के लिए क्या-क्या कार्यवाही की गई है। इसके लिए भी जानकारी ली गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी व्यवस्था देखी।

# बाजारों में भीड़ लगने से लग रहा है जाम, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जल्द ही ईद का त्यौहार आने वाला है बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। घंटाघर, लालकुर्ती क्षेत्रों के बाजार दोपहर से रात तक भीड़भाड़ वाले बाजार होने के कारण वहां जाम की स्थिति बन रही है। हद तो तब हो जाती है जब ईरिक्शा इन बाजारों में घुस जाते है। शनिवार को नगर निगम के सामने वाले बाजार जिसे चुड़ी बाजार के नाम से भी जाना जाता है दोपहर को जाम लग गया। देखने में आया है कि जाम का कारण बाजार में घुसे ईरिक्शा थे। लोगों को जाम से झूझते देखा गया।

# स्वयं सेविकाओं ने दिया जल संरक्षण का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** संत जोसेफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य सिस्टर क्रिस्टीना लुईस के निर्देशन में सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी नीतू व शबाहत के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विश्व जल दिवस पर स्वयं सेविकाओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उत्साह के साथ उन्होंने हिस्सा लिया। इस दौरान कालेज परिसर की साफ सफाई स्वयं सेविकाओं द्वारा की गई। कार्यक्रम अधिकारी शबाहत ने छात्राओं को जल के संरक्षण और उसके महत्व के बारे में बताया। आकांक्षा, पारुल, साक्षी आंचल, अध्या, आदि ने भाषण प्रतिभागीता में हिस्सा लिया। इस शिविर में डॉ. कविता, डॉ. महेश पालीवाल, मोनिका आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल कालेज प्रधानाचार्य डॉ. आरसी गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के अंर्तगत 'वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम' के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न शहरों जैसे मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद आदि से आये फार्मासिस्ट व मेडिकल ऑफिसर्स आदि को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला के तीसरे दिन हेपेटाइटिस बी की प्रयोगशाला जांच और निदान के संबंध में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित गर्ग, हेपेटाइटिस बी के इलाज में हेपेटाइटिस बी इम्यूनोग्लोबुलीन के



संबंध में डॉ. अनुपमा वर्मा सह आचार्य बाल रोग विभाग तथा गैर आक्रामक यकृत मूल्यांकन के संबंध में डॉ. आभा गुप्ता आचार्य मेडिसिन विभाग द्वारा विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए जाने हेतु सभी वक्ताओ तथा प्रशिक्षणार्थियों को चिकित्सा अधीक्षक व अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर टॉक द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. योगिता सिंह, डॉ. अनिल, डॉ. प्रेम प्रकाश मिश्रा, डॉ. ललिता चौधरी, डॉ. अंशु, डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. राहुल सिंह एवं मेडिसिन विभाग के जूनियर व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स मौजूद रहे।

# टिकौला शुगर मिल ने किया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** टिकौला शुगर मिल ने अपना पैराई सत्र 2024-25 का 9 मार्च 15 मार्च 2025 तक का भुगतान 21 करोड़ 26 लाख का भुगतान संबंधित समितियों को भेज दिया है। जिसकी पुष्टि गन्ना समिति सचिव ने की है। उनका कहना है कि जल्दी किसानों के खाते में भुगतान पहुंच जाएगा। टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष एमसी शर्मा एवं डीपी मैनेजर ऋषिपाल धामा ने बताया कि टिकौला शुगर मिल ने अपना पेराई सत्र 2024-25 का 9 मार्च से 15 मार्च तक का संपूर्ण भुगतान 21 करोड़ 26 लाख रुपये का भुगतान संबंधित समितियां को भेज दिया है। जिसकी पुष्टि गन्ना समिति सचिव सुभाषचंद यादव ने की है। उनका कहना है कि उन्हें एडवाइस मिल चुकी है। जल्द ही किसानों के खाते में भुगतान पहुंच जाएगा। अधिशासी अध्यक्ष का कहना है कि किसान अपना बेसिक कोटा पूर्ण करें। मिल में गन्ना डालते समय साफ एवं स्वच्छ तथा ताजा आपूर्ति करें।

ताकि भुगतान करने में कोई कमी न आये। किसानो को समस्त उपलब्ध गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करें। पर्चियां से अधिक गन्ना उपलब्धता होने पर चीनी मिल अथवा गन्ना विकास परिषद से संपर्क करके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार करा ले। वहीं भुगतान की सूचना के बाद किसानों में खुशी की लहर है।

# ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मैक्स मेडसेंटर, मेरठ में विशेष ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। यह सुविधा कैंसर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेगी। ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ. चिराग जैन की उपस्थिति में किया गया। वह हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर, मेरठ में ओपीडी के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी लॉन्च के दौरान डॉ. चिराग जैन ने बताया कि, यह ओपीडी लॉन्च मरीज केंद्रित एक और महत्वपूर्ण पहल है। जो मेरठ और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाएगी। हमारा उद्देश्य जटिल से जटिलतम कैंसर मामलों के लिए भी सुरक्षित




और प्रभावी समाधान प्रदान करना है।

# विधायक गुलाम मोहम्मद की सिवाल को एक और सौगात

## खिवाई में शुरू हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 50 हजार लोगों को मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हर्रा।** शनिवार का दिन कस्बा खिवाई के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। हजारों लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए विधायक गुलाम मोहम्मद कई वर्षो से संघर्ष कर रहे थे। वर्षों के संघर्ष और प्रयासों के बाद आखिरकार खिवाई में पीएचसी बनकर तैयार हुआ और अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं शनिवार से ही शुरू हुई। लगभग 50,000 से अधिक आबादी वाले इस क्षेत्र में कोई स्वास्थ्य सुविधा नहीं थी, लोगों को अपने इलाज के लिए भटकना पड़ रहा था लेकिन अब यह सपना साकार हुआ और सिवालखास विधानसभा में यह दिन एक अध्याय की तरह जुड़ गया। विधायक गुलाम






मोहम्मद इस पीएचसी के लिए वर्ष 2013-14 से प्रयासरत थे। कई बार उन्होंने सीएम से इस मामले को लेकर मुलाकात की। हमेशा से विधायक गुलाम मोहम्मद का खिवाई के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दिलाना था। विधायक गुलाम मोहम्मद का सपना लगभग एक दशक बाद शनिवार को पूरा होता दिखाई दिया। विधायक गुलाम मोहम्मद ने खिवाई में शुरू हुई पीएचसी का निरक्षण किया। विधायक गुलाम मोहम्मद ने कहा कि सभी चिकित्सीय स्टाफ अपनी सेवाओं के लिए उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा और कस्बे के लोगों के लिए बड़ी राहत देगा। विधायक गुलाम मोहम्मद ने कहा कि अभी और भी ऐसे काम बाकी है जो सिवालखास विधानसभा को मेरठ की सबसे खास विधानसभा बनाएंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से कहा कि वह विकास कार्यों में उनके साथ दें जो विकास कार्य अभी रुके हुए हैं उन्हें भी शासन से पूरा कराकर जल्द ही क्षेत्र के लोगों को सौगात के रूप में दिया जाएगा। इस दौरान विधायक गुलाम मोहम्मद ने मौजूदा डॉक्टर से अपना भी चेकअप कराया।

# जीटीबी में वार्षिक परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से यूकेजी एवं कक्षा 8, 9 व 11 तक के बच्चों का शनिवार को वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने अच्छे अंको से परीक्षा पास कर अपने शिक्षक और अभिभावक का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राइमरी विंग से टाइनी टॉट्स इया, जन्नत डुरैन, तनिशका, अंशिका सिंडल, इकरा डिफजा, इंशा आरिफ, मौ. अरडम एवं एशल अली स्कूल के शाइनिंग स्टार्स बने। वही दूसरी ओर सिनियर विंग कक्षा 8 से हर्षल खन्ना, लक्ष्य अग्रवाल, वानिया खॉन, कक्षा 9 से युविका ठाकुर, तान्या सोम मुदित भारद्वाज, मनस्वी शर्मा, कक्षा 11 से वंशिका सोम, विनित पारिया, अंशिका, जैनब परवीन, प्रांजल वर्मा, अजीम नूर,



जिया मिरषिया, जसलीन कौर एवं सुरमीत सिंह ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरी हुई दिखाई दी जब उन्होंने अपना रिपोर्ट कार्ड अपने हाथ में लिया तथा दूसरी कक्षा में आने पर खुश नजर आ रहे थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने बच्चों को पूरे वर्ष स्कूल कि गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए तथा जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हॉकी इंडिया ने मनदीप और उदिता को दी शादी की बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने स्टार खिलाड़ी मनदीप सिंह और उदिता दुहान को परिणय सूत्र में बंधने की बधाई दी है। हॉकी इंडिया ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हॉकी इंडिया अपने स्टार खिलाड़ियों मनदीप सिंह और उदिता दुहान को हार्दिक बधाई देता है, जो आज अपनी शादी का जश्न मना रहे हैं। अपने-अपने क्षेत्रों में अनुकरणीय समर्पण और प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले इस जोड़े ने देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभाई है। हॉकी इंडिया नवविवाहितों को उनके व्यक्तिगत और पेशेवर सफर में जीवन भर खुशियां और सफलता की कामना करता है। गौरतलब है कि ओलंपियन मनदीप सिंह ने शुक्रवार को भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता कौर के साथ जालंधर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में सात फेरे लिए थे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोला सिंह और अन्य साथी खिलाड़ी मौजूद रहे। जालंधर के गांव मिट्ठापुर निवासी मनदीप सिंह (30) ने विश्व कप 2014 और 2018, एशियाई खेल 2018, राष्ट्रमंडल खेल 2018, एशिया कप 2013, हॉकी वर्ल्ड लीग टियर 4 फाइनल 2014 और 2017, हॉकी वर्ल्ड लीग टियर तीन 2013 और 2017 और चैंपियंस ट्रॉफी 2016 और 2018 में प्रदर्शन किया है।

### भारतीय पैरा जूडो टीम विश्वकप में भाग लेने पहुंची तिब्लिसी

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय पैरा जूडो की नौ सदस्यीय टीम विश्वकप में भाग लेने शनिवार को जार्जिया के तिब्लिसी पहुंच गई। यहां आई-बी-एस-ए- जूडो वर्ल्ड कप का आयोजन जार्जियन पैरालम्पिक कमेटी द्वारा किया जा रहा है। दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों के लिये इण्डियन ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा लखनऊ स्थित इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी में प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य कोच मुनव्वर अंघर एवं सहायक कोच अकरम शाह मौजूद रहे।

# चेपक में धमाकेदार मुकाबले के लिए मुंबई व चेन्नई तैयार

**चेन्नई, वार्ता।** पांच पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब अपने नाम कर चुकी मुबंई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स रविवार को चेपक में रोमांचक मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। चेन्नई आईपीएल 2025 में रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में नई टीम और नए जोश के साथ उतरेगी। पिछले सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद, सीएसके अपना दबदबा फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक है।

65 पारियों में 41-75 की औसत और 137 की स्ट्राइक रेट से 2380 रन बनाने वाले गायकवाड़ सीएसके की बल्लेबाजी लाइनअप की मुख्य कड़ी होंगे। गायकवाड रचिन रवींद्र के साथ ओपनिंग कर सकते हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 140-46 है, जबकि गायकवाड़ का स्ट्राइक रेट 131-90 है। इससे आक्रामक शुरुआत का संकेत

■ पिछले सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद सीएसके अपना दबदबा हासिल करने को उत्सुक

मिलता है। राहुल त्रिपाठी के नंबर 3 पर अजिंक्य रहाणे की जगह खेलने की उम्मीद है। शिवम दुबे और हमेशा भरोसेमंद एमएस धोनी की मौजूदगी वाली सीएसके का मध्यक्रम मैच को खत्म करने में अहम भूमिका निभाएगा। एक दशक बाद रविचंद्रन अश्विन और चार साल बाद सैम कुरेन की वापसी से ऑलराउंडर विभाग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे टीम को अमूल्य अनुभव मिलेगा। चेपक में सीएसके के लिए स्पिन एक अहम हथियार होगी। रवींद्र जडेजा, अश्विन और अफगानिस्तान के नूर अहमद की तिकड़ी बीच के ओवरों में विपक्षी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। इस बीच, तेज गेंदबाजी की अगुआई मथेशा पथिराना और कुरेन करेंगे, जिसमें पथिराना की डेथ ओवर यॉर्कर एक बड़ा खतरा साबित हो सकती है। हार्दिक पांड्या की अगुआई में मुंबई इंडियंस पिछले साल के संघर्ष से उबरने के इरादे से इस सीजन में उतरेगी। हालांकि, पिछले सीजन में धीमी ओवर-रेट के कारण निलंबन के कारण पांड्या अपने शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में सूर्यकुमार यादव कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा सहित अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इंग्लैंड के विल जैक्स, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और अनुभवी स्पिनर मिशेल सेंटनर ने टीम को मजबूत किया है। शिवम दुबे और हमेशा भरोसेमंद एमएस धोनी की मौजूदगी वाली सीएसके का मध्यक्रम मैच को खत्म करने में अहम भूमिका निभाएगा।

एक दशक बाद रविचंद्रन अश्विन और चार साल बाद सैम कुरेन की वापसी से ऑलराउंडर विभाग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे टीम को अमूल्य अनुभव मिलेगा। चेपक में सीएसके के लिए स्पिन एक अहम हथियार होगी। रवींद्र जडेजा, अश्विन और अफगानिस्तान के नूर अहमद की तिकड़ी बीच के ओवरों में विपक्षी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। इस बीच, तेज गेंदबाजी की अगुआई मथेशा पथिराना और कुरेन करेंगे, जिसमें पथिराना की डेथ ओवर यॉर्कर एक बड़ा खतरा साबित हो सकती है। हार्दिक पांड्या की अगुआई में मुंबई इंडियंस पिछले साल के संघर्ष से उबरने के इरादे से इस सीजन में उतरेगी। हालांकि, पिछले सीजन में धीमी ओवर-रेट के कारण निलंबन के कारण पांड्या अपने शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में सूर्यकुमार यादव कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा सहित अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरक. रार रखा है, जबकि जेद्दाह नीलामी में महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और अनुभवी स्पिनर मिशेल सेंटनर ने टीम को मजबूत किया है। जैसे ही आईपीएल 2025 शुरू हो रहा है, सीएसके बनाम एमआई मुकाबला एक शुरुआती ब्लॉकबस्टर होने का वादा करता है।

### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), शेख रशीद, आंद्रे सिद्धार्थ सी, राहुल त्रिपाठी, शिवम दुबे, विजय शंकर, दीपक हुडा, रचिन रवींद्र, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, रविचंद्रन अश्विन, सैम कुरेन, डेवोन कॉनवे, एमएस धोनी, वंश बेदी, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, मथीशा पथिराना, श्रेयस गोपाल, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, गुरजपनीत सिंह, नूर अहमद, खलील अहमद- **मुंबई इंडियंस:** सूर्यकुमार यादव (अस्थायी कप्तान), रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, नमन धीर, बेवॉन जैकब्स, हार्दिक पंड्या, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, सत्यनारायण राजू, मिशेल सेंटनर, अर्जुन तेंदुलकर, रयान रिकेल्टन, रॉबिन लमज, कृष्णन श्रीजीत, जसप्रित बुमरा, अश्विनी कुमार, एएम ग़ज़नफ़र, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर।

# पोंटिंग को उम्मीद, पंजाब बनेगा आईपीएल का नया बादशाह

**मोहाली, वार्ता।** पंजाब किंग्स के नए हेड कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीद है कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का खिताब जीत सकती है। मेटा क्रिएटर्स के साथ बातचीत में ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता टीम के कप्तान पोलटग इस सीज़न की नीलामी में बनाई गई नई टीम के प्रति काफ़ी आश्वस्त दिखे और उन्हें उम्मीद है कि वे इस साल ट्रॉफी जीतेंगे।

आईपीएल ट्रॉफी जीतने को अंतिम लक्ष्य बताते हुए, पोंटिंग ने बताया कि कैसे टीम बेहतर होने और सुधार करने के लिए हर मिनट का उपयोग कर रही है और इसलिए, इस सीजन में लकग्स का सामना करने से पहले विरोधियों को खुद को अच्छी तरह से तैयार करना चाहिए। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि इस टीम का लक्ष्य आईपीएल जीतना है। धर्मशाला में आयोजित कैम्प में शामिल होने के पहले दिन ही मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि हम पंजाब किंग्स की सबसे बेहतरीन टीम बनाने जा रहे हैं। हम इसी यात्रा पर हैं और यह रातों-रात नहीं होता। आपको इसे बनाना होता है। पोंटिंग ने कहा कि जीतना वास्तव में एक नजरिया है। अगर हम खेलने के लिए आते हैं, तो विरोधी टीम खेलने के लिए आती है। अगर वे हमें हराना चाहते हैं, तो ऐसा लगता है कि वे हमसे कुछ छीन रहे हैं और मैं किसी को भी मुझसे या मेरी टीम से कुछ छीनने नहीं देना चाहता। इसके अलावा, नए मुख्य कोच का



■ पोंटिंग इस सीजन की नीलामी में बनाई गई नई टीम के प्रति आश्वस्त दिखे

मानना है कि टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही संतुलन है, जो टूर्नामेंट में उनकी सफलता सुनिश्चित करने में एक और महत्वपूर्ण कारक होगा। अभ्यास में पहले से ही उन्हें प्रभावित करने वाले युवाओं का खुलासा करते हुए, रिकी ने कहा कि प्रियांश आर्य, मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए हमारे लिए एक बहुत ही खास संभावित सलामी बल्लेबाज है। हम अपने विदेशी मेकअप के साथ किस तरह से आगे बढ़ते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह बहुत ही रोमांचक है। सूर्यांश शेज भी ऐसे खिलाड़ी हैं जो अब तक हमारे प्रशिक्षण में बहुत प्रभावशाली रहे हैं। हेड कोच ने आगे कहा कि जब मैं ऊर्जा और मस्ती की बात करता हूं, तो एक और खिलाड़ी जिससे मैं प्रभावित हूं, वह है मुशीर खान। वह पहले से ही समूह में बहुत कुछ लेकर आया है। उसका रवैया बहुत ही आकर्षक है, और प्रशिक्षण मैदान और टीम के आसपास अब तक, वह ऐसा व्यक्ति रहा है जिसके साथ काम करने में मुझे बहुत मज़ा आया है। पोंटिंग ने बताया कि कैसे वह युवाओं के लिए सही उदाहरण स्थापित करने के लिए विदेशी अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा करते हैं क्योंकि युवा उनसे प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ दिया कि वे सही उदाहरण पेश करें। क्योंकि बहुत से युवा घरेलू भारतीय खिलाड़ी विदेशी लड़कों को आदर्श मानते हैं और अगर विदेशी लड़के सही काम नहीं कर रहे हैं, तो युवा भारतीय खिलाड़ियों के लिए भी सही काम न करना आसान है। इसलिए मैं विदेशी खिलाड़ियों को नेतृत्व करने करने के लिए सशक्त बनाता हूं। इंडियन प्रीमियर लीग के सीजन 18 के लिए किंग्स का अभियान 25 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ शुरू होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक और मैच के बाद, वे अपने घरेलू मैदान- न्यू पीसीए स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दो घरेलू मैच खेलने के लिए वापस आएंगे।

# आईपीएल पहला मुकाबला : कोलकाता ने दिया बेंगलुरु को 175 रन का लक्ष्य

**कोलकाता।** आईपीएल-18 के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरबसीबी) को जीत के लिए 175 रन का टारगेट दिया।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोल. काता ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 174 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 31 बाल पर 56 रन की पारी खेली। जबकि सुनील नरेन ने 26 बाल पर 44 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी ने 30 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु से क्रुणाल पंड्या ने तीन विकेट लिए। जोश हेजलवुड को दो विकेट मिले। यश दयाल, रसिख सलाम और सुयश शर्मा को एक-एक विकेट मिला। पारी के आखिरी ओवर में जोश हेजलवुड ने 5 रन खर्च दिए। इस ओवर में एक विकेट भी आया। हेजलवुड ने



हर्षित राणा को पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में कोलकाता ने 7वां विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यश दयाल ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। 18वें ओवर में अंगकृष रघुवंशी ने जोश हेजलवुड की बाल पर 90 मीटर का छक्का मारा। 16वें ओवर के बाद आरबसीबी ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग किया। यहां सुयश शर्मा की जगह देवदत्त पडिक्कल को बुलाया गया। 16वें ओवर में कोलकाता ने 6 विकेट गंवाया। सुयश शर्मा ने आंद्रे रसेल (4 रन) को बोल्ड कर दिया। इसी ओवर में टीम ने 150 रन का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। 15वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया।

# राजस्थान के खिलाफ मजबूत इरादों से अभियान का आगाज करेगा हैदराबाद

■ पैट कमिंस की अगुआई में हैदराबाद की टीम पूरी तरह संतुलित

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद रविवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान की शुरुआत करेगा। पिछले साल शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद घरेलू टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फाइनल में लड़खड़ा गई थी, लेकिन अब वह मजबूत शुरुआत करना चाहेगी। इस बीच राजस्थान रॉयल्स, जो हैदराबाद से दूसरे क्वालीफायर में बाहर हो गई थी, इस मुकाबले में जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। हैदराबाद का इस मैदान पर शानदार रिकॉर्ड रहा है, पिछले सीजन में वह यहां सिर्फ एक बार हारी थी। पिछले तीन मुकाबलों में जीत दर्ज करके वे राजस्थान पर मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। दूसरी ओर, राजस्थान को अपने गेंदबाजी आक्रमण पर लचता है और उम्मीद है कि उनकी बल्लेबाजी लाइनअप इसकी भरपाई कर सकेगी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गें. दबाज पैट कमिंस की अगुआई में हैदराबाद की टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में गहराई है। उम्मीद है कि कलमस आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे और अपनी टीम को जीत की ओर ले जाएंगे। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी मजबूत नींव रखने की कोशिश करेगी। ईशान किशन मध्यक्रम की कमान संभालेंगे, जबकि नीतीश रेढी और सचिन बेबी टीम को स्थिरता प्रदान करेंगे। खेल के सबसे बेहतरीन फिनिशरों में से एक हेनरिक क्लासेन पारी के अंतिम चरण में वियान मुल्डर और अभिनव मनोहर के साथ अहम भूमिका निभाएंगे।

# अल्काराज़ दूसरे दौर में ही बाहर

■ मियामी ओपन के दूसरे दौर में गॉफनि के हाथों मिली करारी हार

**फ्लोरिडा, वार्ता।** डेविड गॉफ़नि से मिली आश्चर्यजनक हार के साथ कार्लोस अल्काराज़ ने मियामी ओपन के दूसरे दौर में ही बाहर हो गये। चार बार के मेजर चैंपियन अल्काराज़ को बेल्जियम के विश्व में 55वें नंबर के खिलाड़ी गॉफ़नि ने 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। स्पेन के अल्काराज़ ने 2022 में मियामी ओपन का खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते इंडियन वेल्स के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे थे।

21 वर्षीय अल्काराज़ ने कहा कि मुझे लगा कि मैं अच्छा टेनिस खेलूंगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मेरे कदम ठीक नहीं चल रहे थे। मैं न तो घायल था और न ही बीमार। मैच से पहले मैं बिल्कुल फिट महसूस कर रहा था। सही मायनो में सामान्य तौर पर मेरा प्रदर्शन खराब



रहा। इसके विपरीत, एक अन्य मैच में नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के रिंगकी हिजिकाटा पर 6-0, 7-6 (7-1) की जीत के साथ अपने तीन मैचों की हार का सिल. सिला तोड़ दिया। अल्काराज़ ने गॉफ़नि के खिलाफ़ 42 अनफोर्स्ड एरर किए, जो दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी को हराने वाले शीर्ष-30 से बाहर के पहले खिलाड़ी हैं। गॉफिन ने कहा कि यह ऐसी रात है जिसे मैं निश्चित रूप से याद रखूंगा। अल्काराज के खिलाफ़ और ऐसे स्टेडियम में जीत हासिल करना अविस्मणीय है।

# शंगुमन ने एथलेटिक्स में जीता पहला स्वर्ण



**नई दिल्ली, वार्ता।** तमिलनाडु के रमेश शंगुमन ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा में पहला स्वर्ण जीता। आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपनी जीत को लेकर साई मीडिया से बातचीत में शंगुमन ने कहा कि मैंने अपने जीवन में बहुत संघर्षों का सामना किया है। मुझे कुछ हासिल करना है। हर दिन बस आता है और चला जाता है। लेकिन मुझे अपना नाम बनाने की इच्छा थी। मुझे खुद को साबित करना है। मैं हर दिन खुद को प्रेरित करता हूं। अब मेरे माता-पिता बहुत खुश हैं। 2023 में पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स में मैंने कांस्य पदक जीता था लेकिन इस बार मैंने स्वर्ण पदक जीता। मेरा परिवार मेरा बहुत बड़ा सहारा है। उनके बिना, मैं पदक विजेता नहीं बन पाता। उधर, इंदिरा गांधी स्टेडियम में पैरा बैडलमटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन को पेरिस पैराललपियन नितेश कुमार और टोक्यो पैराललपिक स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर जैसे खिलाड़ियों ने अपना दबदबा दिखाते हुए कुछ रोमांचक मुकाबले खेले।

पेरिस 2024 के स्वर्ण पदक विजेता नितेश कुमार ने अपने वर्ग में फाइनल में जगह बनाई, जबकि कृष्णा नागर ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के अन्य शीर्ष नाम नित्या श्री और पलाल कोहली भी अपने-अपने वर्गों में आगे बढ़े।

### आज के परिणाम

एथलेटिक्स, पुरुष डिस्कस थ्रो एफ11

मोनू घंगास (हरियाणा) ने स्वर्ण , सागर (हरियाणा) रजत, प्रवीण शर्मा (राजस्थान) कांस्य पदक जीते।

पुरुष शॉट पुट एफ40/एफ41

रवि रोंगाली (आंध्र प्रदेश) स्वर्ण, अभिषेक (हरियाणा) रजत, मनोज सिंगराजा (तमिलनाडु) कांस्य पदक जीते।

पुरुष 100 मीटर दौड़ टी-13

चैतन्य विजय पाठक (महाराष्ट्र) स्वर्ण, मीत तधानी (गुजरात)रजत, कलाराम पटेल (छत्तीसगढ़) कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की 100 मीटर दौड़ टी35 फ़ाइनल

विपिन (उत्तर प्रदेश) स्वर्ण, जतिन सिंह (दिल्ली) रजत, रवि कुमार (उत्तर प्रदेश) ने कांस्य पदक जीता।

पुरुषों की 100 मीटर दौड़ टी36

चिराग (दिल्ली) स्वर्ण, अर्पित शर्मा (मध्य प्रदेश) रजत, हरियाणा ने एथलीट ने कांस्य पदक जीता।

महिला शॉट पुट एफ53/एफ54

कीर्तिका जयचंद्रन (तमिलनाडु) स्वर्ण, कंचन लखानी (हरियाणा) रजत, गीता कन्नन (तमिलनाडु) ने कांस्य पदक जीता।

बैडमिंटन मुकाबलों में परिणाम इस प्रकार रहे:-

कृष्णा नागर ने एमएस एसएच 6 में क्वार्टर फाइनल चरण में महेश को 21-3, 21-6 से हराया

मनदीप कौर ने डब्लूएस एसएल 3 में सेमीफाइनल में संजना कुमारी को 21-12, 21-18 से हराया।

# गार्डनर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर

■ टी- 20 मैच के दौरान एश्ले की अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है

**ऑकलैंड, वार्ता।** अंगुली में चोट की शिकार ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की प्रमुख ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर न्यूजीलैंड दौरे के खिलाफ श्रृखंला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गई है। शुक्रवार को पहले टी-20 मैच के दौरान उनकी दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है। स्कैन में इसकी पुष्टि हो गई है।

जिसकी वजह से गार्डनर शेष मैच नहीं खेल पायेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि की है। गार्डनर 17वें ओवर में खुद की गेंद पर रिर्टन कैच लेने के प्रयास में चोटिल हो गईं थी जिसके बाद सोफी डिवाइन ने उनकी गेंदों पर जबरदस्त प्रहार किया। गार्डनर अब आगे के स्कैन की प्रक्रिया से गुज. रेंगी और सिडनी लौटने पर विशेषज्ञ की सलाह लेंगी। गार्डनर की



अनुपस्थिति में, अनकैप्ड ऑलराउंडर चार्ली नॉट को 23 मार्च को खेले जाने वाले दूसरे टी-20 में मौका दिया गया है। क्वींसलैंड की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को उनके घरेलू मैचों में बेहतर प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए अवसर दिया गया है।, जिन्होंने 2024-25 महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग सीज़न में 542 रन बनाए और 12 विकेट लिए। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने महिला बिग बैश लीग के 10वें संस्करण में भी अपनी लय बरकरार रखी, जहां उन्होंने ब्रिस्बेन हीट के लिए 187 रन बनाए और छह विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड के 137/2 के स्कोर को आसानी से मात्र 13-3 ओवर में जीत हासिल कर ली। मेली केर ने 46 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाकर पारी की शुरुआत की, जबकि पूर्व कप्तान सोफी डिवाइन ने 39 रन का योगदान दिया, हालांकि बीच के ओवरों में दोनों को रन बनाने में दिक्कत हुई।

इसके विपरीत, ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार जीत की ओर अग्रसर रही, जिसमें सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (75 नाबाद) और जॉर्जिया वोल (50) ने मात्र 66 गेंदों पर 123 रन की साझेदारी करके जीत सुनिश्चित की और मेजबान टीम को सीरीज में 1-0 से आगे कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की नयी टी-20 टीम में ताहलिया मैकग्राथ (कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना लकग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम शामिल हैं।

# मध्य प्रदेश, हरियाणा और मिजोरम ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में जीत दर्ज की

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 के अंतिम चरण के तीसरे दिन शुक्रवार को मध्य प्रदेश, हरियाणा और मिजोरम ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये पहले मैच में मध्य प्रदेश ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को पूल ए में 1-0 से हराया।

मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन अंततः स्नेहा पटेल ने (42वें) मिनट में गोलकर मध्यप्रदेश को बढ़त दिला दी। यह मैच का विजयी गोल साबित हुआ। यह मध्य प्रदेश की टूर्नामेंट में दूसरी जीत है और पूल स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। अगले मैच में हरियाणा ने हॉकी बंगाल को 2-0 से हराया। हॉकी हरियाणा के लिए सेजल ने (52वें) और सुप्रिया ने (59वें) मिनट में एक-एक गोल करके तीन मैचों में से अपनी तीसरी जीत हासिल की। घ्इसके साथ ही हॉकी हरियाणा ने पूल स्टैंलडग में शीर्ष स्थान बनाए रखा है। आज के दूसरे मैच में मिजोरम ने पूल 'ए' में मणिपुर को 4-0 से हराया। मिजोरम के लिए वनलालरिंगहुई ने (27वें) मिनट, बी-लालरिनपुई ने (29वें) मिनट, मंगलावमसंग ने (40वें) और के वनलालपेकी ने (60वें) मिनट में एक-एक गोल करके टूर्नामेंट में एक और जीत हासिल की। मणिपुर को हराने के बाद मिजोरम अब पूल स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

### हमास समर्थक भारतीयों पर कार्रवाई के बाद गाइडलाइन जारी

# अमेरिकी कानून मानें छात्र: भारत सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत** सरकार ने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के लिए गाइडलाइन जारी की है। सरकार ने कहा है कि छात्र अमेरिकी कानूनों का पालन करें। दरअसल, अमेरिकी सरकार विदेश नीति का विरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई कर रही है। इसे देखते हुए सरकार ने ये गाइडलाइन जारी की है। बीते दिनों एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को हमास का प्रोपेगैंडा फैलाने और इजराइल का विरोध करने के चलते गिरफ्तार किया गया था। वहीं, एक छात्रा रंजनी श्रीनिवासन के फलस्तीन समर्थक रैली में शामिल होने के चलते उसका वीजा रद किया गया था। इसके बाद उसने खुद ही अमेरिका छोड़ दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि दोनों ही छात्र ने मदद के लिए अमेरिका में भारतीय दूतावास से संपर्क नहीं किया था।

विदेश मंत्रालय बोला: परेशानी हो तो भारतीय छात्र दूतावास से संपर्क करें। जायसवाल ने कहा कि सूरी को गिरफ्तार किए जाने को लेकर न तो अमेरिकी सरकार ने जानकारी दी, न ही सूरी ने हमसे संपर्क किया। इसकी जानकारी हमें मीडिया रिपोर्ट्स से मिली है। उन्होंने कहा कि रंजनी श्रीनिवासन के मामले में भी हमें मीडिया से पता चला कि वो अमेरिका छोड़कर कनाडा चली गई हैं। जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी रही है और भारत सरकार अमेरिका के साथ शैक्षिक रिश्तों को मजबूत करना चाहता है। अगर किसी भारतीय छात्र को कोई परेशानी हो तो भारतीय दूतावास उनकी मदद और सुरक्षा के लिए मौजूद है। अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया था। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपेगैंडा फैलाने और संगठन से जुड़ी आतंकी से रिश्ता रखने का आरोप है। अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में पोस्ट डॉक्टोरल फैलो के रूप में पढ़ाई कर रहा है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग में सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि सूरी सक्रिय तौर पर हमास का प्रचार कर रहा था। हालांकि, सूरी के डिपोर्टेशन (देश से निकाले जाने) पर अमेरिकी अदालत ने रोक लगा दी है। वर्जीनिया कोर्ट की जज ने आदेश दिया कि सूरी को तब तक अमेरिका से नहीं निकाला जाएगा, जब तक अदालत इससे जुड़े आदेश जारी नहीं करती। बदर सूरी और उनकी पत्नी मफज सालेह की मुलाकात 2011 में हुई थी। बदर खान सूरी के वकील ने उन पर लगे आरोपों को खारिज किया है। वकील ने अदालत में दायर एक याचिका में कहा कि सूरी को निशाना इसलिए बनाया जा रहा है, क्योंकि उनकी पत्नी एक फलस्तीनी हैं। उनकी गिरफ्तारी का मकसद फलस्तीनी अधिकारों का समर्थन करने वाले लोगों की आवाज को दबाना है। वकील ने अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेज में कहा कि न तो विदेश मंत्री मार्को रुबियो और न ही किसी अन्य सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया है कि सूरी ने कोई अपराध किया है या वास्तव में कोई कानून तोड़ा है। उन्होंने अपने विचार रखे हैं, जो कि पूरी तरह से संवैधानिक हैं। सूरी की पत्नी का नाम मफज सालेह है। सूरी 2011 में लोगों की मदद के लिए गाजा पहुंचे थे, इस दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी।



- भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का फलस्तीन समर्थक रैली में शामिल होने के चलते वीजा रद किया गया
- विदेश मंत्रालय ने कहा: परेशानी हो, तो भारतीय छात्र दूतावास से संपर्क कर समस्या से अवगत कराएं

## टेस्ला कार तोड़ने वालों को जेल भेजेंगे ट्रम्प

- कहा: ये कैपिटल हिल दंगे से भी बदतर, दोषियों को सजा के लिए अल-सल्वाडोर भेजा जाएगा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग ऐसा करते हुए पकड़े जाएंगे, उन्हें अल-सल्वाडोर की जेल में भेज दिया जाना चाहिए। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ट्रुथ पर लिखा: मैं उन बीमार आतंकी गुडों को 20 साल की जेल की सजा मिलते हुए देखना चाहता हूं, जो टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शायद उन्हें अल-सल्वाडोर की कुख्यात जेल में सजा दी जाएगी। एक और पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा: हम आपको ढूंढ़ रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि टेस्ला को नुकसान पहुंचाने की कोशिश एक आतंकी काम है, जो 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल हिल (संसद) में हुए घातक दंगे से भी बदतर है। अल सल्वाडोर में दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक जेल है। अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने अपराधियों को डराने के लिए इस जेल को साल 2023 में बनवाया था।



श्रीनगर। अपनी सेवाओं को नियमित करने और वेतन में वृद्धि सहित अपनी लंबित मांगों के समर्थन में विरोध मार्च के दौरान आंगनवाड़ी और आशा कार्यकताओं को रोकती पुलिस।

## डेनेपर समूह ने 70 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया

### रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने अपने क्षेत्र में 47 यूक्रेनी ड्रोन को जमीन दिखाई

मास्को, वार्ता



**रूस** के 'डेनेपर' सैन्य दल ने लगभग 70 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है। समूह के प्रवक्ता रोमन कोड्रियन ने कहा कि 'डेनेपर' सैन्य दल की इकाइयों ने अपनी सामरिक स्थिति में सुधार किया है।

उन्होंने कामेंस्कोय, प्रिडनेप्रोवस्कॉय, वेलिटेन्स्कोय और एंतोनोव्का क्षेत्रों में यूक्रेनी सशस्त्र बलों की पर्वतीय हमला ब्रिगेड और चार तटीय रक्षा ब्रिगेड के सैनिकों और सैन्य उपकरणों को नष्ट कर दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि 70 सैनिक, पांच वाहन, एक फील्ड आर्टिलरी गन, एक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध स्टेशन और एक गोला-बारूद डिपो नष्ट कर दिए गए हैं। वहीं रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने शुक्रवार रात आठ क्षेत्रों, आजोव सागर और काला सागर में 47 यूक्रेनी ड्रोन को रोक कर नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 47 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को रोक दिया और उन्हें नष्ट कर दिया। वोरोनिश क्षेत्र में 12 , बेलगोरोद क्षेत्र में 11, रोस्तोव क्षेत्र में छह, वोल्गोग्राद क्षेत्र में चार, आस्ट्राखान क्षेत्र में तीन, ब्रांस्क, कुर्स्क और समारा क्षेत्रों में एक-एक, काला सागर के पानी में सात और आजोव सागर के ऊपर एक ड्रोन को मार गिराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेरू में खदान ढहने से चार लोगों की मौत

**लीमा।** दक्षिणी पेरू में एक खदान ढहने से चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि यह दुर्घटना 18 मार्च को पुनो क्षेत्र के एक उच्च ऊंचाई वाले खनन शहर ला रिन्कोनाडा में सांता मारिया-लूनर डे ओरो खदान में हुई। सरकारी समाचार एजेंसी एंडिना के अनुसार, खदान के अंदर तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि चौथे की मौत मेडिकल सेंटर ले जाते समय हुई। बचाव अभियान अत्यंत कठिन परिस्थितियों में चलाया गया, जिसमें बचाव दल को शवों को निकालने के लिए लगभग 300 मीटर नीचे उतरना पड़ा। स्थानीय अभियोजक फ्रेडी कोंडोरी ने खदान ढहने के कारणों और संभावित जवाबदेहियों की जांच शुरू कर दी है।

### अफगानिस्तान में हथगोला हमले में 18 लोग घायल

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के दक्षिणी प्रांत हेलमंद में शुक्रवार को हथगोला हमले में 18 लोग घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि यह घटना गेरेशक जिले के जाला बाजार इलाके में हुई, जब शुक्रवार को दो भाई किसी मुद्दे पर झगड़ रहे थे और इसी दौरान एक भाई के बेटे ने हथगोला फेंक दिया। बयान में कहा गया कि हमले के कारण दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बयान में कहा गया कि पुलिस ने जांच के लिए संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। मामले की विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी है।

### लापता विदेशी पर्वतारोही फिलीपींस में मिले

**मनीला।** मध्य फिलीपींस के एक ज्वालामुखी पर्वत पर ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए छह विदेशी पर्वतारोही मिल गए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि तीन जर्मन के नागरिक, एक रूसी नागरिक, एक ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग आठ बजे माउंट टैलिनिस पर चढ़ने के लिए निकले थे, जो माउंट टैलिनिस, नेग्रोस ओरिएंटल प्रांत के वालेंसिया शहर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। बाद में, गुरुवार को उनके लापता होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद, बचाव अभियान चलाया गया। दो यात्रियों को शुक्रवार सुबह बचाया गया, जबकि बाकी को शनिवार दोपहर को बचाया गया। पुलिस ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है।

# पहली बार इजरायल के खुफिया चीफ किए गए बर्खास्त

### प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुफिया ऐजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार को टर्मनेट किया



तेल अवीव, वार्ता

**इजरायल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुफिया एजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार को बर्खास्त कर दिया है। शुक्रवार को कैबिनेट ने नेतन्याहू के फैसले का सर्वसम्मति से समर्थन किया। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी घोषणा की। हालांकि इजरायल के सर्वोच्च न्यायालय ने रोनन की बर्खास्तगी पर अस्थायी रोक लगा दी है।

अदालत ने कहा कि बर्खास्तगी पर तब तक रोक रहेगी जब तक कि इस मामले पर 8 अप्रैल से पहले सुनवाई नहीं हो जाती। इजरायल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब सरकार ने घरेलू सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख को उसके पद से हटाया है। शिन बेट चीफ के तौर पर रोनन का आखिरी दिन 10 अप्रैल होगा।

**रोनन बोले: नेतन्याहू देश को कमजोर कर रहे**



इससे पहले सरकार ने उनकी बर्खास्तगी के लिए 20 अप्रैल की तारीख तय की थी, जिसे बदल दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि अगर रोनन की जगह नई नियुक्ति हो जाती है तो वे उससे पहले भी पद छोड़ सकते हैं। रोनन को पद से हटाने के लिए कैबिनेट की बैठक शुरू हुई थी। इस बैठक में नेतन्याहू ने कहा 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद उन्होंने रोनन पर से भरोसा खो दिया। रोनन एजेंसी को फिर से मजबूत करने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं। नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि हमास के साथ बंधकों की रिहाई से जुड़ी बातचीत में रोनन का नजरिया नरम था और वे आक्रामक नहीं थे। उन्होंने दावा किया किजब से रोनन की जगह शिन बेट के एक दूसरे सीनियर अधिकारी को बातचीत में शामिल किया है, तब से सूचनाओं के लीक होने में भारी कमी आई है और सफल वार्ताओं के जरिए हम बंधकों को छुड़ाने में कामयाब हुए हैं। हालांकि जनवरी हमास के साथ हुई सीजफायर और बंधकों की रिहाई की डील के वक्त रोनन बातचीत में शामिल थे। उन्हें टीम से नहीं हटाया गया था। कैबिनेट बैठक के दौरान शिन बेट ने मंत्रियों को रोनन का पत्र भेजा। इसमें उन्होंने बैठक में शामिल होने से इनकार करते हुए हुए अपनी बर्खास्तगी को खारिज किया। रोनन ने सरकार के आरोपों को बेबु. नियाद बताते हुए कहा कि यह शिन बेट के कार्यों को बाधित करने का प्रयास है।

### इजरायल ने मध्य सीरिया में दो हवाई ठिकानों पर हमले किए

**यरूशलम।** इजरायल ने शुक्रवार रात को मध्य सीरिया के होम्स गवर्नरेट में पाल्मेरा और तियास (टी4) सैन्य हवाई ठिकानों पर 'सैन्य रणनीतिक क्षमताओं[ पर हमले किये। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। देश के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज चैनल ने बताया कि इजरायली वायु सेना के खुफिया विभाग ने ठिकानों पर हथियारों और रणनीतिक क्षमताओं को ट्रैक किया था, जो असद शासन के नियंत्रण में थे। सीरिया की बशर अल असद सरकार का पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में पतन हो गया था। चैनल के अनुसार, इजराइली युद्धक विमानों ने क्षेत्र में वायु सेना की हवाई श्रेष्ठता को बनाए रखने के लिए एक व्यापक हमले में इन क्षमताओं को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने कहा कि वह इजरायल के नागरिकों के लिए किसी भी खतरे को दूर करने के लिए कार्रवाई करना जारी रखेगा। इजरायल के हारेत्ज अखबार ने अरब मीडिया आउटलेट्स के हवाले से बताया कि हमले में सीरियाई रक्षा मंत्रालय के दो कर्मचारी घायल हो गए।

## हुमायरा को वापस पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर में भारतीय सीमा में प्रवेश करने के प्रयास में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा हिरासत में ली गयी पाकिस्तान की महिला हुमायरा को वापस पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि गत 17 मार्च को सुबह करीब पांच बजे बीएसएफ के जवानों ने उसे विजय चौकी के पास पकड़ा था। वह पाकिस्तान की सीमा से जीरो लाइन पार करके भारत की सीमा में 100 मीटर अंदर तारबंदी के पास आ गयी थी। उससे संयुक्त जांच एजेंसियों ने कड़ी पूछताछ की। उसने पूछताछ में बताया कि वह दो बच्चों की मां है और घरेलू हिसा से परेशान होकर भारत आई। वह अरब देशों में शरण लेना चाहती थी, लेकिन उसके पति ने उसके दस्तावेज नहीं दिए। इंटरनेट पर उसने भारत आने के तरीके देखे और उसी के अनुसार वह तारबंदी तक आ गई।

# इजरायल से युद्ध विराम और वार्ता वापसी की मांग

### जारी संघर्ष के बीच रिहा किए गए 42 बंधकों के परिजनों ने उठाई आवाज




यरूशलम, वार्ता

**इजरायल** और गाज़ा के बीच जारी संघर्ष के बीच रिहा किए गए 42 बंधकों के परिजनों और गाज़ा में अभी भी बंधक बनाए गए लोगों के 250 से अधिक रिश्तेदारों ने एक पत्र जारी करके तत्काल युद्ध विराम और वार्ता की वापसी की मांग की है। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों पर संघर्ष को लंबा करने के लिए बंधकों का बलिदान देने का आरोप लगाया।

इस पत्र पर रिहा किए गए बंधकों और 59 बचे हुए कैदियों के परिवारों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसमें युद्ध समाप्त करने और गाज़ा के लिए युद्ध-पश्चात योजना तैयार करने के बदले में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक समझौते की मांग की गई है। पत्र में आरोप लगाया गया कि इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण बंधकों की जान खतरे में पड़ी है और दावा किया कि अब तक 41 बंधक इजरायली रणनीति के चलते मारे जा चुके हैं। इस पत्र में कहा गया कि इजरायली सरकार बंधकों को बचाने और वापस लाने के बजाय अंतहीन युद्ध को चुन रही है, जिससे वे अपनी मौत के मुंह में जा रहे हैं। यह एक आपराधिक नीति है, आपको 59 बंधकों का बलिदान देने का कोई अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बार-बार कहा है कि सैन्य दबाव ही बंधकों को छुड़ाने का मुख्य तरीका है, लेकिन परिवारों ने इस दावे को 'लापरवाह' बताते हुए खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान 240 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया गया था, जिसमें इज़रायल में 1200 लोग मारे गए थे। इसके बाद 17 महीने तक चले संघर्ष में गाजा में 48 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। उन्नीस जनवरी को हमास के साथ शुरू हुआ युद्धविराम टूटने के बाद इजरायल ने मंगलवार को गाजा में हमले फिर से शुरू किए। इसके बाद इजरायली सेना ने दक्षिणी, उत्तरी और मध्य गाजा में जमीनी अभियान शुरू किए। गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा कि शुक्रवार के हवाई हमलों में 11 लोग मारे गए, तथा नए हमलों में मरने वालों की कुल संख्या छह सौ से अधिक हो सकती है, तथा एक हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में रॉकेट लांचर पर किया हमला

**यरूशलम।** इजरायली सेना के लड़ाकू विमानों ने उत्तरी गाजा में एक रॉकेट लांचर पर हमला किया। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह कार्रवाई गाजा से इजरायली क्षेत्र की ओर दो रॉकेट दागे जाने के कुछ घंटे बाद की गई। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, इस रॉकेट लांचर को हमास ने जानबूझकर उत्तरी गाजा के अल-फुरकान में एक मानवीय क्षेत्र के पास रखा था। उन्होंने कहा कि हमले से पहले नागरिक हताहतों की संख्या कम करने के लिए कई कदम उठाए गए, जिनमें हवाई निगरानी, खुफिया जानकारी एकत्र करना और सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग शामिल था। गाजा से दागे गए दो रॉकेट, जिनका निशाना तटीय शहर अश्कलोन था, इजरायली वायु रक्षा प्रणाली की ओर से मार गिराए गए, जिससे कोई हताहत या नुकसान नहीं हुआ।

## 19 सितंबर को रिलीज होगी जॉली एलएलबी-3



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जोड़ी वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3, 19 सितंबर को रिलीज होगी। फिल्म जॉली एलएलबी 2013 में रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की सफलता के बाद इसका सीक्वल वर्ष 2017 में रिलीज हुआ, जिसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में नजर आए। अब जॉली एलएलबी 3 अक्षय और अरशद दोनों सितारे साथ नजर आएंगे। फिल्म जॉली एलएलबी 3 की रिलीज डेट सामने आ गई है। सुभाष कपूर निर्देशित यह फिल्म इस साल 19 सितम्बर को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में अक्षय और अरशद के साथ सौरभ शुक्ला और हुमा कुरैशी भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक्स पर फिल्म की रिलीज डेट शेयर की। उन्होंने लिखा, अक्षय कुमार-अरशद वारसी की जॉली एलएलबी 3 की रिलीज डेट लॉक हो गई। वायकॉम 18 स्टूडियोज ने 19 सितंबर 2025 को बहुप्रतीक्षित फिल्म जॉली एलएलबी 3 के लिए रिलीज डेट लॉक कर दी है, जो फ्रेंचाइजी की सबसे बड़ी फिल्म है। स्टार्स-अक्षय कुमार (जॉली मिश्रा के रूप में) और अरशद वारसी (जॉली त्यागी के रूप में), निर्देशक सुभाष कपूर हैं।

## अमेरिकी सेना ने यमन के सादा प्रांत पर हवाई हमले किए

- हमलों ने प्रांत के पश्चिम में सकायन जिले को निशाना बनाया

**सना।** अमेरिकी सेना ने शुक्रवार शाम को यमन के उत्तरी सादा प्रांत पर हवाई हमले किए। हूमी द्वारा संचा. लित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी।

रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलों ने प्रांत के पश्चिम में सकायन जिले को निशाना बनाया लेकिन कोई और विवरण नहीं दिया। हूती शायद ही कभी हताहतों की संख्या या भौतिक नुकसान का खुलासा करते हैं। सादा प्रांत हूती समूह का मुख्य गढ़ है। नवीनतम हमले राजधानी सना सहित उत्तरी यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों पर अमेरिकी हमलों का लगातार सातवां दिन है। अल-मसीरा टीवी के अनुसार शुक्रवार को पहले अमेरिकी सेना ने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेदाह के दक्षिण में अत-तुहायता जिले के तटीय क्षेत्र अल-फजाह पर छह हवाई हमले किए। हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। देश में 2014 में गृहयुद्ध छिड़ने के बाद से हूती विद्रोहियों ने सना सहित उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया है। हूती और अमे. रिकी सेना के बीच तनाव तब और बढ़ गया जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन पर नए हवाई हमले शुरू किए। इससे पहले हूती समूह ने धमकी दी थी कि जब तक गाजा में मानवीय सहायता की अनुमति नहीं दी जाती, तब तक वे इजरायली ठिकानों पर हमले फिर से शुरू करेंगे।

### संदिग्ध इजरायली हवाई हमलों में सीरिया में सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**दमिश्क।** संदिग्ध इजरायली युद्धक विमानों ने मध्य प्रांत होम्स में पल्मायरा सैन्य हवाई अड्डे और आस-पास के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। स्थानीय अल- एखबरिया टीवी ने यह जानकारी दी। कथित तौर पर हमलों में प्राचीन शहर पल्मायरा के करीब सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। नुकसान की सीमा और हताहत हुए या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

## आमिर खान ने लिट्टी चोखा को दिलाई देशभर में पहचान



मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान लिट्टी चोखा के बड़े फैन हैं। लिट्टी चोखा का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। बिहार की यह खास डिश अपने जबरदस्त स्वाद और देसी अंदाज के लिए पूरे देश में मशहूर है। लिट्टी असल में गेहूं के आटे से बनी होती है, जिसमें सत्तू, सरसों का तेल और मसाले भरे जाते हैं। इसे कोयले या उपलों की धीमी आंच पर सेंका जाता है, जिससे इसका स्मोकी फ्लेवर और भी निखर जाता है। अब बात करें चोखे की तो यह उबले आलू, भुने बैंगन और टमाटर को मसालों के साथ मैश करके बनाया जाता है। लिट्टी को जब चोखे के साथ खाया जाता है तो इसका स्वाद लाजवाब हो जाता है। बिहार की गलियों से लेकर बड़े होटलों तक, लिट्टी चोखा का जलवा हर जगह कायम है। आज बिहार दिवस के मौके पर यदि लिट्टी चोखा का मजा न लिया जाए, तो कुछ अधूरा सा लगता है। यह डिश न सिर्फ आम लोगों बल्कि सेलिब्रिटीज के बीच भी काफी पॉपुलर है। खुद बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान इसके बड़े फैन हैं। कहा जाता है कि उन्होंने इस आइकॉनिक डिश को मशहूर करने में अहम भूमिका निभाई है। आमिर खान की लिट्टी चोखा के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। पटना दौरे के दौरान उन्होंने सड़क किनारे एक दुकान पर जाकर बिहार की इस मशहूर डिश का लुत्फ उठाया था। अपने प्यार का इजहार करते हुए उन्होंने कहा था, इसका स्वाद अनोखा होता है, मुझे लिट्टी चोखा खाना बहुत पसंद है। दुकान मालिक के मुता. बिक, आमिर खान 2012 में भी यहां आए थे, और उनके आने के बाद दुकान की लोकप्रियता काफी बढ़ गई।

# इसाबेल व पुलकित की लव स्टोरी: हंसी, प्यार और थोड़ी सी मस्ती!



**मुंबई।** पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद, 16 मई को रिलीज होगी। फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद में पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म में पहली बार दर्शकों को पुलकित सम्राट और डेब्यूटेंट इसाबेल कैफ की फेश जोड़ी देखने को मिलेगी। जहां पुलकित सम्राट का चार्म, वही इसाबेल कैफ की नई स्क्रीन प्रेजेंस



दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है। यह फिल्म हास्य, रोमांस और एक भावनात्मक रूप से जुड़ने वाली कहानी का मिश्रण है, जो हर उम्र के दर्शकों के दिल को छूने का वादा करती है। पुलकित सम्राट ने कहा, मुझे एक अच्छी कहानी और बेहतरीन टीम का हिस्सा बनने की खुशी है। इस फिल्म से जुड़े निर्माताओं का इतना विश्वास देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने सारे अड़चनों और डेट बदलावों के बावजूद, हम आखिरकार इसे रिलीज़ करने जा रहे हैं। यह वर्षों की मेहनत और प्यार का नतीजा है, और अब मैं दर्शकों को यह फिल्म दिखाने का इंतजार नही कर सकता। इसाबेल कैफ, जो इस फिल्म में नूर की भूमिका निभा रही हैं, ने साझा किया, इस फिल्म का हिस्सा बनना एक शानदार अनुभव रहा। पुलकित और निर्देशक धीरज के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा।

हमने शूटिंग के दौरान बहुत अच्छा समय बिताया और मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। निर्देशक धीरज कुमार ने कहा, सुस्वागतम खुशामदीद प्यार और एकता का एक सशक्त संदेश देने वाली फिल्म है। यह फिल्म दर्शकों को यह याद दिलाने का काम करेगी कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती और मुझे पूरा यकीन है कि यह फिल्म हर दिल को छू जाएगी। फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद का निर्माण शरवण कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, धीरज, दीपक धर, अज़ान अली, सुनील राव ने किया है, जबकि जावेद देवरियावाले सह-निर्माता हैं।

## मैं बहुत खुश हूं अब मेरा घर पूरा लगता है: मुनव्वर

**मुंबई।** संगीतकार एवं कॉमेडियन मुनव्वर फ़ारूकी का कहना है कि शादी के बाद वह बहुत खुश हैं और उन्हें अब घर पूरा लगता है। मुनव्वर फ़ारूकी जो अपनी कॉमेडी, शायरी और सहज बुद्धि के लिए जाने जाते हैं, अपने जीवन के एक नए अध्याय को गले लगा रहे हैं, शादी से मिली खुशी और स्थिरता को संजो रहे हैं। पिछले साल मेहज़बीन के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद, उन्होंने हाल ही में इस बारे में बात की कि कैसे उनकी शादी ने उनके जीवन में शांति और सद्भाव लाया है। जिससे उन्हें वास्तव में सुकून मिला है। पूर्व अभिनेत्री सना खान के साथ उनके पॉडकास्ट पर एक दिल को छू लेने वाली बातचीत में, मुनव्वर ने बताया कि कैसे उनका जीवन बदल गया है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर. www.shahtimesnews.com

## जॉब अलर्ट

NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

### आवश्यकता है।

**पद :** एकाउन्टेंट
**स्थान :** मुजफ्फरनगर
**नौकरी का प्रकार :** पूर्ण कालिक
**नौकरी का विवरण:** एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
**योग्यता :** कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

### आवश्यकता है।

**पद :** कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
**स्थान :** मुजफ्फरनगर / देहरादून
**नौकरी का प्रकार :** पूर्ण कालिक
**नौकरी का विवरण:** एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
**योग्यता :** कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com

### आवश्यकता है।

**पद :** महिला रसोइया
**स्थान :** मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**नौकरी का प्रकार :** पूर्णकालिक
**नौकरी का विवरण:** हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- मुगलाई, कश्नन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थो की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

**योग्यताएँ:**
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

**कार्य समय:**
- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**सहायक प्रबंधक :** प्रिंट मीडिया
**स्थान :** मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**नौकरी का प्रकार :** पूर्णकालिक
**नौकरी का विवरण:** सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

**योग्यताएँ:**
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

**पद :** मार्केटिंग एजेंट
**स्थान :** दिल्ली
**नौकरी का प्रकार :** पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:**
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ :**
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

**योग्यताएँ:**
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

32 years of excellence in education
BEN-HUR PUBLIC SCHOOL
DEVOTION DEDICATION DETERMINATION
Estd. 1993
Please Contact For Any Query-
MR. JAIDEEP SINGH : 75996-55511
MR. PREM GANGWAR : 75997-55511
ADMISSION OPEN
For Class
PLAY GROUP, PRE-NURSERY, NURSERY & KG
REGISTRATION WILL BE CLOSED ON 28th MARCH 2025 AT 2:00PM
For Class I to IX & XI
BEN-HUR KIDS WORLD
A HOME AWAY FROM HOME
Estd. 2007
BEN-HUR GURUKUL
Estd. 2017
ADMISSION TEST
ON 29th MARCH 2025 AT 8:30 AM
FOR ALL THOSE STUDENTS WHO HAVE REGISTERED ON OR BEFORE 28th MARCH 2025
Please Contact For Any Query-
Mrs. MOHINI UPADHYAY : 97609-02428
Mrs. REENA SAXENA : 84106-04668
Please Contact For Any Query-
DR. NIRMAL KAUR : 70550-15020
Ms. PALLAVI PANDEY : 80776-28904
New Session Begins
From 3rd April 2025 (Thursday)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात
